

■ पश्चिम एशिया में तनाव से शेयर बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 852 अंक टूटा- 12



■ ईरान युद्ध अमेरिका की सेना पर भारी अब नौसेना प्रमुख ने दिया त्याग पत्र - 13



■ होर्मुज के बारूदी सुरंगों को हटाने में लग सकता है छह महीने का वक्त : पेंटागन - 13



■ 'मैदान पर आने से पहले होटल में ही छोड़ देता हूं अहंकार' - 14


आज का मौसम
41.0⁰ अधिकतम तापमान
24.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.40
सूर्यास्त 06.46

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी 07:22 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 21, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# हाईस्कूल में कशिश-अंशिका संयुक्त टॉपर, इंटरमीडिएट में शिखा अव्वल

**यूपी बोर्ड परीक्षाफल**

## बेटियों का जलवा, 10वीं में 90.42% और 12वीं में 80.38% विद्यार्थी सफल, 12वीं में दूसरे व तीसरे स्थान पर बरेली और बाराबंकी की बेटियां संयुक्त टॉपर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद के वर्ष 2026 के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिए गए। इस वर्ष भी बेटियों का शानदार प्रदर्शन कायम रहा। हाईस्कूल में सीतापुर की कशिश वर्मा और बाराबंकी की अंशिका वर्मा संयुक्त रूप से टॉपर बनीं, जबकि इंटरमीडिएट में सीतापुर की शिखा वर्मा ने प्रदेश में पहला स्थान, जबकि दूसरे व तीसरे स्थान पर बरेली और बाराबंकी की बेटियां संयुक्त टॉपर रहीं।

हाईस्कूल का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 90.42 रहा, जबकि इंटरमीडिएट में 80.38 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए। परीक्षा 22 फरवरी से 9 मार्च के बीच 8,265 केंद्रों पर आयोजित हुई थी और मूल्यांकन कार्य भी रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया। हालांकि पंजीकरण कराने के बावजूद लगभग 1.2 लाख छात्र (सभी वर्गों को मिलाकर) परीक्षा देने ही नहीं पहुंचे। अकेले विज्ञान वर्ग में ही 45,000 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। इस वर्ष हाईस्कूल में सीतापुर की कशिश वर्मा व बाराबंकी की अंशिका वर्मा ने 97.83 % अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया। दूसरे पर बाराबंकी की अदिति (97.50%) रहीं, जबकि तीसरे पर सीतापुर की अर्पिता, झांसी के ऋषभ साहू और बाराबंकी की परी वर्मा रहे। 12वीं में भी सीतापुर का दबदबा कायम रहा। यहां शिखा वर्मा ने 97.60 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर बरेली की नंदिनी गुप्ता और बाराबंकी की श्रेया वर्मा (97.20%) रहीं, जबकि तीसरे स्थान पर बरेली की सुरभि यादव और बाराबंकी की पूजा पाल (97%) ने जगह बनाई।



**प्रयागराज :** 10वीं और 12 वीं के परिणाम घोषित होने के बाद खुशी से झूम उठीं छात्राएं।

### मुख्यमंत्री योगी ने दी बधाई

परिणाम जारी होते ही मुख्यमंत्री योगी ने सभी टॉपर और सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। 'एक्स' पर अपने संदेश में लिखा कि यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों से भविष्य में भी इसी ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### बेटियों ने मारी 'हैट्रिक'

आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि हर वर्ग में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों से काफी बेहतर है। मानविकी वर्ग में जहां 81.06% लड़कियां पास हुईं, वहीं लड़कों का आंकड़ा महज 67.11% रहा। विज्ञान वर्ग में भी लड़कियों ने 90.44% रिजल्ट देकर लड़कों (76.79%) को पछाड़ दिया है। आंकड़ों ने स्पष्ट कर दिया है कि छात्राओं का दबदबा हर क्षेत्र में बरकरार है, जबकि स्ट्रीम के लिहाज से विज्ञान और कृषि विषयों में सफलता का प्रतिशत सबसे शानदार रहा है। परीक्षा परिणामों में कृषि भाग-2 के छात्रों ने 93.55% सफलता दर के साथ सबको पीछे छोड़ दिया है। वहीं, मुख्य स्ट्रीम्स की बात करें तो विज्ञान 82.15% छात्र सफल रहे।

### हाईस्कूल में टॉप-3


97.83%
कशिश वर्मा
सीतापुर


97.83%
अंशिका वर्मा
बाराबंकी


97.50%
अदिति
बाराबंकी


97.33%
अर्पिता
सीतापुर


97.33%
ऋषभ साहू
झांसी


97.33%
परी वर्मा
बाराबंकी

### इंटरमीडिएट में टॉप-3


97.60%
शिखा वर्मा
सीतापुर


97.20%
नंदनी गुप्ता
बरेली


97.20%
श्रिया वर्मा
बाराबंकी


97.00%
सुरभि यादव
बरेली


97.00%
पूजा पाल
बाराबंकी


10वीं 12वीं परिणाम की खबरें भीतर पढ़े


**ब्रीफ न्यूज**

### सीबीएसई की 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षाएं 15 से 21 मई तक होंगी

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने गुरुवार को 10वीं कक्षा की दूसरी बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया, जो 15 मई से 21 मई तक आयोजित होंगी। जारी डेटशीट के अनुसार, परीक्षा की शुरुआत 15 मई को गणित (स्टैंडर्ड और बेसिक) के पर्चे से होगी। इसके बाद 16 मई को अंग्रेजी (कम्युनिकेटिव) और अंग्रेजी (लैंग्वेज एंड लिटरेचर) की परीक्षा होगी। विज्ञान विषय की परीक्षा 18 को और 19 मई को भाषा और वैकल्पिक विषयों की परीक्षा निर्धारित की गयी है, जिसमें हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बांग्ला, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती तथा कई विदेशी भाषाएं शामिल हैं। इसी दिन गृह विज्ञान और कुछ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी होंगी। 20 मई को छात्र संस्कृत, चित्रकारी, सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की परीक्षा देंगे। इसके बाद 21 मई को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी।

### अमित जोगी की उम्रकैद की सजा पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी को राकांपा नेता रामावतार जग्गी की 2003 में हुई हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। राकांपा के नेता रामावतार जग्गी की 4 जून 2003 को रायपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस समय अजीत जोगी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री थे। हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल को जोगी को दोषी करार दिया और उन्हें उम्रकैद की सजा काटने के लिए तीन सप्ताह के भीतर जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था।

# बंगाल में 91.78% मतदान, आजादी के बाद सर्वाधिक, कई जगह हुई हिंसा

## पहले चरण में 152 सीटों पर वोटिंग, तमिलनाडु की 234 सीटों पर 84.29% मतदान

- बीरभूम, मुर्शिदाबाद, दिनाजपुर आसनसोल में झड़प की घटनाएं
- दिनाजपुर में भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु सरकार से हाथापाई

कोलकाता/चेन्नई, एजेंसी

प. बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार को बंपर वोटिंग हुई। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले फेज में 91.78% मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 84.29% वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के आंकड़े शाम 8 बजे तक हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि प. बंगाल में आजादी के बाद से अब तक का सर्वाधिक मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया है। बंगाल में 2011 में 84.72% मतदान दर्ज किया गया था। राज्य में दूसरे चरण के चुनाव में 142 सीट पर 29 अप्रैल को मतदान होगा। विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को एकसाथ आएंगे।

बंगाल में मतदान के दौरान बीरभूम, मुर्शिदाबाद, दिनाजपुर, आसनसोल में झड़प की घटनाएं हुई। कम से कम तीन उम्मीदवारों पर हमले हुए। निर्वाचन आयोग ने हिंसा के संबंध में अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। बीरभूम जिले के खारिसोल में अंतिम घंटों के दौरान तनाव काफी बढ़ गया, जब मतदाताओं ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में डाले गए वोट भाजपा के खाते में दर्ज हो रहे हैं। चुनाव अधिकारियों और नाराज मतदाताओं के बीच बहस छिड़ने के बाद स्थिति और बिगड़ गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों का एक समूह मतदान केंद्र के बाहर इकट्ठा हो गया और प्रदर्शन करने लगा। यहां स्थानीय लोगों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प हो गई। इससे पहले, दक्षिण दिनाजपुर के कुमारगंज में भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु सरकार के साथ उस समय हाथापाई की गई जब वह गड़बड़ी की खबरों के बाद एक मतदान केंद्र की ओर जा रहे थे।

शुभेंदु सरकार ने दावा किया कि पुलिस की मौजूदगी में उनकी पिटाई की गई और उनके वाहन में तोड़फोड़ की गई। वहीं, एक अन्य घटना में आसनसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के रहमत नगर में भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर पथराव किया गया जिससे उसकी पिछली खिड़कियों के शीशे टूट गए। मुर्शिदाबाद के नौदा में आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) और तृणमूल के समर्थकों के बीच झड़पें हुईं। वाहनों में तोड़फोड़ और पथराव के बाद भीड़ को तितर-बितर करने के लिए केंद्रीय बलों को लाठीचार्ज करना पड़ा।



मालदा में मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचे मतदाता।

### ईसी ने बूथ से नदारद रहने पर कर्मचारियों को किया निलंबित

**कोलकाता।** मेदिनीपुर के पिंगला विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान एक मतदान केंद्र से नदारद रहने के आरोप में निर्वाचन आयोग ने संबंधित बूथ के सभी मतदानकर्मियों को निलंबित कर दिया। आयोग ने घटना की जांच के आदेश भी दिए और जिला निर्वाचन अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### बंगाल में आंकड़ों से यकीन, भाजपा को शानदार जीत मिलेगी



**कृष्णानगर।** प्रधानमंत्री ने बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बड़ी संख्या में वोट देने के लिए राज्य की जनता को बधाई दी और मतदान के अब तक के आंकड़ों को परिवर्तन के लिए शानदार जनादेश का संकेत बताया। मोदी ने कहा कि निर्वाचन आयोग इस बात के लिए बधाई का पात्र है कि उसने चुनाव में हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं होने दी। मोदी ने कहा, पिछले 50 वर्षों के चुनावी इतिहास में यह पहली बार है कि हिंसा की घटनाएं कम हुईं।

## भारत महान देश, नरक वाले पोस्ट पर विवाद के बाद ट्रंप का यू-टर्न

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** भारत को 'नरक' बताने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का 24 घंटे के अंदर ही सुर बदल गया है। ट्रंप ने भारत को एक 'महान देश' बताया है। ट्रंप ने उन विवादित रीपोस्ट पर सफाई दी है जिसमें भारत को 'नरक जैसी जगह' कहा गया था। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने सफाई देते हुए कहा कि ट्रंप भारत को 'एक महान देश' मानते हैं। साथ ही उन्होंने मोदी को एक 'बहुत अच्छा दोस्त' बताया है। भारत में स्थित अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने कहा, राष्ट्रपति ने कहा है कि भारत एक महान देश है। इससे पहले ट्रंप के रीपोस्ट में रेडियो शो होस्ट की टिप्पणियां शामिल थीं, जिसमें भारत, चीन को नरक कहा गया था।

# व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की जानकारी स्वीकार नहीं



- न्यायालय ने सबरीमाला मामले में सुनवाई के दौरान की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह सभी प्रतिष्ठित लेखकों और विचारकों के विचारों का सम्मान करता है, लेकिन वह 'व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी' से मिली जानकारी स्वीकार नहीं कर सकता।

नौ जजों की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की, जब वह केरल के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और विभिन्न धर्मों द्वारा अपनाई जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा एवं दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रमुख की ओर से पेश अधिवक्ता नीरज किशन कौल ने कांग्रेस नेता शशि थरूर द्वारा लिखे गए एक लेख का हवाला दिया, जिसमें धार्मिक राहत से जुड़े मामलों में न्यायिक संयम की बात कही गई थी। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, हम सभी प्रतिष्ठित व्यक्तियों, विधिवेत्ताओं आदि का सम्मान करते हैं, लेकिन व्यक्तिगत राय, व्यक्तिगत राय ही होती है। कौल ने कहा कि सभी स्रोतों से जानकारी लेने में कोई बुराई नहीं है। इस पर न्यायमूर्ति नागरत्ना ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, लेकिन व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी से नहीं।

# वृद्धा की गला रेतकर हत्या व लूटपाट

- आवास विकास एक में हुई वारदात, मकान में रहते थे बुजुर्ग दंपती, घटना के समय अकेली थी महिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** कल्याणपुर आवास विकास एक में बदमाशों ने गुरुवार दिनदहाड़े सेवानिवृत्त लेक्चरर के घर में घुसकर उनकी पत्नी का गला रेतकर हत्या करने के बाद लूटपाट की। घटना के समय वृद्धा घर में अकेली थीं।

सेवानिवृत्त लेक्चरर दवा लेने बाजार गए थे। जब बुजुर्ग लौटे तो कमरे में फर्श पर पत्नी का लहुलूहान शव पड़ा देखकर सन्न रह गए। घर में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियों के लॉकर टूटे मिले। जेवर व नकदी गायब थी। बाद में एडीसीपी और कल्याणपुर थाना प्रभारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। डॉग स्क्वाड ने भी जांच की। तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

आवास विकास एक स्थित एच-1624 में सेवानिवृत्त हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार दोपहर वह दवा लेने के लिए बाहर गए थे। करीब आधे घंटे बाद जब घर लौटे तो दरवाजा खुला मिला। भीतर जाकर देखा तो पत्नी का लहुलूहान शव फर्श पर पड़ा देखकर चीख पड़े। पूरे घर में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियों का लॉकर टूटा था। अंदर का दृश्य देखकर वह शोर मचाते हुए बाहर की तरफ भागे। मोहल्ले के लोगों के साथ ही पुलिस को हत्या व लूटपाट की जानकारी दी। एडीसीपी वेस्ट राकेश कुमार पांडेय, कल्याणपुर थाना प्रभारी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस की जांच में पता चला कि बदमाशों से निर्मला भिड़ी भी थीं।

# नोएडा से दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार पाकिस्तानी हैंडलर्स से थे जुड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** एटीएस ने नोएडा से गुरुवार को दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एटीएस ने पिस्तौल, पांच कारतूस, दो मोबाइल बरामद किया है। दोनों पाकिस्तान समर्थित नेटवर्क से जुड़कर देश में हिंसात्मक आंदोलन व सांप्रदायिक दंगा कराने की साजिश रच रहे थे। इसके लिए सोशल मीडिया पर कैंपेन चला रहे थे। जांच में सामने आया कि आरोपी आईएसआई समर्थित पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी व आबिद जट के सीधे संपर्क में थे। इन दोनों के इशारे पर युवकों को नेटवर्क से जोड़ रहे थे।

एटीएस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में मूलतः बागपत के रमाला का रहने वाला वर्तमान में मेरठ के कंकरखेड़ा में ठिकाना बनाए तुषार चौहान उर्फ हिजबुल्ला अली खान और दिल्ली के सन लाइट कालोनी सीमापुर का समीर खान शामिल हैं। इनपुट मिला था कि आईएसआई के इशारे पर कुछ पाकिस्तानी गैंगस्टर और कट्टरपंथी तत्व भारतीय युवाओं को इंस्टाग्राम व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए फंसाकर स्लीपर सेल तैयार करने में जुटे हैं।


तुषार


समीर खान

- आईएसआई समर्थित पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी व आबिद जट के संपर्क में थे दोनों
- एटीएस ने नोएडा से दबोचा आरोपियों के पास से पिस्तौल कारतूस व मोबाइल बरामद

### टारगेटेड लोगों पर ग्रेनेड से हमला व हत्या का था निर्देश

पूछताछ में तुषार उर्फ हिजबुल्ला ने बताया कि सोशल मीडिया के जरिये पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में आया था। उसे टारगेटेड लोगों के घरों पर ग्रेनेड से हमला और हत्या करने के का निर्देश दिया गया था। इसके लिए 50 हजार रुपये एडवांस और काम पूरा होने पर ढाई लाख रुपये देने का लालच दिया गया था। पासपोर्ट बनवाकर दुबई के रास्ते पाकिस्तान भेजने की भी बात कही गई थी। शहजाद भट्टी ने इसको आईएसआई एजेन्ट मेजर हमीद, मेजर इकबाल, मेजर अनवर द्वारा भी टार्गेट दिये जाने की बात कही थी।

**सौगात** — गोरखपुर को दी 1055 करोड़ रुपये की 497 विकास परियोजनाओं की सौगात

# नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती : मुख्यमंत्री

- लिगेसी वेस्ट बने ईको पार्क और नौसढ़-मलौनी फोरलेन सड़क का लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती। उन्होंने गोरखपुर में विकास के पिछले नौ वर्षों को इसका उदाहरण बताते हुए कहा कि शहर ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव देखा है।

मुख्यमंत्री ने राप्ती नदी के एकला बंधा पर लिगेसी वेस्ट के निस्तारण से विकसित ईको पार्क, नौसढ़-मलौनी फोरलेन सड़क समेत 1055 करोड़ रुपये की 497 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। साथ ही स्वच्छ स्कूल अभियान की शुरुआत करते हुए टूलकिट और कैलेंडर का विमोचन भी किया। योगी ने कहा कि गोरखपुर को 'गार्बेज फ्री सिटी' बनाने और स्वच्छ सर्वेक्षण में शीर्ष स्थान दिलाने के लिए एक लाख से अधिक स्कूली बच्चों को अभियान से जोड़ा जाएगा। आरआरआर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) के जरिए स्वच्छता का संदेश घर-घर पहुंचाया जाएगा। अभियान में 2000 से अधिक शिक्षकों और 1000 से ज्यादा अभिभावकों को जोड़ा जाएगा। वेस्ट टू आर्ट, निबंध और रील प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वच्छता का संदेश व्यापक स्तर पर फैलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इच्छा शक्ति और साफ नीयत के कारण गोरखपुर में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है। एम्स और बीआरडी मेडिकल कॉलेज बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के केंद्र बने हैं, खाद कारखाना और पिपराइच चीनी मिल चालू हुई है तथा बाढ़ की समस्या के समाधान पर तेजी से काम हो रहा है।



परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने जाते मुख्यमंत्री योगी।

### एकला बंधा पर विकसित हुआ ईको पार्क

दशकों से जमा कूड़े के ढेर को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित कर एकला बंधा पर आकर्षक ईको पार्क विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# यूपी बोर्ड : मुरादाबाद के छात्रों का प्रदेश की मेरिट में दबदबा

## 10वीं में शिखा प्रदेश में छठे स्थान पर, कनक सिंह व मोहम्मद जैद संयुक्त रूप से दसवें स्थान पर काबिज, 12वीं में अभिषेक ने प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया

**न्यूज ब्रीफ**

### पेंशन समस्या के समाधान को हेल्प डेस्क स्थापित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों की पेंशन संबंधी समस्या के निस्तारण के लिए विकास भवन में हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने बताया कि इस हेल्प डेस्क पर सुबह 10 बजे से शाम 5 :00 बजे तक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह कर्मचारी आगन्तुक पंजिका में प्रकरणों से संबंधित लाभार्थियों का विवरण दर्ज कर समाधान कराना सुनिश्चित करेंगे।

### बेखौफ जुआरियों का अड्डा बना हथिया खेड़ा

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांवों में इन दिनों जुए के अवैध अड्डे पूरी तरह फल-फूल रहे हैं, जिस पर अंकुश लगाने में स्थानीय पुलिस नाकाम साबित हो रही है। ताजा मामला गांव हथिया खेड़ा का है, जहां जुआरियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे दिन-रात बेखौफ होकर हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने पुलिसिया गश्त की पोल खोल दी है। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की ओर से गुरुवार को कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। परिणाम आते ही जिले में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस बार भी जिले के मेधावी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

हाईस्कूल (कक्षा दसवीं) के परिणाम में बिलारी स्थित डॉ. देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा शिखा दक्ष ने 96.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की टॉप-10 सूची में छठा स्थान हासिल किया। साथ ही वह जिले में प्रथम स्थान पर रहीं। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय और परिवार में खुशी का माहौल है। वहीं, कांठ के महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा की छात्रा कनक सिंह और पपब्लिक इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा के छात्र मोहम्मद जैद ने 96.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में संयुक्त रूप से दसवां स्थान हासिल किया। जिले में दोनों को दूसरा स्थान मिला है।


साहू रमेश कुमार गर्ल्स इंटर कॉलेज में खुशी मनाती छात्राएं। • अमृत विचार

- डॉ. देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की 10वीं छात्रा हैं जिला टॉपर शिखा
- कनक एमडीआईसी की छात्रा और जैद पब्लिक इंटर कॉलेज के कांठ के हैं छात्र

इंटरमीडिएट (कक्षा बारहवीं) में कांठ स्थित कैसर जहां कयामुदीन इंटर कॉलेज के छात्र अभिषेक ने 96.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया। वह जिले में पहले स्थान पर रहे। उनकी सफलता से विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों में भी उत्साह देखने को मिला। परिणाम घोषित होने के बाद मेधावी छात्रों को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। शिक्षकों ने इसे छात्रों की मेहनत और अनुशासन का परिणाम बताया। साथ ही अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेने की सलाह दी।


एसडीएम कॉलेज में खुशी मनाते छात्र-छात्राएं। • अमृत विचार


हर्ष व्यक्त करते महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज की मेधावी छात्राएं व प्रधानाचार्य।

### कहीं जश्न तो कहीं संतोष, मोबाइल-कंप्यूटर पर टिकी रहीं नजरें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का गुरुवार को परिणाम घोषित होते ही जिले में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। सुबह से ही परिणाम का इंतजार कर रहे छात्र-छात्राओं ने जैसे ही अपने अंक देखे, भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कहीं खुशी के आंसू छलके तो कहीं तालियों और बधाइयों की गूंज सुनाई दी। रिजल्ट जारी होते ही विद्यार्थियों की भीड़ मोबाइल फोन, लैपटॉप और साइबर कैफे पर उमड़ पड़ी। कई छात्र-छात्राएं दोस्तों के साथ मिलकर परिणाम देखते नजर आए, तो कुछ ने परिवार के साथ इस खास पल को साझा किया। जिन विद्यार्थियों का प्रदर्शन बेहतर रहा, उनके घरों में जश्न जैसा माहौल देखने को मिला। मिठाइयां बांटी गईं और परिजन ने एक-दूसरे को बधाई दी। टॉपर विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया। कई छात्र अपने स्कूल पहुंचकर शिक्षकों से आशीर्वाद लेते नजर आए। स्कूल परिसरों में भी दिनभर हलचल बनी रही और विद्यार्थियों के चेहरे पर आत्मविश्वास साफ झलकता दिखा। रिजल्ट के दिन अभिभावकों के चेहरों पर भी गर्व और संतोष दिखाई दिया। लोग एक-दूसरे से बच्चों के अंकों और प्रदर्शन के बारे में जानकारी लेते नजर आए। वहीं, कुछ विद्यार्थियों के लिए परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन शिक्षकों और अभिभावकों ने उन्हें हौसला देते हुए आगे बेहतर करने की प्रेरणा दी। इस बीच, रिजल्ट देखने के दौरान कई छात्रों को वेबसाइट स्लो होने की समस्या का सामना भी करना पड़ा। अधिक ट्रैफिक के चलते बार-बार प्रयास करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद विद्यार्थियों का उत्साह कम नहीं हुआ।

### 75 हजार से अधिक विद्यार्थियों को मिला परिणाम

जिले में इस वर्ष हाईस्कूल (कक्षा 10) के 39,559 और इंटरमीडिएट (कक्षा 12) के 36,199 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इस प्रकार कुल 75,758 छात्र-छात्राओं का परिणाम गुरुवार को घोषित किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की।

### (हाईस्कूल) जिले के टॉप-10 टॉपर

| नाम | प्राप्तांक % | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|
| 1- शिखा दक्ष | 96.83 % | डॉ. देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बिलारी |
| 2- कनक सिंह | 96.17 % | महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा, कांठ |
| 2- मोहम्मद जैद | 96.17 % | पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा, कांठ |
| 3- नितिन | 95.83% | बाबूराम शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज, लदावली |
| 4- अमृता सिंह | 95.50 % | महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा, कांठ |
| 4- वर्णिका लांबा | 95.50% | धर्मसिंह इंटर कॉलेज, खलीलपुर कद्दीम, कांठ |
| 4- इल्मा नूर | 95.50 % | आजाद पब्लिक इंटर कॉलेज, बिलारी |
| 5- इंद्र प्रताप सिंह | 95.33 % | डॉ. देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बिलारी |
| 6- तनिषा | 95.17 % | साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज, मुरादाबाद |
| 7- शुभ शर्मा | 94.83 % | डॉ. देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बिलारी |
| 8- प्रांजली | 94.67 % | डॉ. देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बिलारी |
| 9- अरीबा | 94.50 % | महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा, कांठ |
| 9- शुमैला परवीन | 94.50 % | महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा, कांठ |
| 9- उदिति | 94.50 % | राजकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल, हुसैनपुर छिरावली, कुंदरकी |
| 10- इशिका | 94.17 % | महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा, कांठ |

### ठाकुरद्वारा का प्रिंस ने बढ़ाया मान, 91% अंकों के साथ बने स्कूल टॉपर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक डिलारी के ग्राम राय भूड, पोस्ट आलियाबाद निवासी प्रिंस पुत्र देवेन्द्र सिंह ने हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी हासिल की है। प्रिंस ने यह उपलब्धि मोहम्मद शफी इंटर कॉलेज से हासिल करते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। प्रिंस की इस शानदार सफलता से परिवार, रिश्तेदारों और पूरे गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है।


प्रिंस को मिठाई खिलाते परिजन।

## हाईस्कूल में 91.41 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में 87.45 प्रतिशत विद्यार्थी रहे सफल

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

अमृत विचार : जिले में इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का परिणाम उत्साहजनक रहा। घोषित परिणामों के अनुसार हाईस्कूल में 91.41 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में 87.45 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं। हाईस्कूल परीक्षा में कुल 37,415 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 34,200 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों और उनके परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूलों में भी बेहतर परिणाम को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला।

वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा की बात करें तो इसमें 37,669 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 31,106 छात्र-छात्राएं सफल रहे।


हाईस्कूल में जिले में छठे स्थान पर आने वाली तनिशा को मिठाई खिलाते माता-पिता।

हालांकि इंटरमीडिएट का परिणाम हाईस्कूल की तुलना में थोड़ा कम रहा, फिर भी कुल मिलाकर जिले का प्रदर्शन संतोषजनक माना जा रहा है। डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय का कहना है कि इस बार छात्रों ने बेहतर तैयारी और अनुशासन के साथ परीक्षा दी, जिसका परिणाम भी सकारात्मक रूप में सामने आया है। वहीं शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे उनकी मेहनत और लगन का परिणाम बताया है। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थी अब अपने आगे की पढ़ाई और करियर को लेकर योजना बनाने में जुट गए हैं। जिले के शिक्षण संस्थानों में भी दाखिले की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

### (इंटरमीडिएट) जिले के टॉप-10 टॉपर

| नाम | प्राप्तांक% | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|
| 1- अभिषेक | 96.20 % | कैसर जहां कयामुदीन इंटर कॉलेज, कांठ |
| 2- जाह्नवी | 94.40 % | डॉ. देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बिलारी |
| 3- कौशकी | 93.40 % | डॉ. देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बिलारी |
| 4- प्रिया चौधरी | 92.20 % | डॉ. देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बिलारी |
| 5- निहारिका चौधरी | 92.00% | डॉ. देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बिलारी |
| 6- ईशा सक्सेना | 91.80 % | डॉ. देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बिलारी |
| 7- बुशरा | 91.40 | महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा, कांठ |
| 8- आर्य कुश चौहान | 91.20% | महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा, कांठ |
| 9- परिधि | 91.00 | महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा, कांठ |
| 10- रोहित कुमार | 90.80 % | एसएस इंटर कॉलेज, मुरादाबाद |
| 10- रितिका चौहान | 90.80 % | महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा, कांठ |
| 10- माहिरा फिरदोस | 90.80 % | कुंदरकी इंटर कॉलेज, कुंदरकी |

# शिखा दक्ष बनना चाहती हैं आईएएस अफसर

**संवाददाता, बिलारी**

- प्रदेश की मेरिट में छठा और जिले में पहले स्थान पर है शिखा


शिखा दक्ष।

**अमृत विचार:** डॉक्टर देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की शिखा दक्ष ने प्रदेश की सूची में छठा स्थान पाया है तथा जिले की सूची में प्रथम स्थान पर रही है। प्रदेश की की सूची में नाम आने के कारण कॉलेज और परिवार में हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई गई।

बिलारी के प्रेम विहार कॉलोनी निवासी शिखा दक्ष के पिता लाखन सिंह ब्लॉक कुंदरकी के गांव आजमनगर चोपड़ा में अध्यापक हैं, जबकि माता गीता देवी साक्षर ग्रहणी हैं। शिखा की बड़ी बहन यामिनी इस बार कक्षा 12 की तैयारी कर रही है, जबकि उस छोटी बहन शताक्षी कक्षा 4 की छात्रा है। शिखा ने बताया कि लगातार 5 घंटे की पढ़ाई, एक्स्ट्रा क्लास के बल पर उसने यह मुकाम पाया है। उसके पसंदीदा खिलाड़ी विराट कोहली है। बड़े होकर वह आईएएस बनना चाहती है। माता-पिता के प्रोत्साहन और कॉलेज के अध्यापकों की कड़ी मेहनत से उसे यह मुकाम प्राप्त हुआ है। शिखा ने हिंदी में 98, अंग्रेजी में 94, गणित में 100 ,साइंस में 99, सोशल साइंस में 92 तथा कला में 98 अंक प्राप्त किए।

### कॉलेज के प्रधानाचार्य की बेटी ने जिले में पाया दूसरा स्थान

**बिलारी, अमृत विचार।** डॉक्टर देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शीतल प्रताप सिंह की बेटी जाह्नवी ने कॉलेज में पढ़कर इंटर में जिले की लिस्ट में दूसरा स्थान प्राप्त किया। जानवी ने इसे अपने माता-पिता और अध्यापक को की मेहनत का फल बताया है। डा देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शीतल प्रताप सिंह की बेटी जाहनवी ने इस वर्ष कॉलेज से ही इंटर की परीक्षा दी थी। जाह्नवी की माता विनीता देवी भी कॉलेज की अध्यापिका हैं। जाहनवी ने बताया कि अपने माता-पिता की मेहनत और अध्यापकों के प्रोत्साहन के बल पर उसने जिले में दूसरा स्थान पाया है। जानवी ने जनरल हिंदी में 94, अंग्रेजी में 92, फिजिक्स में 99, केमिस्ट्री में 96 तथा बायोलॉजी में 91 अंक प्राप्त किए हैं। वह आगे डॉक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहती है।


जान्हवी को मिठाई खिलाती मां और भाई।

### पिता का साया उठने के बाद मां की उम्मीदों पर खरा उतरना है : लक्ष्य कौशिकी

**बिलारी, अमृत विचार** डॉक्टर देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज की इंटरमीडिएट की छात्रा कौशिकी ने जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया है कौशिकी ने बताया कि कई साल पहले उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है घर में माता के अलावा भाई-बहन हैं। कौशिकी ने बताया कि उसका गांव विद्यालय से 9 किलोमीटर दूर है वह प्रत्येक दिन रिक्शे से स्कूल जाती है वह डॉक्टर बनकर परिवार का सपना पूरा करना चाहती है।


कौशिकी को मिठाई खिलातीं बहन।

# कांठ के 8 छात्र टॉप टेन में शामिल

**संवाददाता, कांठ**

**अमृत विचार:** कांठ क्षेत्र के हाईस्कूल के आठ विद्यार्थियों ने जनपद में टॉप टेन की सूची में अपनी मेहनत लगन से जगह बनाई है। एक बार फिर क्षेत्र एवं कॉलेजों का नाम रोशन किया है।

महर्षि दयानंद इंटर कालेज मौढ़ा पट्टी के हाई स्कूल की छात्रा कनक सिंह पुत्री जयप्रकाश सिंह ने 600 में से 577 अंक, 96.17% अंक प्राप्त कर जनपद में दूसरा स्थान तथा प्रदेश में दसवां, अमृता सिंह पुत्री सोनपाल सिंह ने 95.50% अंक प्राप्त कर चौथा स्थान, अरीबा पुत्री मौ असलम 94.50% अंक प्राप्त कर जनपद नौ वां स्थान, सुमायला परवीन पुत्री जुल्फकार अली ने 94.50% अंक प्राप्त कर जनपद में 9 वां स्थान एवं इशिका पुत्री राजेश कुमार ने 94.17% अंक प्राप्त कर जनपद में 10वां स्थान प्राप्त किया है। वहीं नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र मौ. ज़ैद पुत्र मौ. अय्यूब ने 577 अंक 96.17% प्राप्त कर जनपद में दूसरा स्थान तथा प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है।

- मेहनत व प्रतिभा के दम पर 10वीं में जिले का नाम किया रोशन

बाबू राम शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज लदावली के छात्र नितिन पुत्र प्रेम सिंह ने 95.83% अंक प्राप्त कर जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

ग्राम खलीलपुर कद्दीम स्थित धर्म सिंह इंटर कॉलेज की छात्रा वर्णिका लाम्बा पुत्री प्रेमपाल सिंह ने 95.50% अंक प्राप्त कर जनपद में चौथा स्थान प्राप्त किया है।

### मोटर मैकेनिक के पुत्र हैं जैद प्रशासनिक सेवा में जाएंगे

हाईस्कूल में यूपी में दसवां एवं जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र ज़ैद पुत्र मौ अय्यूब ने बताया कि उनके पिता एक इलेक्ट्रिशियन मोटो मैकेनिक हैं। उन्होंने बताया कि अभी उन्होंने अपना लक्ष्य निर्धारित नही किया है। आगे चलकर वह जरूर किसी उच्च पद पर जाकर देश की सेवा करना चाहते हैं।


जैद (दूसरा स्थान।)

**सख्ती** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# आरटीई में चिह्नित बच्चों को 7 दिन में दिलाएं प्रवेश

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास भवन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण और मध्याह्न भोजन समिति की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अन्तर्गत जिन बच्चों का नाम लाटरी में आ चुका है, उनका प्रवेश एक सप्ताह में आवंटित विद्यालयों में अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें।



विकास भवन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा करते डीएम अनुज सिंह।

- बीईओ के नेतृत्व में दो सदस्यीय टीमें गठित कर दिलाएंगी प्रवेश
- निपुण भारत ऐप पर बच्चों को नियमित रूप से कराएं अभ्यास

जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे बच्चे, जो अभी प्रवेश से वंचित हैं, उनका प्रवेश विद्यालयों में कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के स्तर से खण्ड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में दो-दो सदस्यीय छह टीम गठित की जाएंगी, जो व्यक्तिगत रूप से प्रवेश से वंचित बच्चों के प्रवेश के लिए स्कूल के प्रबंधन से बात कर प्रवेश कराना सुनिश्चित करेंगे। जो बच्चे प्रवेश से वंचित हैं, उनका प्रवेश आवंटित किए गये विद्यालयों में सात दिन में अवश्य हो जाए।

नगर क्षेत्र/नगर पंचायतों के अन्तर्गत संचालित विद्यालयों में विद्यालय स्तर पर भोजन बनवाने की व्यवस्था समय से पूरी कराने के लिए कहा। निपुण भारत ऐप पर बच्चों को अभ्यास कराएं और देखें कि बच्चे ऐप के उत्तर दे पा रहे हैं कि नहीं। जिले में कार्यरत 35 एआरपी का रोस्टर बनाने के लिए जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार को निर्देश दिया। कहा कि रोस्टर के अनुसार विद्यालय में एसेसमेंट का कार्य कराया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने कहा कि ऐसे विद्यालय जहां अभी फर्नीचर उपलब्ध नहीं है, उन विद्यालयों की सूची जिला पंचायत राज अधिकारी को कुल डेस्क बेंच की आवश्यकता सहित दे दें। जिससे ग्राम पंचायत के सहयोग से फर्नीचर विद्यालय को उपलब्ध कराया जा सके।

बैठक में सभी खंड शिक्षाधिकारी और जिला समन्वयक आदि मौजूद रहे।

### कांठ क्षेत्र के पांच विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट में जनपद के टॉप टेन में स्थान पाया, अभिषेक बने जिला टॉपर

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्र के इंटरमीडिएट के पांच विद्यार्थियों ने जनपद की टॉप टेन सूची में नाम दर्ज कराकर क्षेत्र एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। नगर के कैसर जहां कयामुद्दीन इंटर कॉलेज कांठ के छात्र अभिषेक पुत्र ऋषिपाल सिंह ने 500 में से 481, 96.20% अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम तथा यूपी में सात वां स्थान प्राप्त किया है। महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के इंटरमीडिएट की छात्रा बुशरा पुत्री मोहम्मद नईम, 500 में से 457, कुल 91.40% अंक प्राप्त कर जनपद में 7 वां स्थान, आर्या कुश चौहान पुत्र रूपेंद्र सिंह ने 91.20% अंक प्राप्त कर आठ वा स्थान, परिधि पुत्री पवन कुमार ने 91% अंक प्राप्त कर नौ वा स्थान, रितिका चौहान पुत्री रिपेन्द्र सिंह ने 90.80% अंक प्राप्त कर 10 वां स्थान प्राप्त किया है।


अभिषेक।

### आईएएस बनना चाहती हैं कनक सिंह

हाईस्कूल में जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कनक सिंह पुत्री जयप्रकाश निवासी मोहल्ला महमूदपुर कांठ ने बताया कि वह बड़े होकर आईएएस या उच्च पदों पर विराजमान होकर देश की सेवा करना चाहती हैं।


कनक सिंह।

### आईआईटी करना चाहते हैं नितिन


नितिन।

हाईस्कूल में जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले बाबू राम शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज लदावली के छात्र नितिन पुत्र प्रेम सिंह ने बताया की वह आगे चलकर आईआईटी करना चाहते हैं।

# मजदूर के बेटे अभिषेक बोले आईएएस बनने का लक्ष्य


जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अभिषेक को शुभकामनाएं देते शिक्षक।

**कांठ, अमृत विचारः** नगर के कैसर जहां कायमुद्दीन इंटर कॉलेज के छात्र अभिषेक ने हाईस्कूल परीक्षा में 500 में से 481 अंक (96.20%) प्राप्त कर यूपी में सात वां व जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अभिषेक ग्राम भैंसली जमालपुर निवासी ऋषिपाल सिंह के पुत्र हैं, जो कि नगर के कैसर जहां कायमुद्दीन इंटर कॉलेज के छात्र हैं। उनके पिता मजदूरी करते हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अभिषेक ने कड़ी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की है। अभिषेक ने बताया कि उनका लक्ष्य भविष्य में यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर आईएएस बनना है, ताकि वे देश की सेवा कर सकें। उनकी इस सफलता को लेकर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## शहर में आज

- मंडल स्तरीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता एसएस इंटर कॉलेज में सुबह 10 :00 बजे।
- निवेश मित्र पोर्टल, उद्योग एवं व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में शाम 4 :00 बजे।

## न्यूज ब्रीफ

### विकास खंडों में कृत्रिम अंग उपकरण चिह्नांकन को लगेगा शिविर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कृत्रिम अंग उपकरण योजना के अन्तर्गत दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ-पैर (कैलीपर्स), ट्राईसाइकिल, बैसाखी, व्हीलचेयर, कान की मशीन, स्मार्ट केन, एमआर किट, लेप्रोसी किट, स्मार्ट फोन, टैबलेट दिलाने के लिए चिन्हांकन शिविर लगाए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने बताया कि 28 व 29 अप्रैल को विकास खण्ड सभागार डिलारी में, 30 अप्रैल व दो मई को विकास खण्ड सभागार ठाकुरद्वारा में, 4-5 मई को कुन्दरकी में, 6- 7 मई को विकास खण्ड सभागार बिलारी, 8 व 11 मई को विकास खण्ड सभागर मूंढापाण्डे में, 12- 13 मई को विकास खण्ड सभागार भगतपुर टांडा, 14 व 15 मई को विकास खण्ड सभागार छजलैट में और 16 व 18 मई को विकास खण्ड सभागार मुरादाबाद में शिविर लगेगा।

### ठाकुरद्वारा में धारा 163 लागू, जुलूस-सभा पर पूर्ण प्रतिबंध

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** जिला मजिस्ट्रेट अनुज सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि तहसील ठाकुरद्वारा में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र में किसी भी प्रकार की भीड़ और गतिविधियों पर नियंत्रण रखा जा सके।

### चार के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**भोजपुर अमृत विचार :** गांव मौहब्बतपुर भगवन्तपुर में खेल के दौरान बच्चों में हुई कहासुनी कुछ ही देर में बड़ों की मारपीट में बदल गई। पुलिस ने घायल अब्दुल हसन की तहरीर पर पड़ोसियों फहीम, सलीम, दानिश और रहीस के खिलाफ लाठी डंडों से पीट कर बेहोश कर देने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

# 23 यूपी बटालियन एनसीसी ने कैडेट्स को सी प्रमाण पत्र बांटे



महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेटों को सी प्रमाण पत्र दिए गए।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** 23 यूपी बटालियन एनसीसी ने गुरुवार को महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में समारोह में कैडेट्स को एनसीसी की सी प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कैडटों को "सी" प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यवाहक कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल चंद्रशेखर भट्ट, मेजर राजीव ढल, सूबेदार मेजर मुकेश कुमार ने एनसीसी कैडेटों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

लेफ्टिनेंट कर्नल चंद्रशेखर भट्ट ने कहा यह आपकी कड़ी मेहनत का प्रमाण पत्र है। यही मेहनत आपको भविष्य में भी करनी है। एनसीसी के माध्यम से मिली सीख निश्चित रूप से आपके भविष्य में एक नींव का पत्थर साबित होगी। मेजर राजीव ढल ने कि युवा शक्ति को राष्ट्र शक्ति में बदलना है। इस दौरान सूबेदार मेजर मुकेश कुमार, सूबेदार सुरेश सोलंकी, हवलदार तेज कुमार, हवलदार संजीव कुमार, हवलदार रोहित के अलावा एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

### कई घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू

# लदावली में गाड़ियों के स्क्रैप के ढेर में लगी भीषण आग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- काका ग्रुप्स वाहन स्क्रैप सेंटर में आग से स्क्रैप की गई गाड़ियां राख

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। लदावली में गुरुवार को गाड़ियों के स्क्रैप के ढेर में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस और मुख्यालय से अग्निशमन विभाग का दल पहुंचा। आग बुझाने के लिए पांच फायर टेंडर प्रयोग में लाए गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। तब तक स्क्रैप बुरी तरह जल गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि गुरुवार दोपहर 2:53 बजे आग लगने की सूचना लदावली से प्रखर नारायण नामक व्यक्ति के द्वारा मिली। इसके बाद उनके नेतृत्व में अग्निशमन दस्ता दोपहर में तीन बजकर 19 मिनट पर मौके पर पहुंच गया। वहां पाया कि आग काका ग्रुप्स वाहन स्क्रैप सेंटर में स्क्रैप के ढेर में आग लगी थी। फायर सर्विस यूनिटों ने कई घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया। आग लगने की घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि आग बुझाने के लिए फायर स्टेशन हैलेट रोड से तीन फायर टेंडर, फायर स्टेशन कटघर से एक और फायर स्टेशन कांठ से एक फायर टेंडर मौके पर पहुंचा था। लोगों को सावधानी के तरीके भी बताए गए।



वाहन स्क्रैप सेंटर में लगी आग बुझाते अग्निशमन दल के कर्मी। ● अमृत विचार

### कटघर में खड़ी कार में लगी आग, अफरा-तफरी



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर क्षेत्र स्थित इंदिरा कॉलोनी में खड़ी कार में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पूरी कार आग के गोले में तब्दील हो गई। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि कार कुछ ही समय पहले खरीदी गई थी और घर के बाहर खड़ी थी। अचानक कार से धुआं उठने के बाद कुछ ही देर में तेज लपटें निकलने लगीं। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास खड़े लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही वाहन पूरी तरह आग की चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए आग बुझाने की कोशिश की। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि सुबह की घटना है। सूचना पर मौके पर अग्निशमन दल ने पहुंचकर आग पर नियंत्रण किया। आग लगने के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चलेगा।

# अप्रैल में मई जैसी तपिश, जनजीवन प्रभावित

### डॉक्टरों की सलाह, दोपहर में अनावश्यक बाहर निकलने से बचें, सिर और आंखों को ढककर रखें सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अप्रैल माह में ही मई जैसी भीषण गर्मी का असर देखने को मिल रहा है, जिससे आमजन का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दिन के समय सड़कों पर सन्नाटा सा नजर आ रहा है। लोग अत्यधिक जरूरी कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं, जबकि अन्य समय घरों में ही रहने को मजबूर हैं।

जिले में गुरुवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से अधिक है। तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते लोगों को लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दोपहर के समय गर्मी अपने चरम पर पहुंच रही है, जिससे बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में विशेष सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। बिना किसी जरूरी काम के दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए। यदि बाहर जाना जरूरी हो तो सिर और आंखों को कपड़े या टोपी से ढककर रखें और पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो।



धूप में निकली महिला। ● अमृत विचार

गर्मी के कारण बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी भीड़ में कमी देखी जा रही है। दुकानदारों का कहना है कि दोपहर के समय ग्राहक न के बराबर आ रहे हैं। वहीं, ठंडे पेय पदार्थों और जूस की दुकानों पर लोगों की भीड़ बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है, जिससे गर्मी से राहत मिलने की संभावना फिलहाल कम नजर आ रही है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहकर ही दिनचर्या अपनाने की सलाह दी जा रही है।

**एक नजर में तापमान (आईएमडी के अनुसार, मुरादाबाद)**

| | | |
|---|---|---|
| 17 अप्रैल | अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस | न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस |
| 18 अप्रैल | अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस | न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस |
| 19 अप्रैल | अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस | न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस |
| 20 अप्रैल | अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस | न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस |
| 21 अप्रैल | अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस | न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस |
| 22 अप्रैल | अधिकतम 40 डिग्री सेल्सियस | न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस |
| 23 अप्रैल | अधिकतम 41 डिग्री सेल्सियस | न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस |

### त्वचा और पेट दर्द के मरीजों में इजाफा




**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में बढ़ती गर्मी का असर अब लोगों की सेहत पर साफ दिखाई देने लगा है। जिला अस्पताल में इन दिनों त्वचा रोग और पेट दर्द से पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। सुबह से ही ओपीडी में मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं, जिनमें अधिकतर लोग घमौरियां, एलर्जी, फंगल इंफेक्शन और पेट से जुड़ी समस्याओं की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ का पद खाली होने से स्थिति गंभीर हो रही है। ऐसे में सामान्य चिकित्सकों को ही त्वचा संबंधी मरीजों का इलाज करना पड़ रहा है, जिससे कई बार मरीजों को संतोषजनक उपचार नहीं मिल पाता। डॉक्टरों के अनुसार तेज धूप, पसीना और खानपान में लापरवाही इस मौसम में बीमारियों को बढ़ावा देती है। जिला अस्पताल के जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि दूषित पानी और बाहर के खुले खाद्य पदार्थों के सेवन से पेट दर्द, उल्टी-दस्त जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। वहीं, धूप और पसीने के कारण त्वचा पर संक्रमण और एलर्जी के मामले भी सामने आ रहे हैं।

# जमीन में गड़ा सोना बताकर अस्पताल संचालक से ठगी

संवाददाता, पाकबड़ा

- अस्पताल के नीचे मटकी दबी होना बताकर ठगने वाले 5 गिरफ्तार

**अमृत विचार :** जमीन में सोना गड़ा होने का झांसा देकर पांच ठगों ने अस्पताल संचालक से 15,000 रुपये ठग लिए। जब मटका निकला तो सोना नकली देखकर अस्पताल संचालक ने एडवांस में दिए 15,000 रुपये वापस मांगे। इस पर ठगों से उनका विवाद हो गया। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया। पुलिस ने पांचों ठगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

जनपद संभल के थाना असमोली क्षेत्र के ग्राम इटायला माफी निवासी मुनशाद पुत्र नवाब के यहां पर भाडरी स्थित बंद पड़े अस्पताल पर याकूब का आना जाना था, जिससे अच्छी जान पहचान हो गई थी। तभी उसने बताया कि तुम्हारे बंद पड़े एचएनपी अस्पताल के नीचे सोने की मटकी दबी हुई है, जिसमें बहुत सारा सोना एवं जेवरात भरे हुए हैं। अगर तुम उसे निकलवाना चाहते हो तो कुछ लोगों को वह बुला लेगा। इस पर अस्पताल संचालक ने एडवांस में 15,000 रुपये दे दिए। इसके बाद याकूब पुत्र नवीजान निवासी ढक्का नगलिया, मो. जुबैर पुत्र मौ. उमर निवासी सहरिया जवाहर थाना टांडा रामपुर, सहजाद पुत्र अमीर दूल्हा निवासी ग्राम पसियापुरा थाना अजीमनगर रामपुर, निजामुद्दीन पुत्र निसार निवासी रतूपरा थाना असमोली जिला संभल, शाहिद पुत्र शरीफ निवासी खालसा कटोरा ताल थाना काशीपुर उत्तराखंड अस्पताल पर पहुंच गए।

आरोप है कि धोखाधड़ी कर तरह-तरह की तंत्र विद्या कर अस्पताल में गड्ढा खोदवा कर एक मटकी निकाली। उसमें 128 पीला कागज लगी छोटी चॉकलेट गोलनुमा, 4 छड़ 16 इंची पीली धातु, एक डलिया नुमा बर्तन निकला। जब मुनशाद ने देखा तो सोने की धातु न होने पर शक हुआ। इस पर उन्होंने ठगों से एडवांस में दिए 15,000 रुपये वापस मांगे। इस पर विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी आरोपियों को पकड़ कर थाना ले आई। उनके पास से कांच की चार सीसी, 7300 रुपये भी मिले। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर पांचों ठगों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

# बालक वर्ग में नितिन प्रथम दक्ष सागर को दूसरा स्थान



जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में योग का प्रदर्शन करते प्रतिभागी छात्र। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जनपद स्तरीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन

**अमृत विचार :** जनपद स्तरीय योग ओलंपियाड में जीजी हिंदू इंटर कॉलेज के नितिन और राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की विनीता विजेता बने। प्रतियोगिता गुरुवार को जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में कराई गई।

बालक वर्ग में नितिन प्रथम, दक्ष सागर द्वितीय, निखिल सैनी तृतीय रहे। बालिका वर्ग में विनीता प्रथम, लक्षिता द्वितीय और गीता तृतीय रहीं। प्रतियोगिता प्रभारी वंश बहादुर ने बताया कि प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी 24 अप्रैल को मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

# फर्म से सामान चोरी करते हुए युवक गिरफ्तार

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** फर्म से युवक को सामान चोरी करते हुए पकड़ लिया गया। सुपरवाइजर ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थाना क्षेत्र के ग्रोथ सेंटर में स्थित बालाजी इंटरनेशनल कम्पनी में नाजिम अली निवासी रतनपुर कला सुपरवाइजर है। उसने कंपनी में चोरी करते युवक को देख लिया। युवक की तलाशी में 9 किलो केबल, 29 नट बोल्ट वजन करीब 15 किलो मिला। युवक ने अपना नाम आदेश निवासी रतनपुर कला बताया। उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया। बाद में उसे जेल भेज दिया गया।

# कौशल विकास को एनआईआईटी फाउंडेशन संग एमओयू साइन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट (सीटीएलडी) की ओर से विद्यार्थियों के कौशल विकास और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एनआईआईटी फाउंडेशन के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

एनआईआईटी फाउंडेशन के नेशनल प्रोग्राम हेड ने बताया कि आज के समय शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता, व्यावहारिक कौशल और रोजगार योग्यता विकसित करना है। इस साझेदारी से क्षेत्रीय स्तर पर युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण, रोजगार के अवसर और आजीविका के साधन उपलब्ध होंगे। इस एमओयू के माध्यम से दोनों संस्थान मिलकर साइबर सिक्योरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कम्युनिटी हेल्थ, सोशल अवेयरनेस और फाइनेंशियल अवेयरनेस जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएंगे। इस दौरान कुलपति प्रो. वीके जैन की मौजूदगी में टीएमयू की ओर से डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, जबकि एनआईआईटी फाउंडेशन की ओर से नेशनल प्रोग्राम हेड अखिलेश शर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इस दौरान सीटीएलडी के निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह, एनआईआईटी के रीजनल मैनेजर निलेश खन्ना, कंट्री हेड डॉ. चारु कपूर, डॉ. अमित कंसल, डॉ. वैभव रस्तोगी, डॉ. दिलीप दत्त वार्ष्णेय मौजूद रहे।

# दंपती के दो हत्यारोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिविल लाइन क्षेत्र में 20 अप्रैल की रात चक्कर की मिलक मोहल्ले में दंपति राजा और उसकी पत्नी फराह की हत्या के मामले में सिविल लाइन पुलिस में दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। फरार आरोपियों पर पुलिस ने 25-25 हजार रुपये इनाम की घोषणा की थी। पुलिस दो आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है। अभी भी दो आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन मनीष सक्सेना ने बताया कि कांठ रोड स्थित समर वैली स्कूल के पास दो बदमाश होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की घेराबंदी की। पुलिस को देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने फायरिंग की। इसमें फरजान के पैर में दो गोली लगीं और सुहेल के पैर में एक गोली लगी। इसके बाद दोनों जमीन पर गिर पड़े। उन्हें पुलिस ने दबोच लिया। घायल बदमाशों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में घायल सुहैल और फरजान को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। दोहरे हत्याकांड में फहीम और अनस को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। फरार चल रहे सोहेल और फरजान मुठभेड़ के बाद पकड़ लिए गए हैं। पुलिस ने दोनों के ऊपर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।



मुठभेड़ में घायल आरोपी से जानकारी लेते एसपी सिटी। ● अमृत विचार

- सिविल लाइंस क्षेत्र के चक्कर की मिलक मोहल्ले में चाकू से गोदकर हुई थी दंपती की हत्या

**तैयारी** | अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा ने शिक्षाधिकारियों को लिखा पत्र

# सरकारी स्कूल-कॉलेजों की शुरू कराई गई स्क्रीनिंग

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

- शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं और अध्यापकों का मांगा ब्योरा
- भवन और प्रयोगशालाओं की स्थिति संग छात्रों का लर्निंग स्तर सुधारने पर जोर के निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जिलों के भ्रमण पर इस बार शिक्षा व्यवस्था भी निशाने पर रहेगी। ऐसे में उनके भ्रमण से पहले सरकारी स्कूलों-कॉलेजों व्यवस्था की स्क्रीनिंग शुरु हो गई है। इस संबंध में शासन के अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने दिया शिक्षाधिकारियों को आदेश जारी किया है।

अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री के आगामी भ्रमण कार्यक्रमों के संबंध में आदेश जारी किया है। इसमें निकट भविष्य में मुख्यमंत्री के भ्रमण के समय राजकीय इंटर कॉलेज, प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के औचक निरीक्षण करने की जानकारी दी गई है। इसमें शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं की संख्या, अध्यापकों की मानक के अनुसार तैनाती व समय से उपस्थिति देखी जाएगी। इसके अलावा स्कूल-कॉलेजों के भवन व प्रयोगशालाओं की स्थिति, छात्रों के लर्निंग का स्तर आदि भी देखा जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने सभी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक, जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को इन व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

### यह भी हैं निरीक्षण के बिंदु

- खेल सहित एक्सट्रा करिकुलर एक्टिविटीज
- विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता का भाव
- सेमिनार व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन
- शौचालय एवं पेयजल की स्थिति
- सुरक्षा उपाय
- शिक्षकों व कर्मचारियों की कर्मठता, व्यवहार, उपस्थिति व योगदान

अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा के पत्र के अनुपालन के लिए सभी संबंधित शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिया है। विभाग के स्कूलों में मानक के अनुसार शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं की संख्या, अध्यापकों की मानक के अनुसार तैनाती व समय से उपस्थिति, स्कूल-कॉलेजों के भवन व प्रयोगशालाओं की स्थिति, छात्रों के लर्निंग का स्तर आदि बेहतर करने के निरंतर प्रयास जारी हैं। इसे और बेहतर करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया है।

-बुद्धप्रिय सिंह, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक

# रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ब्लू ने जीता खिताब

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मोहम्मद फैसल की 83 रनों की शानदार पारी, अमन नवाब बने मैन ऑफ द मैच, अंश गौतम रहे टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**अमृत विचार :** रुक्मणी क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित रुक्मणी अंडर-19 वनडे कप का फाइनल मुकाबला गुरुवार को रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर खेला गया। इसमें रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ब्लू ने नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट अकादमी को छह विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ब्लू के सामने नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 230 रन बनाए। टीम की ओर से कुशल यादव ने 45, गोविंद सिंह वोहरा ने 42, कासिम सैफी ने 31 और यश व्यास ने नाबाद 30 रन का योगदान दिया। रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ब्लू की ओर से अंश गौतम ने दो विकेट लिए, जबकि अमन नबाब, असजद रजा, मोहम्मद शान और मोहम्मद अमान ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ब्लू ने 39.1 ओवर में चार विकेट खोकर जीत दर्ज की। टीम के लिए मोहम्मद फैसल ने 83 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि अमन नवाब ने नाबाद 69 और असजद रजा ने 37 रन बनाए। नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट अकादमी की ओर से यथार्थ व्यस्त ने दो विकेट लिए, जबकि यश व्यास और धनंजय यादव को एक-एक सफलता मिली।




रुक्मणी अंडर-19 वनडे कप जीतने पर खुशी जताती विजेता टीम। ● अमृत विचार

मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अमन नवाब को मैन ऑफ द मैच और मोहम्मद फैसल को गेम चेंजर चुना गया। टूर्नामेंट में अंश गौतम को मैन ऑफ द टूर्नामेंट, मोहम्मद फैसल को बेस्ट बैट्समैन और मोहम्मद अमान को बेस्ट बॉलर का पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि द आर्यंस स्कूल के अध्यक्ष अनिल लिट और विशेष अतिथि अमरोहा डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट कन्वीनर अमन लिट, रोहित ठाकुर, जमाल अहमद ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। अंपायर की भूमिका में शमशाद अल्वी और मोहम्मद सायम रहे, जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी मोहम्मद शाकिब ने निभाई।

# डॉ. आंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं: सपा

## नारायणपुर छंगा जा रहे सपा के प्रतिनिधि मंडल को पुलिस ने घेराबंदी कर रोका, कई नेता घरों में किए नजरबंद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीडीए के उत्पीड़न पर सड़कों पर उतरेगी सपा, रोके जाने पर जताई नाराजगी
- सपाइयों ने कहा, पुलिस सहयोग से संविधान की हत्या कर रही भाजपा सरकार


ठाकुरद्वारा में पशुपति गेस्ट हाउस में सांसद रुचि वीरा से वार्ता करते अधिकारी।

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी का 11 सदस्यीय प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल पीड़ितों का दुःख-दर्द जानने के लिए नारायणपुर छंगा जा रहा था। सपा नेताओं के गांव में जाने के ऐलान के बाद पुलिस ने ठाकुरद्वारा में भारी सुरक्षा घेरा डालकर पूरे इलाके को छावनी बना दिया। सपाइयों को रोकने के लिए जगह-जगह बेरिकेडिंग कर थ्री-लेयर सुरक्षा घेरा तैयार किया गया था।

जिले के ठाकुरद्वारा में नारायणपुर छंगा गांव में 16 अप्रैल को आंबेडकर प्रतिमा तोड़े जाने की घटना के बाद प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के मुरादाबाद जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, सांसद रुचि वीरा, विधायक नवाब जान, विधायक कमाल अख्तर, विधायक मनोज पारस, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, प्रदेश सचिव जुगल किशोर बाल्मीकि, विधानसभा अध्यक्ष नवीन यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ ब्रजलाल जाटव, जिलाध्यक्ष बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी दीव्यांशु जाटव, प्रदेश उपाध्यक्ष बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी प्रोफेसर मनीष जाटव आदि शामिल थे।

पुलिस की कड़ी नाकाबंदी को देखते हुए कई नेता रात में ही ठाकुरद्वारा पहुंच गए थे। इसमें जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अमित प्रजापति एवं गौसेवा आयोग के पूर्व सदस्य राहुल आदि शामिल थे। सपा प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को जैसे तिकोनिया चौराहे पर पहुंचे चारों ओर से घेराबंदी कर रोक लिया गया। सपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया गया। इधर सांसद रुचि वीरा को पशुपति गेस्ट हॉउस से निकलते ही घेराबंदी कर रोक लिया। विधायक कमाल अख्तर को बरेली से आते हुए रोका और विधायक मनोज पारस को नगीना में ही नजरबंद कर लिया। मेरठ के पूर्व विधायक को किठोर में रोक लिया, ठाकुरद्वारा विधायक नबाव जान को घर पर ही नजरबंद कर लिया। अन्य सभी सदस्यों को घर पर ही नजरबंद कर प्रशासन उन्हें आगे जाने से रोक दिया।

सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार पुलिस के सहयोग से भाजपाई लोकतंत्र और संविधान की हत्या कर रहे हैं। डॉ. भीमराव आंबेडकर संविधान निर्माता हैं और उन्हीं की प्रतिमाओं को खंडित कर उनका अपमान किया जा रहा और दलितों का उत्पीड़न किया जा रहा है। यह पीडीए को कमजोर करने की साजिश है। जनता इसका जवाब 2027 के विधानसभा के चुनाव मे देगी। उन्होंने कहा कि सरकार का अंत निकट है। अगर पीडीए के लोगों का उत्पीड़न नही रुका तो समाजवादी पार्टी सड़कों पर आंदोलन करेगी।

# प्रतिनिधिमंडल को रोके जाने पर भड़के कमाल अख्तर

संवाददाता, कांठ


पुलिस हिरासत में विधायक कमाल अख्तर व प्रतिनिधि मंडल।

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर छंगा में हुई घटना के बाद पीड़ित परिवार से मिलने जा रहा सपा प्रतिनिधिमंडल रास्ते में रोक दिया गया।

प्रतिनिधिमंडल में कांठ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। बताया गया कि विधायक कमाल अख्तर को मुंडा पांडे टोल प्लाजा पर पुलिस द्वारा रोककर हिरासत में ले लिया गया, जिसे सपा नेताओं ने लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। यह प्रतिनिधिमंडल उस घटना के संदर्भ में जा रहा था, जिसमें बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने और दलित समाज के लोगों के साथ मारपीट का मामला सामने आया था। विधायक कमाल अख्तर ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि बाबा साहेब का अपमान पूरे देश का अपमान है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की और कहा कि जनप्रतिनिधियों को इस तरह रोकना लोकतंत्र के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाजवादी पार्टी हमेशा पीड़ितों के साथ खड़ी है और न्याय के लिए संघर्ष जारी रखेगी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, विधायक मनोज पारस, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, प्रदेश सचिव जुगुल किशोर बाल्मीकि, विधानसभा अध्यक्ष नवीन यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डंपर-टेंपो भिड़ंत में तीन और मरे, मृतकों की संख्या हुई पांच

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- मुरादाबाद मार्ग पर हुआ था हादसा, चार घायल काशीपुर के अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद मार्ग पर बुधवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। हादसे में एक महिला सहित चार लोग अभी भी विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

कोतवाली प्रभारी मनोज परमार के अनुसार बुधवार को ठाकुरद्वारा से सवारियां लेकर मुरादाबाद की ओर जा रहे टेंपो को असलेमपुर तिराहे के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में टेंपो चालक थाना डिलारी क्षेत्र के गांव मासूमपुर निवासी गुलहसन पुत्र सुलेमान तथा ठाकुरद्वारा नगर के मोहल्ला फतेहउल्लागंज निवासी खुशबू पत्नी जीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी। प्रारंभ में महिला की पहचान नहीं हो सकी थी, लेकिन देर रात परिजनों के पहुंचने पर उसकी शिनाख्त हुई। हादसे में घायल छह लोगों को उत्तराखंड के काशीपुर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान तीन और घायलों सरकड़ा करीम निवासी कृपाल सिंह पुत्र झबरा सिंह, उनकी पत्नी सानिया तथा फौलादपुर निवासी शाहीन जहां पत्नी अबरार की मौत हो गई। इसके साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। वहीं, चार अन्य घायलों का उपचार विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। डंपर को कब्जे में ले लिया गया है, जबकि फरार चालक की तलाश के लिए पुलिस टीमों द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है।

# आज धरना प्रदर्शन करेंगे भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता

**बिलारी, अमृत विचार :** भारतीय किसान टिकैत यूनियन के पदाधिकारी देहात क्षेत्र में चरमराती विद्युत आपूर्ति से परेशान होकर शुक्रवार को विद्युत उपखंड कार्यालय पर धरना देंगे। जिसको लेकर गुरुवार को सभी पदाधिकारी ने एसडीओ विद्युत को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि उनके संगठन द्वारा पिछले कई दिनों से देहात क्षेत्र में लगातार ध्वस्त होती विद्युत आपूर्ति को लेकर कई बार अवगत कराया जा चुका है, परंतु अभी तक विद्युत आपूर्ति में कोई भी सुधार नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को विद्युत उपखंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# भाई और मां की हत्या में मानसिक बीमार युवती पुलिस हिरासत में

संवाददाता, कांठ

- पुलिस ने दिया निष्पक्ष घटना का खुलासा करने का आश्वासन


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवती।

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक युवती द्वारा भाई और मां की सरिया एवं लकड़ी के खूंटे से हत्या करने के मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ गांव में जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने हत्या के सभी पहलुओं पर पीड़ित परिवार से जानकारी ली। सभी बिंदुओं पर जांच करने की बात कही और निष्पक्ष खुलासा करने का आश्वासन दिया।

थाना कांठ के ग्राम भैंसली जमालपुर उर्फ गदापुर में बुधवार की शाम को मानसिक रूप से बीमार अनीता पुत्री स्वर्गीय मदन सिंह ने अपने भाई अर्जुन एवं माता मुन्नी देवी की लोहे की सरिया और लकड़ी के खूंटे से हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया है। बृहस्पतिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ सुदेश पाल सिंह पुलिस बल के साथ गांव में घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार के लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली और मौके का नक्शा भी बनाया, जिसमें मृतक के भाई राजीव ने पुलिस के सामने जमीन और जगह के बंटवारे को लेकर भी सवाल उठाए हैं, जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया है कि हर बिंदु पर हत्या की जांच की जाएगी। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

# महिलाओं का भड़का आक्रोश, फूंका पुतला



कुंदरकी में प्रदर्शन कर विपक्षी दलों के खिलाफ नारेबाजी करती महिलाएं।

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** नारी शक्ति अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण बिल के विरोध में विपक्ष की मानसिकता के खिलाफ महिलाओं ने प्रचंड जन आक्रोश दिखाया। नगर में मातृ शक्ति ने एकजुट होकर पदयात्रा निकाली और कांग्रेस व पूरे विपक्ष के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कहा कि यह महज एक आंदोलन नहीं, बल्कि महिलाओं का स्पष्ट संदेश है कि वे अपने अधिकारों व सम्मान पर किसी तरह का समझौता नहीं करेंगी। महिलाओं ने नारी शक्ति का अपमान बर्दाश्त न करने की चेतावनी देते हुए विपक्षी दलों का पुतला दहन किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री ज्योति वाल्मीकि, नामित सभासद जूली सैनी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनुप्रिया शर्मा, मीडिया प्रभारी नीलम सिंह, महानगर उपाध्यक्ष रजनी भारती, रानी, रूबी, गुलनाज, फूलवती, चंदू, रजनी आदि रहीं।

# बाइक की टक्कर से मैकेनिक घायल इलाज के दौरान मौत


मृतक मुकेश।

**कांठ, अमृत विचार:** गांव छजलैट निवासी बाइक मैकेनिक मुकेश कुमार के एक बाइक ने टक्कर मार दी थी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान बाइक मैकेनिक की मौत हो गयी है। गांव छजलैट निवासी मुकेश कुमार प्रजापति पुत्र तेजपाल सिंह एक मोटर साइकिल मैकेनिक थे। वह 13 अप्रैल की शाम को अपनी दुकान से गोला टी स्टॉल पर किसी काम से जा रहे थे। तभी छजलैट तिराहे से आ रही तेज रफ़्तार मोटर साइकिल ने मुकेश कुमार को पीछे से टक्कर मारते हुए मोटर साइकिल पेड़ से जा टकराई और मीटर साइकिल चालक अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से भाग गया। टक्कर इतनी भयंकर थी की मुकेश कुमार के सर में गंभीर चोटें आई थीं।

# जिला स्तरीय खेलकूद में योगदान देने वाले शिक्षक-अनुदेशक सम्मानित

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


ठाकुरद्वारा क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय के सम्मानित शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील सभागार में आयोजित समारोह में विद्यालय से लेकर जिलास्तर तक खेलकूद प्रतियोगिताओं में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शिक्षकों और अनुदेशकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बॉस के मार्गदर्शन में किया। जबकि उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने सम्मान प्रदान किया।

समारोह में देवेश कुमार (कुंदेसरा), नरेंद्र कुमार (मल्हपुरा), नरेंद्र कुमार सहदेव (मस्तल्लीपुर), राजपाल सिंह (करनावाला खालसा), सोनिया चौहान (अब्दुल्लापुर लेदा), योगराज सिंह (सबलपुर), राकेश कुमार (ठाकुरद्वारा), शिप्रा अग्रवाल (मल्हपुरा), शिखा गुप्ता (ठाकुरद्वारा), रीनू रानी (पृथ्वीपुर गांवड़ी), रितु व विपिन कुमार (पसियापुरा), राजूलाल, सपना चौहान व आशीष कुमार (कालाझंडा), सोनी, दमयंती निखरे व भीम सिंह (रामपुर बलभद्र), नन्हें सिंह (पीलखपुर गुमानी), सतीश कुमार, अरविंद कुमार, महेंद्र सिंह व मनोज कुमार यादव (प्रतापपुर गड़वाला), शुभम शर्मा (मानपुर दत्तराम), नरेंद्र कुमार (टांडा आलम), मनोज कुमार व शमशेर सिंह (रामपुर घोघर), कुलदीप कुमार (बथुआ खेड़ा), बब्बू कुमार (लालापुर पीपलसाना), ज्ञानेंद्र कुमार (बहादुरनगर), नरेश कुमार (राजूपुर मिलक), विवेक कुमार (बोवदवाला), त्रिवेंद कुमार (रामपुर बलभद्र), दिनेश कुमार मौर्य (मोहिउद्दीनपुर), प्रदीप कुमार (बलिया), निकेश कुमार (राजूपुर कलां), हरवीर सिंह (एआरपी) व पीयूष प्रशांत (कालाझंडा) सहित अनेक शिक्षकों व अनुदेशकों को सम्मानित किया गया।

# शिक्षा का अधिकार वित्तीय सहायता पर सेमिनार आयोजित

**भोजपुर अमृत विचार :** गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय में प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के प्रचार-प्रसार हेतु शिक्षा का अधिकार और वित्तीय सहयोग एक नई दिशा विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य नरेश कुमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न वित्तीय सहायता योजनाओं के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को सुलभ शिक्षा ऋण उपलब्ध होने की प्रक्रिया बताई। असिस्टेंट प्रोफेसर मधु त्यागी ने विद्यार्थियों को योजना के उद्देश्यों, लाभों एवं आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी और उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। संचालन डॉ. मधु त्यागी ने किया।

# गन्ने की फसल में अंकुर व चोटी बेधक कीट का प्रकोप

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- कृषि विज्ञान केंद्र ने जारी की एडवाइजरी


गन्ने की पत्तियों पर लगा कीट। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्र में इस समय गन्ने की फसल पर अंकुर बेधक और चोटी बेधक कीटों का प्रभाव तेजी से दिखाई दे रहा है। ऐसे में कृषि विज्ञान केंद्र ठाकुरद्वारा ने किसानों को सतर्क करते हुए बचाव एवं नियंत्रण के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

कृषि विज्ञान केंद्र के पादप सुरक्षा वैज्ञानिक दीपक कुमार ने बताया कि अंकुर बेधक कीट, जिसे कंसुआ या सलाई भी कहा जाता है, अप्रैल से जून के बीच अधिक सक्रिय रहता है। इस कीट की सुंडी गन्ने के कोमल तने में घुसकर अंदर के ऊतकों को खाती है, जिससे पौधे की बीच की गोफ सूख जाती है। इस स्थिति को डेड हार्ट कहा जाता है, जिसमें सूखी गोफ आसानी से बाहर निकल आती है और उसमें सिरके जैसी गंध आती है। अंकुर बेधक से बचाव के उपाय विशेषज्ञों के अनुसार प्रभावित पौधों को सुंडी या प्यूपा सहित जमीन की सतह से काटकर नष्ट कर देना चाहिए। इसके साथ ही गर्मी के मौसम में नियमित सिंचाई और निराई-गुड़ाई करना जरूरी है। रासायनिक नियंत्रण के लिए बुवाई के 40-45 दिन बाद प्रति हेक्टेयर फिप्रोनिल 40% इमिडाक्लोप्रिड 40% WG की 500 ग्राम मात्रा या क्लोरेन्ट्रानिलिप्रोल 8% थायोमेथाक्सम 17.5% की 600 ग्राम मात्रा को 800-1000 लीटर पानी में मिलाकर ड्रेंचिंग करने की सलाह दी गई है। चोटी बेधक कीट भी बना खतरा वैज्ञानिक ने बताया कि इसी अवधि में चोटी बेधक कीट का भी प्रकोप बढ़ता है। इसकी मादा सफेद रंग की होती है और पीछे नारंगी रोएंदार संरचना होती है। यह कीट पत्तियों की मध्य शिरा के पास अंडे देता है, जिनसे निकलने वाली सुंडी गन्ने के ऊपरी हिस्से को नुकसान पहुंचाती है। इससे पत्तियों पर गोल छेद दिखाई देते हैं और पौधे में डेड हार्ट व झाड़ीदार संरचना (बंची टॉप) बन जाती है। नियंत्रण के प्रभावी तरीके इस कीट के नियंत्रण के लिए अंडों और सुंडियों को समय रहते नष्ट करना बेहद जरूरी है। संक्रमित पौधों को काटकर नष्ट कर देना चाहिए। रासायनिक नियंत्रण हेतु अप्रैल के अंतिम सप्ताह या मई के पहले सप्ताह में क्लोरेन्ट्रानिलिप्रोल 18.5 SC की 375 मिली मात्रा को 800-1000 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर जड़ों के पास ड्रेंचिंग करने के बाद सिंचाई करनी चाहिए। जैविक नियंत्रण भी कारगर जैविक उपायों में प्रति हेक्टेयर 25 फेरोमोन ट्रैप 25-30 मीटर की दूरी पर लगाने की सलाह दी गई है, जिससे नर कीट फंसकर नष्ट हो जाते हैं। इसके अलावा 5-10 लाइट ट्रैप भी प्रभावी साबित होते हैं। ट्राइकोग्रामा जपोनिकम (अंडपरजीवी) के 1 से 1.5 लाख वयस्क प्रति हेक्टेयर की दर से जून माह से 15-15 दिन के अंतराल पर गन्ने की पत्तियों की निचली सतह पर लगाने की सलाह दी गई है। कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों से अपील की है कि समय रहते इन उपायों को अपनाकर फसल को नुकसान से बचाएं। अधिक जानकारी के लिए किसान केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।


दीपक कुमार।

# मोबाइल वैन में जांचे 54 नमूने हल्दी-मिर्च समेत 4 फेल


फूड सेफ्टी लैब के साथ जांच करती विभागीय टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** मिलावटखोरी के विरुद्ध अभियान चलाते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने गुरुवार को बाजार गंज और राजीव मार्केट में विशेष पंजीकरण एवं जांच कैंप लगाया। इस दौरान ''फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स'' (मोबाइल वैन) के जरिए व्यापारियों और उपभोक्ताओं के खाद्य पदार्थों की मौके पर ही जांच की गई, जिसमें हल्दी, धनिया और मिर्च के नमूने फेल पाए गए।

विभागीय टीम ने व्यापारियों की सुविधा के लिए मौके पर ही लाइसेंस और पंजीकरण कैंप लगाया। इसमें कुल 120 लघु पंजीकरण और एक बड़े लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी की गई। मोबाइल लैब वैन में हल्दी, मिर्च, धनिया, मिठाई, दूध, दही और दालों सहित कुल 54 खाद्य पदार्थों का परीक्षण किया गया। जांच रिपोर्ट में एक हल्दी, एक धनिया और दो मिर्च के नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे और फेल पाए गए। शेष 50 नमूनों की गुणवत्ता सही पाई गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि गुणवत्ता से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल, अनिल कुमार अग्रवाल, जुल्फिकार अली आदि रहे।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2015 अनुक्रमांक 0691124 का प्रमाण पत्र-सह-अंक पत्र खो गया है। मोहम्मद सुल्तान पुत्र भूरे केयर आफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद

**संबन्ध विच्छेद**

मैंने व मेरे परिवार ने अपने सगे पुत्र मौ. राफे के गलत कृत्य व दुर्व्यवहार के कारण रजिस्टर्ड संबंध विच्छेद कर लिये है। इसका मेरी चल, अचल, संपत्ति, मकान, मुकदमा व भविष्य में घटित घटना से कोई लेना-देना नहीं है। कायम रजा पुत्र महमूद हसन निवासी मोहल्ला नई बस्ती नौगांवा सादात थाना व तहसील नौगांवा सादात, जिला अमरोहा।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# हाईस्कूल में कनिष्का और इंटरमीडिएट में सेजल जिला टॉपर

## यूपी बोर्ड परिणामः सरस्वती विद्या मंदिर मिलक की कनिष्का को 93.67 प्रतिशत, श्यामा देवी इंटर कालेज रास डंडिया की सेजल को 90.20 प्रतिशत अंक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परिणाम गुरुवार घोषित हो गया। हाईस्कूल में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक की कनिष्का गंगवार ने 93.67 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिला टॉप किया है। जबकि इंटरमीडिएट में श्यामा देवी इंटर कालेज रास डंडिया मिलक सेजल आर्या ने 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में प्रथम स्थान पाया है।

यूपी बोर्ड का परिणाम घोषित होने से पहले हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं की दिल की धड़कनें बढ़ी रहीं। रिजल्ट घोषित होने के बाद छात्र-छात्राओं ने यूपी बोर्ड की साइट पर रिजल्ट देखा। जिले के टॉप टेन में हाईस्कूल में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज मिलक की कनिष्का गंगवार ने 93.67 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिला टॉप किया है। दूसरे स्थान पर कलावती कन्या इंटर कालेज धनेली उत्तरी मिलक की समीक्षा कुमारी 93.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर हैं। श्री गुरुनानक इंटर कालेज बिलासपुर दीक्षा 93 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर हैं। जबकि इंटरमीडिएट में श्यामा देवी इंटर कॉलेज रास डंडिया मिलक सेजल आर्या ने 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में प्रथम स्थान पाया है। कलावती कन्या इंटर कालेज धनेली उत्तरी मिलक की मन्तशा 89.80 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान पर हैं। केकेएमपी इंटर कालेज सरकथल टांडा की शीरीन ने 89.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान पर हैं। रिजल्ट के लिए सुबह से इंतजार था इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय समेत तमाम स्कूल कालेज में रिजल्ट यूपी बोर्ड की साइट पर देखा गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं में जोश रहा और जैसे ही टॉप टेन में छात्र-छात्राओं ने अपने नाम देखे वे खुशी से झूम उठे। कॉलेज के प्रधानाचार्यो समेत माता-पिता को मिठाई खिलाई और विक्ट्री का निशान बनाकर खुशी जताई।



हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में पास होने पर खुशी से उछलतीं छात्राएं। ● अमृत विचार



पास होने पर विक्ट्री का निशान बनाकर दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

> हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित हो गया है। जो बच्चे असफल हुए हैं वह निराश नहीं हों अगले वर्ष के लिए अभी से मेहनत शुरू कर दें और अच्छे नंबरों से पास होकर दिखाएं। जो बच्चे सफल हुए हैं उनको बहुत-बहुत शुभकामनाएं।
>
> – अंजलि अगवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक

- जनपद में बेहतर रहा परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों ने अच्छे अंक से पास होने पर मनाई खुशी

## बेटों को पछाड़ जिले की बेटियों ने लहराया परचम

**रामपुर, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परिणाम में बेटों को पछाड़ कर बेटियों ने परचम लहराया है। प्रदेश की दोनों कक्षाओं की टॉपर बेटी रहीं तो रामपुर जिले में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की टॉपर बेटियां ही रहीं। जबकि हाईस्कूल की टॉप टेन में 17 में से 10 बेटियों के नाम हैं। जबकि, इंटरमीडिएट में टॉप -10 12 में से दस बेटियां शामिल हैं। नारी शक्ति ने यूपी बोर्ड के रिजल्ट में भी अपनी धाक जमा दी है। हाईस्कूल में छह बेटों के नाम हैं। इंटरमीडिएट में 10 बेटियां और दो बेटों के नाम शामिल हैं। हाईस्कूल में बेटों की अपेक्षा बेटियां मां-बाप की उम्मीदों पर खरी उतरी हैं। हाईस्कूल की टॉप टेन में 17 छात्रों में कनिष्का, समीक्षा कुमारी और दीक्षा समेत 10 बेटियों के नाम हैं। जबकि बेटों के नाम सात नाम हैं। इंटरमीडिएट की टॉप टेन में कुल 12 नाम हैं, जिसमें टॉप थ्री में सेजल आर्या, मन्तशा और शहरीन समेत 10 नाम शामिल हैं। बेटियों ने एक बार फिर खुद को साबित किया है कि वह किसी से पीछे नहीं हैं। जिले में हाईस्कूल की टॉपर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक की कनिष्कार गंगवार रहीं हैं, जबकि इंटरमीडिएट में श्यामा देवी इंटर कालेज रास डंडिया की सजल आर्य जिले की टॉपर हैं। हाईस्कूल की टॉप टेन में कुल 17 नाम हैं जिसमें 10 बेटियां और 12 नामों वाली इंटरमीडिएट की टॉप टेन में भी 10 बेटियों का जलवा है। इंटरमीडिएट में श्याम देवी इंटर कालेज रास डंडिया मिलक की सेजल आर्या ने जिले में नाम रौशन किया है।

## हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में बेटों का पासिंग प्रतिशत रहा कम



**रामपुर, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के पासिंग प्रतिशत में भी बेटियों का जलवा है। हाईस्कूल में 12834 छात्रों ने जबकि 12683 छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। परीक्षा में 11712 छात्रों के सापेक्ष 10003 छात्र और 12111 छात्राओं के सापेक्ष 11442 छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। इंटरमीडिएट में 10701 छात्रों ने और 10540 छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। जिसमें 10217 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें 7944 परीक्षार्थी पास हुए। 10355 छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुई जिसके सापेक्ष 9292 छात्राएं उत्तीर्ण हुईं हैं।

## इंटरमीडिएट में रामपुर को मंडल में मिला तीसरा स्थान

**रामपुर, अमृत विचार :** शिक्षा के क्षेत्र में भी रामपुर को पंख लग रहे हैं, यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में मुरादाबाद मंडल में तीसरे नंबर पर है। इंटरमीडिएट परीक्षा में 83 .79 प्रतिशत रिजल्ट रहा जबकि, मंडल का जिला बिजनौर 82 .85 प्रतिशत पाकर फिसड्डी रहा। हाईस्कूल में रामपुर को मंडल में चौथा स्थान मिला जिसमें 90 .02 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। हाईस्कूल में जिला बिजनौर 89 .84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवे स्थान पर हैं। जबकि, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के रिजल्ट में अमरोहा का परचम लहराया है। हाईस्कूल की परीक्षा के लिए 25,517 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 23,823 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें 21,445 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए है और 90 .02 प्रतिशत रिजल्ट रहा प्रदेश में रामपुर 46 वें स्थान पर है। इंटरमीडिएट के 21,241 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 20,572 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 17,238 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। 83 .79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मंडल में रामपुर तीसरे पायदान पर है। जबकि प्रदेश में 27वां स्थान प्राप्त किया है। यूपी बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने प्रदेश भर में रामपुर का नाम रोशन किया है। यूपी बोर्ड का रिजल्ट गुरुवार को शाम करीब 4 :10 बजे साइट पर देखने के बाद से ही एक दूसरे को फोन करके और मैसेज भेजकर बधाइयों का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। स्कूलों में खुशी का माहौल रहा टॉपर बच्चों ने अपने माता-पिता और गुरुजनों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। माता-पिता और गुरुजनों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सरस्वती विद्या मंदिर मिलक के 5 छात्रों ने जिले में बनाई जगह

**मिलक, अमृत विचार :** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के 5 छात्र-छात्राओं ने जिले की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया। हाईस्कूल में जिले की मेरिट मे कनिष्का गंगवार ने 93 .66 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नैना गंगवार ने 92 .5 प्रतिशत प्राप्त कर पांचवां स्थान तथा देवांश गंगवार ने 92 .16 प्रतिशत प्राप्त कर सातवां स्थान हासिल किया। इंटरमीडिएट में जिले की मेरिट में मेनका ने 88 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में छठा स्थान हासिल किया। लवी ने 87 .2 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में दसवां स्थान प्राप्त किया। परिणाम घोषित होने पर विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार माहेश्वरी, प्रबंधक सुरेश चंद्र गंगवार, उप प्रबंधक हरि ओम अग्रवाल, योगेश कुमार बंसल एडवोकेट, सर्वेश अग्रवाल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## कलावती कॉलेज की चार छात्राओं ने जिले में टॉप-10 में बनाई जगह




**रामपुर, अमृत विचार :** मिलक तहसील क्षेत्र के ग्राम धनेली उत्तरी स्थित कलावती कन्या इंटर कॉलेज का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की चार छात्राओं ने जिले के टॉप-10 में जगह पक्की की है। इनमें 10वीं और 12वीं में दो छात्राएं जिले की द्वितीय टॉपर रहीं हैं। हाईस्कूल परीक्षा में छात्रा समीक्षा कुमारी ने 93 .50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में जिले में द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं हाईस्कूल परिणाम में एकता गंगवार ने 91 .50 व कशिश सागर 91 .50 प्रतिशत अंक प्राप्त दसवां स्थान हासिल किया। इंटरमीडिएट परिणाम में छात्रा मनतशा ने 89 .80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम पर स्कूल के प्रबंधक व भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्राओं की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता संभव हुई है। पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार व भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने मिठाई खिलाकर छात्राओं को बधाई दी। प्रधानाचार्य मोहम्मद जफर अंसारी, हिमांशु गंगवार ने सभी सफल छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट टॉप-10 में 12 अभ्यर्थी

| नाम | प्रतिशत | स्कूल |
|---|---|---|
| 1. सेजल आर्या | 90 .20 | शामा देवी इंटर कॉलेज रास डांडिया मिलक |
| 2. मंतशा | 89 .80 | कलावती इंटर कॉलेज धनेली उत्तरी मिलक |
| 3. शहरीन | 89 .60 | केकेएमपी इंटर कॉलेज सरकथल टांडा |
| 4. प्रियांशी | 89 .20 | रीता पब्लिक इंटर कॉलेज परम मिलक |
| 5.अंश कुमार | 88 .20 | एमडीबीएम इंटर कॉलेज बिलासपुर |
| 6. मेनका | 88 .00 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक |
| 7. श्वेता | 87 .80 | डीबी सिंह मेमोरियल कॉलेज भैंसोडी |
| 8. कशिश | 87 .60 | बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, महमूदपुर |
| 8. राधिका | 87 .60 | जीआईसी धमोरा मिलक |
| 9. सरीता | 87 .40 | बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महमूदपुर |
| 10. लवी | 87 .20 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक |
| 10 .अनमता | 87 .20 | हसरत इंटर कॉलेज खौद रामपुर |

## यूपी बोर्ड हाईस्कूल टॉप-10 में 17 अभ्यर्थी

| नाम | प्रतिशत | स्कूल |
|---|---|---|
| 1. कनिष्का गंगवार | 93 .67 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक |
| 2. समीक्षा कुमारी | 93 .50 | कलावती इंटर कॉलेज धनेली उत्तरी मिलक |
| 3. दीक्षा | 93 .00 | श्री गुरुनानक इंटर कॉलेज बिलासपुर |
| 4. प्रखर गौतम | 92.83 | गौरीनंदन इंटर कॉलेज मिलक निब्बी सिंह |
| 4. अर्शी फात्मा | 92.83 | श्री गुरुनानक स्कूल बंजरिया रामपुर |
| 5. नैना गंगवार | 92 .50 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक |
| 5. अंजलि मित्तल | 92 .50 | शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज शाहबाद |
| 6. अनिकेत प्रताप सिंह | 92 .33 | श्रीराम इंटर कॉलेज पंजाबनगर रामपुर |
| 6. अंकित | 92 .33 | जनहित कमला इडनगार्डन कॉलेज शाहबाद |
| 7. देवांश गंगवार | 92 .17 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक |
| 7. नव्या शर्मा | 92 .17 | पीटी बुलाकीराम शर्मा गर्ल्स कॉलेज, धमोरा |
| 7. उवैस | 92 .17 | हसरत इंटर कॉलेज खौद रामपुर |
| 8. अर्पित | 92 .00 | रीता पब्लिक स्कूल परम, मिलक, रामपुर |
| 9 : हिफ्जा | 91 .67 | रामपुर नेशनल एसआर स्कूल, रामपुर |
| 10. एकता गंगवार | 91 .50 | कलावती कन्या इं कॉलेज धनेली उत्तरी मिलक |
| 10. कशिश सागर | 91 .50 | कलावती कन्या इं कॉलेज धनेली उत्तरी मिलक |
| 10. ध्रुव | 91 .50 | सुखदेवी स्कूल चांदपुर, रामपुर |



सरस्वती विद्या मंदिर मिलक में छात्र-छात्राओं के साथ स्टाफ। ● अमृत विचार



कॉलेज की टॉपर को मिठाई खिलातीं कन्या इंटर कालेज खारी कुआं की प्रधानाचार्य।

## मंडल के जिलों में हाईस्कूल का परिणाम प्रतिशत

| जिला | प्रतिशत | स्थान |
|---|---|---|
| अमरोहा | 93 .74 | प्रथम |
| मुरादाबाद | 91 .41 | द्वितीय |
| संभल | 90 .18 | तृतीय |
| रामपुर | 90 .02 | चतुर्थ |
| बिजनौर | 89 .84 | पंचम |

## मंडल के जिलों में इंटरमीडिएट का परिणाम प्रतिशत

| जिला | प्रतिशत | स्थान |
|---|---|---|
| अमरोहा | 88 .87 | प्रथम |
| मुरादाबाद | 87 .45 | द्वितीय |
| रामपुर | 83 .79 | तृतीय |
| संभल | 83 .54 | चतुर्थ |
| बिजनौर | 82 .85 | पंचम |

## यूपी बोर्ड हाईस्कूल टॉप-10



1. कनिष्का गंगवार 93 .67%, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक



5. अंजलि मित्तल, 92 .50 %, शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज शाहबाद



5. नैना गंगवार, 92 .50 % सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक



6. अंकित 93 .33% जनहित कमला इडनगार्डन कॉलेज शाहबाद



7. उवैस, 92 .17 % हसरत इंटर कॉलेज खौद रामपुर



7. देवांश गंगवार, 92 .17 %, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक

## सिविल सर्विसेज में जाकर देश सेवा करना है सपना : कनिष्का

**रामपुर, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज मिलक की छात्रा

**टॉपर 1**

कनिष्का गंगवार ने हाईस्कूल यूपी बोर्ड की परीक्षा में 93 .67 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिला टॉप किया है। उसका सपना समाज सेवा करने का है और वह सिविल सर्विसेज में जाना चाहती है। बताती है कि उसने 8-10 घंटे प्रतिदिन पढ़ाई की और स्कूल से कभी छुट्टी नहीं की है। बताती है कि उसने मोबाइल से दूरी बनाकर रखी और किताबों के अलावा कालेज में जितना पढ़ाया गया उसको आत्मसात किया और अपनी मंजिल की तरफ आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है। बताती है कि वह भोर में उठकर करीब तीन घंटे पढ़ाई करती थी। इसके बाद नाश्ता वगैर करके स्कूल के लिए निकल जाती थी। स्कूल में जितना पढ़ाया जाता था उसका घर पर पहुंचकर रिवीजन करती थी जो सवाल समझ में नहीं आते थे उनको टिक करके अगले दिन स्कूल में विषय के शिक्षकों से उसे समझती थी। इससे उसका रूटीन बन गया। अपने पीछे आने वालों को संदेश देती है कि रूटीन बनाकर पढ़ाई करें इससे उनको बहुत आसानी हो जाएगी।

## हाईस्कूल के टॉप थ्री से बातचीत

## डीएम बनने के लिए करुंगी जी तोड़ मेहनत : समीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** कलावती कन्या इंटर कालेज धनेली उत्तरी

**टॉपर 2**

मिलक की छात्रा समीक्षा कुमारी दो टूक कहती हैं कि वह डीएम बनने के लिए जी तोड़ मेहनत करेंगी। उसके पिता रामेश्वर दयाल की एक एकड़ जमीन है और वह उसी में खेती किसानी कर गृहस्थी की गाड़ी खींचते हैं। मां वीरवती गृहणी हैं और उन्होंने उसकी पढ़ाई में बहुत हौसला बढ़ाया। समीक्षा बताती है कि उसने प्रतिदिन 8-9 घंटे पढ़ाई की थी। गणित विषय के लिए ट्यूशन लगाई थी लेकिन मोबाइल से दूर रही। परिजनों ने मोबाइल खरीदकर नहीं दिया है। अपनी पढ़ाई का श्रेय गुरुजनों और माता पिता को देती है। बताती है कि पढ़ाई करने के लिए वह भोर में उठ जाती थी उसके बाद स्कूल के लिए निकलती थी। स्कूल से आने के बाद खाना खाकर आराम करती थी और इसके बाद ट्यूशन पढ़ने जाती थी। रात में भी करीब 12 बजे तक पढ़ाई करती थी। बिजली नहीं होने पर कभी मोमबत्ती और कभी इमरजेंसी लाइट लगाकर पढ़ाई की।



## सिविल सर्विसेज में जाकर देश की सेवा करना है मकसद : दीक्षा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर के श्री गुरुनानक इंटर कॉलेज की छात्रा दीक्षा ने यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 93 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इस उपलब्धि के साथ ही उन्होंने जनपद की टॉप-10 वरीयता सूची में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरुजनों और माता-पिता को देते हुए दीक्षा ने बताया कि उन्होंने नियमित रूप से चार-चार घंटे पढ़ाई की। जबकि सोशल मीडिया से दूरी बनाई रखी। दीक्षा की इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया कि उनका सपना सिविल सर्विसेज में जाकर देश की सेवा करना है। वह अभी से अपने इस बड़े लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाना चाहती हैं। कहा कि उनके पिता रामस्वरूप गंगवार बरेली में रहकर खेती-किसानी करते है। जबकि माता पुष्पा देवी ग्रहणी है।

**टॉपर 3**



## यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट टॉप-10



2. मंतशा 89 .80 % कलावती इंटर कॉलेज धनेली उत्तरी मिलक



3. शहरीन, 89 .60 % केकेएमपी इंटर कॉलेज सरकथल टांडा



6. मेनका 88 .00% सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक



8. कशिश 87 .60 % बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, महमूदपुर



10. लवी 87 .20% सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक



10 .अनमता 87 .20 % हसरत इंटर कॉलेज खौद रामपुर

## निजी स्कूलों के बच्चों ने भरी उड़ान, धड़ाम हुए सरकारी शिक्षा संस्थान



यूपी बोर्ड का अच्छा रिजल्ट आने पर खुशी जताती बेटियां। ● अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में निजी स्कूलों के बच्चों ने उड़ान भरी है जबकि, सरकारी शिक्षा संस्थान धड़ाम हो गए हैं। हाईस्कूल की 17 नामों वाली टॉप टेन में सरकारी स्कूलों का एक भी बच्चा शामिल नहीं है। इंटरमीडिएट की 12 नामों वाली टॉप टेन में नवें स्थान पर राजकीय इंटर कॉलेज धमोरा मिलक की राधिका ने सरकारी स्कूलों की इज्जत बचाई है। सरकारी स्कूलों में पढ़ाई बेहतर होती तो हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट इस तरह धड़ाम नहीं होता। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के टॉप टेन की सूची देखकर स्थिति स्पष्ट है। शिक्षाविद् डॉ. मुमताज अर्शी कहते हैं कि सरकारी स्कूलों का यह ट्रेंड यह हो गया है कि टीचर्स यह नहीं चाहते कि बच्चे स्कूल आएं। जिसके कारण बच्चों को पूरी आजादी मिल गई है और पढ़ने के लिए स्कूल नहीं आते। पहले 75 प्रतिशत उपस्थिति नहीं होने पर परीक्षा से रोक दिया जाता था। जब सरकारी स्कूलों पढ़ाई नहीं होती तो रिजल्ट तो ऐसा ही आना है। डॉ. रूबी सिद्दीकी कहती हैं कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में तमाम सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। शिक्षकों को वेतन भी बहुत अच्छा मिल रहा है यदि वह उसका आधा भी हक अदा कर दें तो रिजल्ट में परिवर्तन देखने को मिलेगा। माध्यमिक से लेकर सरकारी डिग्री कॉलेजों तक में शिक्षा का स्तर बहुत निम्न स्तर का हो गया। शिक्षक अब पढ़ाना नहीं चाहते और उसका रिजल्ट सामने है।

## साइकिल से किया सफर, जीत लिया जहां : सेजल आर्या

**रामपुर, अमृत विचार :** गरीब किसान की बेटी ने साइकिल से छह किमी. दूर जाकर स्कूल में शिक्षा ग्रहण की और जिले 90 .20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की टॉपर बनी है। श्यामा देवी इंटर कॉलेज रास डंडिया मिलक की छात्रा सेजल आर्या का सपना डीएम बनकर देश की सेवा करना है। उसने मोबाइल से दूर रहकर अपनी पढ़ाई पर फोकस रखा और जिला टॉपर बन गई। सेजल बताती है कि उसके पिता के पास 5 बीघा जमीन है भाई आदित्य बीएससी कर रहा है और मां जयंती देवी ग्रहणी हैं। उसने रातो-दिन मेहनत की इसके लिए वह अपने गुरुजनों, माता पिता और भाई को श्रेय देती है। वह बताती है कि उसने प्रतिदिन 5-6 घंटे स्टडी और ट्यूशन भी पढ़ी। उसकी पढ़ाई में उसके भाई और शिक्षकों ने बहुत मदद की। कहा कि उसका सपा है कि वह डीएम बनकर लागों मदद करे। जाड़ा, गर्मी बरसात की परवाह किए बिना वह रोजाना स्कूल पहुंचती थी। वह छात्र-छात्राओं को संदेश देना चाहती है कि पढ़ाई में कोई शार्ट कट नहीं होता वे मेहनत से पढ़कर तरक्की की राहों पर आगे बढ़ें।

**टॉपर 1**



## 3 किमी. साइकिल का सफर तय कर टॉप टेन में मिला दूसरा पायदान : मंतशा

**रामपुर, अमृत विचार :** आंखों में डॉक्टर बनने का सपना लेकर मंतशा 3 किमी. का सफर तय करके कलावती कन्या इंटर कालेज धनेली उत्तरी पहुंचती थी और जिला टॉप करने की मन में सोचती रहती थी। उसे जिले की टॉप टेन में दूसरा स्थान मिला है जिसको लेकर मंतशा बहुत खुश है। बताती है कि उसका घर मिलक के ग्राम जालफ नगला में है। उसके पिता साजिद हुसैन कारपेंटर हैं और मध्यम वर्गीय परिवार है। मां शबाना गृहणी हैं। बताती है कि गांव में जब लाइट चली जाती थी तो वह लालटेन से पढ़ाई करती थी। परिवार में सीमित आमदनी है इसलिए उसने मन में कुछ करने की ठान ली है। लक्ष्य निर्धारित कर उसका पीछा करने की ठान ली है। बताती है उसने रोजाना सात से आठ घंटे तक पढ़ाई की है और पढ़ने वालों को संदेश देती है कि पढ़ाई का कोई शार्ट कट नहीं होता है। इस लिए अपना सारा फोकस पढ़ाई पर रखें। शादी-ब्याह से दूरी बनाए रखें किसी काबिल बन जाएं इसके बाद शादी ब्याह और खूब मनोरंजन करें। इस वक्त जरूरी है कि गंभीरता से पढ़ाई कर अपने लक्ष्य को छूने का प्रयास करें।

**टॉपर 2**

## कलेक्टर बनकर समाज सेवा करना है : शहरीन

**रामपुर, अमृत विचार :** केकेएमपी इंटर कॉलेज सरकथल की इंटर कालेज टांडा की छात्रा शहरीन ने टॉप टेन में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। शहरीन ने बताया कि उसने कलक्टर बन दीन दुखियो की सेवा करना है। जिस तरह मौजूद कलेक्टर गरीबों की सेवा कर रहे हैं। कहा कि उसने 6-7 घंटे सेल्फ स्टडी की और वह सोशल मीडिया से मदद लेती थी। उसने जिला टॉपर बनने के लिए तैयारी की थी लेकिन, 1.4 अंक से टॉपर बनने से पीछे रह गई है। बताती है कि वह अब यूपीएससी की तैयारी में जुट जाएगी। इसके लिए वह कोचिंग लेगी ताकि पहले प्रयास में उसे मंजिल मिल जाए। वह अपनी सफलता का श्रेय अपने मां-बाप और शिक्षकों को देती हैं। छात्र-छात्राओं को संदेश देती हैं कि सफलता का कोई शार्ट कट नहीं होता है पूरी मेहनत से पढ़ाई करें। शहरीन की सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। रिश्तेदार और मोहल्ले के लोग मुबाकरबाद देने के लिए उसके घर पहुंच रहे हैं। इसके अलावा देर रात तक फोन पर उसे और उसके परिजनों को बधाई संदेश देने का सिलसिला चलता रहा।

**टॉपर 3**

# सुविधा 150 बेड की और मरीज पहुंच रहे 400

## डायरिया के मरीजों से भरे जिला अस्पताल के वार्ड, सुविधाएं भी पड़ रहीं कम, परेशान तीमारदार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** डायरिया के मरीजों से जिला अस्पताल के वार्ड भर गए हैं। 24 घंटे में 60 से 65 डायरिया के मरीज भरती हो रहे हैं। मरीजों में उल्टी, दस्त और कमजोरी की शिकायत हो रही है। 150 बेड वाला अस्पताल 400 मरीजों के पहुंचने से हांफ रहा है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बताते हैं कि आयुष्मान वार्ड समेत चार वार्ड खुलवाकर उनमें 100 बेड का इंतजाम किया गया है जरूरत पड़ने पर एक बेड पर दो-दो मरीज भी लिटाए जा रहे हैं।

जिला अस्पताल पहुंच रहे मरीजों में उल्टी दस्त और कमजोरी की शिकायत है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने बताया कि एक दम गर्मी बढ़ने और दूषित पानी पीने और खुले में रखे खाद्य पदार्थों के खाने से लोग बीमार हो रहे हैं। जिला अस्पताल में भर्ती सलमान, सायमा और सृष्टि ने बताया कि उन्होंने आइसक्रीम खाई थी इसके बाद पेट में दर्द हुआ और उल्टी दस्त शुरू हो गए। जिला अस्पताल में मरीजों के बढ़ते दबाव के मद्देनजर चार अतिरिक्त वार्ड खोलकर करीब 100 बेड की व्यवस्था की गई है। चिकित्सकों की टीम मरीजों को त्वरित इलाज देकर विदा कर रही है। इसके प्रतिदिन 250-300 नए मरीज पहुंच रहे हैं। मुख्य चिकित्साधीक्षक ने कहा कि लोग पेयजल पर ध्यान दें। वे प्रयास करें कि साफ पानी नहीं मिलने पर पानी का उबालकर उसे ठंडा करके पीएं। उन्होंने कहा कि गर्मी बढ़ने और ताजा भोजन साफ पानी नहीं पीने के कारण मरीज बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मरीजों के बढ़ने पर बेड के अलावा अतिरिक्त दवाइयों को इंतजाम किया गया है।



जिला अस्पताल में भर्ती डायरिया के मरीज। ● अमृत विचार

- मरीज बढ़ने पर अतिरिक्त बेड और दवाइयों का कराया इंतजाम

### बीमार बोले-



आइसक्रीम खाई थी इसके बाद पेट में दर्द शुरू हो गया पेट में बहुत तकलीफ हुई। इसके बाद दस्त आना शुरू हो गए इसके बाद मम्मी-पापा ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।
– सृष्टि निवासी आगापुर



गर्मी के मौसम में अचानक तेज पसीना आया और उसके बाद पेट में दर्द शुरू हो गया। उल्टी दस्त आने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया अब तबियत काफी ठीक है।
– सुजाता निवासी पुराना गंज



कुछ खाया भी नहीं खाया था लेकिन, पेट में दर्द होने के बाद उल्टी दस्त शुरू हो गए। दूषित पानी पीने से संभवत: डायरिया हो गया। आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।
– सलमान, निवासी बजरिया खानसामा



हमने कोई रखी हुई चीज नहीं खाई थी। घर में हैंडपम्प है हो सकता है दूषित पानी पीने से तबीयत खराब हो गई। पेट दर्द होने पर जिला अस्पताल में घरवालों ने भर्ती कराया है।
– मनीषा, निवासी बेनजीर

# कन्या सुमंगला योजना में 16,822 बेटियां लाभान्वित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 56 हजार से अधिक महिलाओं के खाते में पहुंच रही पेंशन आत्मनिर्भर बन रही बेटियां

**अमृत विचार :** रामपुर जिले में आधी आबादी को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकारी योजनाएं मील का पत्थर साबित हो रही हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार अब तक जिले की 16,822 बेटियों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत लाभान्वित किया जा चुका है। वहीं निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत कुल 56,251 महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा गया है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जिले में बालिकाओं के लिए एक बड़ा वरदान साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष में प्राप्त 429 नए आवेदनों में से 427 को तत्काल स्वीकृति दी गई है। छह विभिन्न श्रेणियों में कुल 25,000 रुपये की धनराशि प्रदान की जा रही है। आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा लाभ बालिकाओं के जन्म और उनके टीकाकरण के समय दिया गया है। ईरा आर्य ने बताया कि जिले की विधवा और निराश्रित महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए पेंशन योजना बेहद कारगर सिद्ध हुई है। वर्तमान में जिले की कुल 56,251 महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। इस साल भी प्रशासन ने 275 नई पात्र महिलाओं को योजना से जोड़ा है। लाभार्थियों को प्रतिमाह 1,000 रुपये के हिसाब से त्रैमासिक आधार पर 3,000 रुपये की सम्मान राशि सीधे उनके खातों में भेजी जा रही है। पारदर्शिता के लिए अब ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में आय प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं निराश्रित महिलाओं की बेटियों के लिए कन्या विवाह सहायता योजना के तहत 11,000 रुपये की राशि देने का प्रावधान है।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने खुद को ब्लेड मारकर किया घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव छोटा वाला मिलक गांव निवासी विक्की के अनुसार उसका चचेरा भाई बादल अक्सर नशा कर करता है। उनके घर में बड़े भाई की शादी है। इसी बीच बादल ने नशा करके घर में उत्पात करना शुरू कर दिया। मना करने पर देर रात करीब दो बजे ब्लेड से अपने हाथ को गंभीर रूप से जख्मी कर लिया, जिससे उसका हाथ लहूलुहान हो गया। बाद में घायल को उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। चिकित्साधिकारी डॉ. एसके व्यास ने बताया कि घायल ने अपने हाथ में गहरे जख्म कर लिए हैं। जिसकी उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।

### मैरिज हॉल के बाहर से बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला भट्टी टोला निवासी अरुण कुमार द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें कहा कि 19 अप्रैल की रात दस बजे वह नैनीताल हाईवे स्थित एक मैरिज हॉल में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से गया था। इस दौरान उसने बाइक को पार्किंग स्थल में खड़ी कर समारोह में शामिल होने के लिए चला गया। जब वह वापस लौटा, तो पार्किंग स्थल से बाइक गायब होने पर खलबली मच गई। बाद में तलाश किए जाने के बावजूद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### सड़क हादसे में युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव गुलड़िया टूला निवासी कुलवंत कौर द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें कहा कि पांच मार्च की शाम पांच बजे उसका पुत्र संदीप सिंह गांव मनुनगर मोड़ पर खड़ा था। इस दौरान कार चालक ने लापरवाही से पुत्र को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसे उपचार के लिए रुद्रपुर उत्तराखंड स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार जारी है। महिला का आरोप है कि इस संबंध में स्थानीय पुलिस को तहरीर देने के बावजूद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। विवेचना की जा रही है।

## युवक ने पेड़ से लटक कर दी जान, परिजनों में छाया मातम

**स्वार, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव इमरतपुर निवासी 22 वर्षीय सचिन पुत्र लेखराज ने जंगल जाकर पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। लोगों ने बताया कि सचिन काफी समय से परेशान चल रहा था। पिछले कुछ समय से पारिवारिक विवादों और तनाव से गुजर रहा था। परिजनों के अनुसार घर में आए दिन होने वाले मनमुटाव के चलते वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगा था। इसी तनाव के बीच उसने यह गंभीर कदम उठा लिया। मौके पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने कोई कानूनी कार्रवाई न करने की बात कही। जिस पर पुलिस वापस लौट गई। परिजनों ने मृतक के शव का शाम को अंतिम संस्कार कर दिया।

# शत्रु संपत्ति मामले में आजम खान की जमानत खारिज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सपा नेता आजम खां को शत्रु संपत्ति मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी है। आजम खान फिलहाल रामपुर जिला कारागार में बंद हैं। मामला साल 2020 में दर्ज किया गया था। इसमें रिकॉर्ड रूम के दस्तावेजों से छेड़छाड़ और धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस ने मामले में कई गंभीर धाराएं जोड़ीं हैं। इनमें 420, 467, 471, 120बी और 201 जैसी धाराएं शामिल हैं। आजम खां के अधिवक्ता ने जमानत के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुनवाई के बाद जज शोभित बंसल ने उनकी याचिका खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष के तर्कों को देखते हुए कोर्ट ने यह फैसला सुनाया।

### दो मामलों में हुई बहस

एमपी-एमएलए कोर्ट में गुरुवार को आजम खान से जुड़े दो मामलों में सुनवाई हुई। पहला मामला 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान दर्ज हुआ था, जिसमें आजम खान पर तत्कालीन जिलाधिकारी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप है। भोट थाना क्षेत्र में मुकदमा दर्ज हुआ था। तब से न्यायालय में विचाराधीन है। गुरुवार को हुई सुनवाई में अभियोजन पक्ष ने अपनी बहस पूरी कर ली। अभियोजन अधिकारी स्वदेश शर्मा ने अदालत के समक्ष अपने तर्क रखे। कोर्ट ने 29 अप्रैल की तिथि दी है। दूसरा मामला शत्रु संपत्ति और उससे जुड़ी जमीन से जुड़ा है। इसमें तीन अलग-अलग मुकदमों को एक साथ सुनने की मांग की गई थी। बचाव पक्ष ने इन मामलों को एकीकृत कर सुनवाई करने की अर्जी दी थी, जिस पर काफी समय से बहस चल रही थी।

## सड़क हादसे में अमेठी के बाइक सवार की मौत

**मिलक, अमृत विचार :** गुरुवार को शाम करीब 6 बजे अखिलेश पुत्र राम शत्रुघ्न निवासी ग्राम संडीला शिवगढ़ जलालपुर जिला अमेठी अपने दोस्त प्रदीप शर्मा पुत्र मित्र पाल शर्मा निवासी ग्राम धमोरा थाना मिलक दोनों बरेली तरफ को जा रहे थे। धर्मपुरा बाईपास के निकट किसी अज्ञात वाहन ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी और यह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बुलाया। पुलिस दोनों घायल युवकों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक ले गई। जहां पर डॉक्टरों ने अखिलेश शर्मा को मृत घोषित कर दिया। घायल प्रदीप शर्मा को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर मिलक पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# प्रसन्ना के बांसुरी वादन ने किया मंत्रमुग्ध

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** दयावती मोदी अकादमी में गुरुवार को स्पीक मैके के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में देश के सुप्रसिद्ध बांसुरी वादक पंडित राजेंद्र प्रसन्ना ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से विद्यार्थियों और शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने विभिन्न रागों पर आधारित धुनें प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को भारतीय शास्त्रीय संगीत की सुंदरता से परिचित कराया।

उन्होंने देशभक्ति गीत सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा तथा भजन ओ पालन हारे निर्गुण और न्यारे और वैष्णव जन तो तेने कहिए की मधुर धुनों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उनके साथ पीलीभीत से आए पंडित सम्यक पाराशरी ने बांसुरी पर तथा असम से आए पंडित देव ज्योतिदास गुप्ता ने तबले पर उत्कृष्ट संगत दी, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। तीनों कलाकारों की जुगलबंदी ने दर्शकों को देर तक तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. सुमन तोमर ने कलाकारों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन शिवानी गुप्ता एवं नजम खान ने कुशलतापूर्वक किया। इस अवसर पर अचल राज पांडेय, पूनम गुप्ता, आर.के. गुप्ता, रवि मेहरा सहित विद्यालय के बच्चे, शिक्षक व अन्य लोग मौजूद रहे।



बांसुरी वादक पंडित राजेंद्र प्रसन्ना को सम्मानित करती प्रधानाचार्य डॉ. सुमन तोमर।

- स्पीक मैके का भव्य सांस्कृतिक आयोजन



प्रस्तुति देते बांसुरी वादक पंडित राजेंद्र प्रसन्ना।

# हीट वेव को लेकर अलर्ट एडवाइजरी की जारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने रामपुरवासियों को आगामी दिनों में बढ़ती गर्मी और संभावित हीटवेव (लू) को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष हीटवेव की तीव्रता विगत वर्ष की अपेक्षा अधिक रहने की संभावना है, ऐसे में सभी को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि घर से बाहर निकलते समय छाता, टोपी या गमछा तथा पर्याप्त पानी अवश्य साथ रखें। हल्के रंग के, ढीले एवं सूती फुल आस्तीन कपड़े पहनें। बाहर कार्य करने वाले व्यक्ति समय-समय पर गीले कपड़े से चेहरा, सिर व गर्दन ढकते रहें। खान-पान को लेकर भी विशेष सलाह देते हुए कहा कि ताजा एवं हल्का भोजन करें तथा खीरा, ककड़ी, तरबूज जैसे मौसमी फल-सब्जियों का अधिक सेवन करें। शरीर में पानी की कमी से बचाव के लिए लस्सी, छाछ, नींबू पानी, नमक-चीनी घोल, आम का पन्ना एवं गन्ने का रस जैसे तरल पदार्थों का सेवन बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि हीटवेव के लक्षणों में घबराहट, चक्कर आना, सिरदर्द, उल्टी, मांसपेशियों में ऐंठन, तेज बुखार, पसीना न आना अथवा बेहोशी शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत छांव में आराम करें, कपड़े ढीले करें, ठंडे पानी से शरीर को ठंडा करें और होश में होने पर पानी पिलाएं। आवश्यकता पड़ने पर 108 एम्बुलेंस सेवा का उपयोग करें। सीएमओ ने विशेष रूप से सलाह दी कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें। गहरे रंग एवं गैर-सूती कपड़ों से बचें। अधिक तेल-मसालेदार एवं उच्च प्रोटीन युक्त भोजन सीमित करें। बिना चिकित्सकीय परामर्श के कोई भी दवा न लें तथा बच्चों एवं पालतू जानवरों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ें। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि इन सावधानियों का पालन कर स्वयं एवं अपने परिवार को लू के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखें।

## वार्ड-13 में 16 घंटे ठप रही बिजली

**मसवासी, अमृत विचार:** मसवासी नगर के वार्ड 13 में विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते करीब 16 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बुधवार शाम लगभग 4 बजे सर्वहितकारी इंटर कॉलेज के पास लगे ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ जाने से पूरे वार्ड की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। देर रात तक फ्यूज नहीं जोड़ा गया, जिससे पूरे क्षेत्र में अंधेरा छाया रहा। वार्डवासियों ने कई बार विद्युत कर्मचारियों को फोन कर समस्या से अवगत कराने की कोशिश की, लेकिन किसी भी कर्मचारी ने फोन रिसीव नहीं किया। उपभोक्ताओं ने मसवासी क्षेत्र के अवर अभियंता से संपर्क करने का प्रयास भी किया, लेकिन उनसे भी संपर्क नहीं हो सका। आखिरकार गुरुवार सुबह करीब 8 बजे ट्रांसफार्मर का फ्यूज जोड़ा गया, जिसके बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। कई बार फोन करने के बाद ही समस्या का समाधान मिल पाता है। वार्डवासियों ने अधिकारियों से मांग की है कि कर्मचारियों की कार्यशैली में सुधार लाया जाए।

# हादसों में तीन बाइक सवार घायल, हायर सेंटर रेफर

संवाददाता, बिलासपुर

- बिलासपुर क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसे

**अमृत विचार :** बिलासपुर थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग सड़क हादसों में तीन बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

बुधवार रात पहली दुर्घटना खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव खजुरिया खुर्द में हुई। इसमें नगर से सटे नगरिया कलां गांव के मझरे आनंदनगर निवासी नरेंद्र गंगवार घायल हो गए। परिजनों ने बताया कि नरेंद्र एक पेस्टीसाइड्स कंपनी में मार्केटिंग एजेंट हैं। ग्रामीण दुकानदारों से पेमेंट इकट्ठी कर वह उसे बंगाली कॉलोनी स्थित अपने डिस्ट्रीब्यूटर के पास जमा कराने जा रहे थे। गांव अहरो से निकलकर बंगाली कॉलोनी जाते समय रास्ते में खजुरिया खुर्द गांव में एक मोड़ के पास सामने से आ रहे ई-रिक्शा से उनकी बाइक टकरा गई। जिसके फलस्वरूप वह सिर के बल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरा सड़क हादसा गांव पिपलिया रायजादा के पास हुआ। जिसमें सोनू कुमार घायल हो गया।

तीसरे सड़क हादसे में शहजादनगर थाना क्षेत्र के जुनैया गांव निवासी जीत सिंह गंभीर घायल हुए। वह सुल्तानपुर गांव स्थित अपनी ससुराल से वापस लौट रहे थे। भटपुरा गांव से पहले किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गए। एम्बुलेंस द्वारा उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. तारिक इमरान ने बताया कि तीनों घायलों को सिर या चेहरे पर गहरी चोटें लगी थीं। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## न्यूज डायरी



### सैफनी में एआईएमआईएम ने चलाया सदस्यता अभियान

**सैफनी, अमृत विचार :** गुरुवार को एआईएमआईएम के नगर अध्यक्ष मास्टर तालिब अंसारी के आवास पर बैठक हुई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और पार्टी से जुड़े। जिलाध्यक्ष फरीदुज्जफर रहमानी ने पार्टी के शीर्ष नेताओं का पैगाम को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा गया। मीटिंग के अंत में काफी संख्या में लो गए। आईएमआईएम पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान मुख्य महासचिव डॉ. अंसार अली, विधानसभा अध्यक्ष ताहिर अली एडवोकेट, जिला महासचिव अकदम प्रधान, मोहम्मद आरिफ, हाजी हनीफ, परवेज आलम, साजिद हुसैन, मो. उमर जफर, जिला महासचिव रईस अहमद आदि मौजूद रहे।



### सीएचसी पर बने पात्रों के बने आयुष्मान कार्ड

**स्वार, अमृत विचार :** आयुष्मान योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। सीएचसी प्रभारी डॉ. राजीव चंदेल ने बताया कि शिविर में कुल 87 पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाए गए। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज सरकारी और चयनित निजी अस्पतालों में उपलब्ध कराया जाता है। बताया कि आयुष्मान कार्ड स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग भी महंगे इलाज का लाभ बिना किसी आर्थिक बोझ के उठा सकते हैं। शुक्रवार को शिविर लगा कर अधिक से अधिक पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाकर योजना से जोड़ा जाएगा। इस दौरान आयुष्मान मित्र रियासत अली समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



### प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर रोक और जर्जर लाइनों के सुधार की उठाई मांग

**शाहबाद, अमृत विचार :** शाहबाद क्षेत्र में व्याप्त बिजली समस्याओं को लेकर गुरुवार को भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने एसडीओ अलंकृत शर्मा को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की। ज्ञापन में प्रमुख रूप से प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। इसके साथ ही फीडर के समय में बदलाव करने के साथ लाइनमैन द्वारा की जा रही कथित अवैध वसूली पर रोक लगाने और क्षेत्र में जर्जर हो चुकी बिजली लाइनों को जल्द दुरुस्त कराने की मांग की। युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने कहा कि बिजली आपूर्ति की अनियमितता और खराब ढांचे के कारण उपभोक्ताओं को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में चौधरी सुनील कुमार सिंह प्रमुख सचिव, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, रंजीत सिंह यादव युवा जिला अध्यक्ष, चौधरी सुंदर सिंह तहसील अध्यक्ष, खुशीराम यादव ब्लॉक अध्यक्ष, नरेंद्र यादव, फूल सिंह, मनोज कुमार, राजेश कुमार, किशन लाल सिंह, तेजपाल सिंह, प्रेम सिंह, नवल किशोर, गुफरान खान, महावीर सिंह धनगर, जगतपाल सिंह और ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।



### विकास भारती स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस

**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र के विकास भारती स्कूल में गुरुवार को पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण, बोर्ड सज्जा और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों में पृथ्वी संरक्षण का संदेश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। मुख्य आकर्षण हमारी पृथ्वी, हमारा भविष्य विषय पर आयोजित वेबिनार रहा। विद्यार्थियों ने वेबिनार के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। अभिभावकों ने भी इसमें भाग लेकर बच्चों के साथ वृक्षारोपण अभियान में सहयोग किया। इसी अवसर पर विद्यालय में कक्षा 10 के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। चेयरमैन संसार सिंह, प्रधानाचार्य स्मिता गुप्ता और उप-प्राचार्य चेतन खत्री ने अभिभावकों की मौजूदगी में विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। याशी, शायना और वंशिका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन।

## जंगली सुअर के हमले में महिला घायल

**शाहबाद, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के करैथी गांव में गेहूं की फसल काटने गई एक महिला पर जंगली सुअर के हमले में वह जख्मी हो गई। महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार करैथी निवासी चंद्रशेखर की पत्नी नीरज अन्य महिलाओं के साथ खेतों में गेहूं की कटाई करने गई थीं। इसी दौरान अचानक एक जंगली सुअर वहां पहुंच गया और महिला पर हमला बोल दिया। हमले से घबराकर महिला ने शोर मचाया, जिस पर आसपास काम कर रहे लोग मौके की ओर दौड़े। बताया जा रहा है कि जब तक लोग महिला तक पहुंचते, तब तक जंगली सुअर उसके पैर में दांत मार चुका था।

# ऑल्टो की टक्कर बाइक सवार छह घायल

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** गुरुवार सुबह करीब सात बजे रामपुर चौराहे पर सिरौली की ओर जा रही एक ऑल्टो कार ने सामने से आ रही दो बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार छह लोग घायल हो गए। जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि कार और दोनों बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। एक बाइक पर सवार राहुल पुत्र मूलचंद अपनी पत्नी नीरज और छह माह की बच्ची तमन्ना के साथ जा रहे थे। टक्कर में तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर मुशाहिद अपने ग्यारह माह के बेटे जोहान अली के साथ थे। उन्हें भी गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद कार चालक मौके से भागने लगा, लेकिन स्थानीय लोगों ने पीछा कर उसे ढकिया रोड पर पकड़ लिया। चालक की पहचान मोहल्ला भीतरगांव निवासी रघुनाथ के रूप में हुई है। गुस्साए लोगों ने चालक की पिटाई कर दी, जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ से बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ऑल्टो कार और दोनों बाइकों को कब्जे में लेकर कोतवाली भिजवा दिया है।

### हादसे में घायल प्रधान पति की मौत



**टांडा, अमृत विचार :** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए प्रधान पति का इलाज के दौरान निधन हो गया। परिजनों ने बिना कार्रवाई के शव को सुपुर्द ए खाक किया। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहोरा की प्रधान गुलशन के पति मुदस्सिर की बीते बुधवार को कुँवाखेड़ा के नजदीक किसी वाहन से टक्कर हुई थी जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के तुरंत बाद परिजन उन्हें उपचार के लिए पहले रामपुर ले गए, जहाँ से हालत गंभीर होने पर उन्हें मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। मुरादाबाद के अस्पताल में उपचार के दौरान मुदस्सिर ने दम तोड़ दिया। जहाँ से शव को वापस घर लाया गया।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला सहित तीन को पीटा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गाली-गलौज का विरोध करने पर एक महिला समेत तीन व्यक्तियों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

नगर के मोहल्ला शीरी मियां निवासी अनम द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें कहा कि बुधवार की सवेरे साढ़े बजे वह अपने भाई बिलाल की मांस की दुकान पर उसे चाय देने के लिए गई थी। जहां पर पहले से मौजूद साजिद आदि व्यक्ति किसी बात को लेकर भाई से गाली-गलौज कर रहे थे। महिला ने आरोप लगाया कि जब वह दुकान से वापस घर लौट रही थी।

**टॉप टेन लिस्ट हाईस्कूल**


1. वंशिका
96.50 प्रतिशत
आरएसएम सिख आईसी खंडसाल कला


2. छवि चौहान
96.17 प्रतिशत
आरएसएम सिख आईसी खंडसाल कला


3. इशिका
96.00 प्रतिशत
आरएसएम सिख आईसी खंडसाल कला


4. हिमांशी
96.00 प्रतिशत
एसडीडब्लयूडी आईसी लुहारी भूड़


5. मीनाक्षी
95.83 प्रतिशत
यश पब्लिक इंटर कॉलेज गजरौला


6. वंश कुमार
95.50 प्रतिशत
यश पब्लिक इंटर कॉलेज गजरौला


7. जिया कुमार
95.50 प्रतिशत
केएसबीआईसी घंसूरपुर माफी हलपुरा


8. यंशिका
95.33 प्रतिशत
आरएसएम सिख आईसी खंडसाल कला


9. माही
95.00 प्रतिशत
आरएसडी एमआईसी सलेपुर गोसेन


10. नैनसी
-94.83 प्रतिशत
कमलेश गिल भारापुर माफी गजरौला।

# हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में लड़कियों ने फहराया परचम

## प्रदेश की टॉप सूची में भी मिला स्थान, परीक्षा परिणाम देख खुशी से झूम उठे टॉपर, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जताया हर्ष

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षक परिषद की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट गुरूवार को घोषित हुआ। परीक्षा परिणाम को लेकर छात्रों में उत्साह रहा। रिजल्ट देख कर मेधावियों ने खुशी जताई। स्कूल पहुंचकर छात्र छात्राओं ने अपने अंदाज में खुशी का इजहार किया। इस बार जिले में हाईस्कूल और इंटर टॉप टेन में छात्राओं ने बाजी मारी। जबकि आरएसएम सिख इंटर कॉलेज की दो छात्राओं ने प्रदेश की टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त किया है। अभिभावकों ने बच्चों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

गुरूवार को हाई स्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी हुआ। जिले में हाई स्कूल में कुल 26575 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे। जिसमें 25316 परीक्षा में शामिल हुए जबकि 23731 छात्र छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं इंटर में कुल 24689 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे। जिसमें 24070 परीक्षा में शामिल हुए जबकि 21391 छात्र छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की। कुल मिलाकर जिले में हाईस्कूल का परीक्षाफल 93.74 प्रतिशत रहा जबकि इंटर का रिजल्ट 88.87 प्रतिशत रहा। इसके बाद स्कूल संचालकों ने छात्र छात्राओं के अंक को देखा। अधिकांश छात्रों के अंक मनमाफिक आए। जिले के ज्यादातर सभी बच्चे पास हो गए है। छात्र छात्राओं ने अपने मोबाइल और इंटरनेट कैफे पर पहुंचकर परिणाम देखे। रिजल्ट देखकर छात्र छात्राएं संतुष्ट नजर आए और अच्छे नंबर देखकर उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। छात्र छात्राओं ने स्कूलों में पहुंचकर अपने अंदाज में खुशी का इजहार किया। छात्र और छात्राएं खुशी से झूम उठे। अभिभावक भी उल्लास में हैं। ज्यादातर बच्चों ने घरों पर ही जश्न मनाया। जिले के कई स्कूलों के अध्यापक भी इस खुशी में शामिल हुए। इस बार जिले की टॉप टेन सूची में छात्राओं का दबदबा रहा। हाई स्कूल और इंटर की टॉप टेन सूची में छात्राओं का अधिक स्थान रहा।

जबकि आरएसएम सिख इंटर कॉलेज की दो छात्राओं वंशिका और छवि चौहान ने प्रदेश में आठवां और दसवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं जिले में इंटरमीडिएट में रामफल सिंह इंटर कॉलेज रजौहा अंशिका ने 94.40 प्रतिशत अंक पाकर जिला टॉप किया है। जबकि यश पब्लिक इंटर कॉलेज गजरौला की छात्रा लवी ने 93.40 प्रतिशत अंक पाकर जिले में दूसरा स्थान तो वहीं कमलेश गिल इंटर कॉलेज भारापुर माफी गजरौला की छात्रा भूमि शर्मा ने 93.20 प्रतिशत प्रतिशत अंक पाकर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उधर हाईस्कूल में आरएसएम सिख आईसी खंडसाल कला की छात्रा वंशिका, छवि चौहान और इशिका ने क्रमश जिले में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया है।


यश पब्लिक स्कूल में जश्न मनाते छात्र-छात्राएं। • अमृत विचार


एएसएम स्कूल में कंप्यूटर पर रिजल्ट देखते छात्र- छात्राएं व स्कूल प्रबंधन के लोग।



रिजल्ट आने पर छात्राओं को मिठाई खिलाते एएसएम स्कूल प्रबंधक वीरेंद्र गुप्ता।

# टॉपटेन सूची में तहसील की बेटियों का दबदबा

- रिजल्ट देखते ही खुशी से झूम उठे टॉपर और स्कूलों का स्टॉफ परिजनों को दी बधाई

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस बार के आंकड़ों ने स्पष्ट कर दिया है कि छात्राओं का दबदबा हर क्षेत्र में बरकरार है, वही जनपद की टॉप 10 की सूची में तहसील क्षेत्र की बेटियों का दबदबा रहा।

इंटरमीडिएट की जिले की टॉप 10 सूची में तहसील क्षेत्र की बेटियों का दबदबा रहा। तहसील क्षेत्र के गांव रझौहा स्थित आरपीएस इंटर कॉलेज की छात्रा अंशिका पुत्री चंद्रपाल ने 94.40 अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वहीं इसी विद्यालय की प्रियांशी चौहान पुत्री पुष्पेंद्र सिंह ने 89.80 अंक प्राप्त करके जनपद में नौवां स्थान प्राप्त किया है। वही गांव लुहारी भूड़ के श्रीमती धनवती देवी इंटर कॉलेज की छात्रा कामिनी पुत्री विदेश सिंह ने 89.60 अंक प्राप्त कर जिले में दसवां स्थान प्राप्त किया। ग्राम भदौरा स्थित चौधरी फूल सिंह इंटर कॉलेज की पलक पुत्री प्रवीन सिंह ने 89.60 अंक प्राप्त करके दसवां स्थान प्राप्त किया इसी के साथ जेबडा गुर्जर स्थित सरदार पटेल इंटर कॉलेज की अनु पुत्री ईश्वर चंद्र 89.60 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया। वही सभी मेधावी छात्रों को स्कूल प्रशासन द्वारा बुलाकर उन्हें मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।


छात्रा पलक को मिठाई खिलाने परिजन एवं ग्रामीण। • अमृत विचार

**टॉप टेन लिस्ट इंटरमीडिएट**


1. अंशिका
94.40 प्रतिशत
रामफल सिंह इंटर कॉलेज रजौहा


2. लवी
93.40 प्रतिशत
यश पब्लिक इंटर कॉलेज गजरौला


3. भूमि शर्मा
93.20 प्रतिशत
कमलेश गिल इंटर कॉलेज भारापुर माफी गजरौला


4. कल्पना सिद्धू
92.20 प्रतिशत
यश पब्लिक इंटर कॉलेज गजरौला, जनपद अमरोहा


5. पायल त्यागी
91.60 प्रतिशत
पीयर्स चढ़ढा इंटर कॉलेज गजरौला


6. रिया गिल
91.00 प्रतिशत
एसएस एकेडमी इंटरमीडिएट स्कूल


7. आयुषी
91.00 प्रतिशत
यश पब्लिक इंटर कॉलेज गजरौला


8. काकशी
91.00 प्रतिशत
यश पब्लिक इंटर कॉलेज गजरौला


9. विवेक सैनी
90.80 प्रतिशत
केएआईसी पारा खालसा अमरोहा


10. हिमांशी आर्य
90.80 प्रतिशत
जीपीएस एआईसी भजनपुरी

**न्यूज ब्रीफ**

### ट्राई साइकिल पर मिला दिव्यांग का शव

**अमरोहा, अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र के कल्याणपुरा रोड स्थित मोहल्ला शिवनगर निवासी जादन पुत्र पन्नु लाल विकलांग था। वह बीमार रहता था। बुधवार की रात मोहल्ला मछरट्टा में संदिग्ध परिस्थितियों में उसका शव ट्राई साईकिल पर पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### अरविंद बने गौतम बुद्ध समिति के अध्यक्ष

**हसनपुर, अमृत विचार :** आगामी गौतम बुद्ध जयंती को धूमधाम से बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन नगर की एक गैस एजेंसी पर हुआ। जिसमें सभी वक्ताओं द्वारा अपने-अपने विचार रखे और जयंती को कैसे सुंदर बनाया जाए। गौतम बुद्ध जयंती 1 मई को नगर में धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी लोगों द्वारा पूर्व सभासद अरविंद कुमार अन्ना को गौतम बुद्ध समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया।

# यश पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्राओं ने दिखाया दम

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचारः** इस बार हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के घोषित परिणामों में गजरौला के यश पब्लिक इंटर कालेज का जिलेभर में दबदबा रहा। छह छात्राओं के नाम टॉपटेन की सूची में शामिल हुए। स्कूल में खुशी का माहौल रहा।

गुरुवार को यूपी बोर्ड में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का रिजल्ट घोषित होने की जानकारी सोशल मीडिया से छात्रों व उनके अभिभावकों को मंगलवार को ही मिल गई थी। गुरुवार की शाम चार बजे रिजल्ट घोषित होने का समय निर्धारित होने की जानकारी होने पर विद्यार्थियों की धड़कनें बढ़ने लगी। बहुत से छात्रों ने तो रिजल्ट घोषित होने से पहले मंदिरों में पूजा भी की। चार बजे पहले इंटरमीडिएट का रिजल्ट घोषित हुआ। इसके बाद हाईस्कूल की सूची जारी हुई। मेधावी विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं गजरौला के रामसरन दास इंटर कालेज के अलावा यश पब्लिक इंटर कालेज तथा कमलेश गिल इंटर कालेज के बच्चों ने टॉपटेन की सूची में शामिल हुए। लेकिन यश पब्लिक इंटर कालेज का जनपद में दबादबा रहा। स्कूल संचालक लकी सिंह ने बताया कि उनके स्कूल के हाईस्कूल के दो बच्चों के अलावा इंटरमीडिएट के छह बच्चे टापटेन की सूची में शामिल हुए हैं।

- शिक्षकों ने बच्चों को खिलाई मिठाई

### रिजल्ट देखकर खिले बच्चों के चेहरे

**गजरौला, अमृत विचार :** इस बार रिजल्ट काफी अच्छा रहा है। रिजल्ट देखकर होनहार बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने अपने दोस्तों के साथ जमकर मस्ती की। छात्र-छात्राओं ने अपने साथियों के रिजल्ट के बारे में जानकारी करने को लेकर एक दूसरे को फोन करना शुरू कर दिया। बहुत से बच्चों ने अपने दोस्तों के साथ पार्टी की। अभिभावकों का आशीर्वाद लेकर उनके साथ समय बिताया। बहुत से बच्चे अपने स्कूल पहुंचे तथा गुरुजनों का आशीर्वाद लिया।

# हाईस्कूल में आरएसएम सिख इंटर कॉलेज का रहा दबदबा

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचारः** हाईस्कूल परीक्षा परिणाम घोषित होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। राणा सिंह मेमोरियल सिख इंटर कॉलेज खंडसाल कला की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। जिले की हाईस्कूल टॉप-10 सूची में जहां इस कॉलेज के चार छात्रों ने स्थान बनाया, वहीं प्रदेश स्तर पर भी दो छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है।

विद्यालय की छात्रा वंशिका ने 96.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया, साथ ही प्रदेश स्तर पर 8वां स्थान प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि दर्ज की। वहीं, इसी विद्यालय की छात्रा छवि चौहान ने 96.17 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में दूसरा और प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल बन गया। छात्राओं के परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने मिठाई बांटकर अपनी प्रसन्नता जाहिर की। इस मौके पर भाजपा एमएलसी डॉ. सिंह ढिल्लों ने छात्राओं को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अन्य छात्रों को भी उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

छात्रा वंशिका ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित पढ़ाई और अनुशासन को दिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित किया। वंशिका ने कहा कि उनका सपना प्रशासनिक सेवा में जाकर डीएम बनना है, ताकि वह समाज की सेवा कर सकें। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने भी छात्रों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी विद्यालय इसी तरह उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा। प्रबंधन ने बताया कि स्कूल पिछले 17 वर्षों से टॉप टेन अपना नाम ला रहा है।


छात्राओं को मिठाई खिलाते स्कूल प्रबंधक व भाजपा एमएलसी डॉ हरि सिंह ढिल्लो।

- जिले की टॉप-टेन सूची में चार छात्राएं, प्रदेश में दो छात्राओं ने बनाई जगह

# जमीन की रंजिश में भतीजे ने चाचा को गोली मारी, मौत

कार्यालय संवाददाता ,बिजनौर

- गोली मारने के बाद आरोपी खुद ही थाने पहुंचा
- आबकारी विभाग में सिपाही के पद पर है तैनात

**अमृत विचार :** दीदा नगला गांव में पारिवारिक जमीन विवाद ने खूनी रूप ले लिया, जहां भतीजे ने अपने ही चाचा की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। आरोपी घटना के बाद खुद थाने पहुंच गया, जहां पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान 50 वर्षीय इशहाक पुत्र मागलुद्दीन के रूप में हुई है। आरोप है कि उसके सगे भतीजे शाने राजा ने उसे गोली मारी। बताया जा रहा है कि आरोपी मेरठ में आबकारी विभाग में सिपाही के पद पर तैनात है। घटना को अंजाम देने के बाद वह कुछ समय के लिए फरार रहा, लेकिन बाद में स्वयं थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। जानकारी के अनुसार परिवार में जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था।

गुरुवार सुबह खेत पर ट्यूबवेल लगाने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जो शाम होते-होते मारपीट में बदल गई। इसी दौरान गुस्से में आकर शाने राजा ने तमंचे से अपने चाचा पर गोली चला दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, सीओ सिटी संग्राम सिंह और शहर कोतवाल राम प्रताप सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया है।

मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, जिसे देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

# सपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पहुंचे ब्लाक प्रमुख का हुआ स्वागत

- सपा कार्यकर्ताओं ने की पुष्पवर्षा

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी का दामन छोड़ समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी का गुरुवार को प्रथम बार नगर आगमन पर जोरदार स्वागत हुआ।

भाजपा विधायक के भाई राजेंद्र खड़गवंशी ने हाल ही में अपनी पत्नी निर्वेश देवी और सैकड़ों समर्थकों के साथ सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी, जिससे क्षेत्र में बड़ा सियासी उलटफेर हो गया है।गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख का काफिला जैसे ही नगर में प्रवेश कर ब्लॉक तिराहे से बाईपास मार्ग की ओर बढ़ा, समर्थकों ने पुष्प वर्षा और फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान समर्थकों के हाथों में सपा का झंडा, सिर पर लाल टोपी और जुबां पर श्अखिलेश यादव जिंदाबादश् के नारे सुनाई दिए।राजेंद्र खड़गवंशी ने कहा कि उन्होंने सपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी जॉइन की है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान शासन में जनता केवल लाइन में लगने को मजबूर है और क्षेत्र के लोग इस व्यवस्था से दुखी हैं। इस अवसर पर भारी संख्या में उनके समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी का स्वागत करते सपा कार्यकर्ता। • अमृत विचार

### आग लगने से 10 बीघा जलकर राख

**रहरा, अमृत विचारः** संदिग्ध परिस्थिति में एक किसान का करीब 10 बीघा निकासी के लिए इकट्ठा गेहूं जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने जब तक मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक गेहूं पूरी तरह जलकर राख हो गया था। जानकारी के मुताबिक रहरा थाना क्षेत्र के गांव फूलपुर निवासी किसान मानसिंह पुत्र धर्मपाल सिंह ने गांव के पूर्व में देवी मंदिर के नजदीक गौतमबुद्धनगर के एक किसान की करीब 10 बीघा जमीन ठेके पर ले रखी थी। मानसिक ने मेहनत मजदूरी कर उसमें गेहूं की फसल की बुवाई की थी। किसान मानसिंह ने बताया कि 2 दिन पूर्व उसने गेहूं की कटाई पूरी करने के बाद अपने गेहूं को इकट्ठा कर दिया था।गुरुवार देर शाम उसे गेहूं की निकासी करानी थी। लेकिन, गुरुवार शाम करीब 6 बजे संदिग्ध परिस्थिति में इकट्ठे गेहूं के ढेर में अचानक आग लग गई। आग लगने से गेहूं जलकर राख हो गया।

# कांशीराम कॉलोनी में हुई हत्या के आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बिजनौर

- आरोपी राहुल के खिलाफ मुकदमा, मेरठ में इलाज जारी

**अमृत विचार :** कांशीराम कॉलोनी में दिनदहाड़े हुई युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका कशिश की मां शाहीन की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपी राहुल के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं घायल आरोपी का इलाज मेरठ में पुलिस निगरानी में चल रहा है।

घटना मंगलवार को कांशीराम कॉलोनी के ब्लॉक-55 स्थित मकान में हुई, जहां कशिश पुत्री जाकिर घर पर अकेली थी। इसी दौरान आरोपी राहुल घर में घुसा और धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि घटना के समय मृतका की मां शाहीन अपनी छोटी बेटी नमीरा को लेने अंबाला गई हुई थीं। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुटने लगी तो आरोपी राहुल ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और खुद को भी घायल कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ रेफर कर दिया गया, जहां पुलिस की निगरानी में उसका इलाज जारी है।

घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन ने निष्पक्ष जांच और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शहर कोतवाली प्रभारी रामप्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### ट्रक की टक्कर से टेंपो पलटा, 15 घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** बदायूं-बिजनौर स्टेट हाईवे पर बुधवार की देर रात ट्रक की टक्कर से टैंपो पलट गया। उसमें सवार 15 लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीन की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जानकारी के अनुसार अमरोहा के रायपुर निवासी आलमी, अफगान, परवीन, अहान, शाजिया, सितारा, अनम, इमामुद्दीन, ईरान, सना, जफरुद्दीन समेत 15 लोग टैंपो से मंडी धनौरा के निकट एक बैंक्वेट हाल में शादी समारोह में शामिल होने आए थे। देर रात सभी लोग टैंपो से वापस लौट रहे थे। बदायूं-बिजनौर स्टेट हाईवे पर गांव फतेहपुर छीतरा के पास तेज रफ्तार ट्रक ने टैंपो में टक्कर मार दी। टैंपो पलट गया। उसमें सवार 15 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद चीख-पुकार सुन ग्रामीण दौड़े व घायलों को सड़क से हटाया। 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने तीन लोगों की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

**कार्यालय नगर निगम, मुरादाबाद**
पत्रांक : 40/का.गौ./न.नि.मु./2026 दिनांक : 23.04.2026
**ई-निविदा सूचना**
नगर निगम, मुरादाबाद की कान्हा गौशाला (मैनाठेर) में एकत्र गोबर का विक्रय (प्रति कुंतल) के अनुसार किये जाने के लिए दरें आमंत्रित की जाती है, जिसके क्रम में निर्धारित शर्तो के अनुरूप ई-निविदा दिनांक 14.05.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। कार्य की विस्तृत सूचना एवं निविदा शर्ते वेबसाइट https://etender.up.nic.in एवं www.nagarnigammoradabad.in पर देखी जा सकती है।
नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, मुरादाबाद

# यूपी बोर्ड परिणाम: इंटर में अपूर्वा, हाईस्कूल में नितेश बने जिला टॉपर

## रिजल्ट आने के बाद खुशी से झूम उठे मेधावी, परिवार और स्कूलों में मनाई गई खुशी, बांटी मिठाई

### टॉप टेन लिस्ट हाईस्कूल



नितेश कुमार 574/600, 95 .67 राजेश कुमार विद्या मंदिर इंटर कालेज चंदौसी।

आधिश्री कौशिक 568/600, 94 .67 ध्यान सिंह एकेडमी इंटर कालेज फतेहपुर भाऊ संभल।



कुमारी आंचल 555/600, 92 .50 जेआरआईसी सतपुरा संभल।

रितु ढांगर 554/600, 92 .33 जगदीश सरन सर्राफ एसएसएम इंटर कालेज चंदौसी



रवि वर्मा 551/600, 91.83 सीपाल आर्य ए इंटर कालेज बहजोई।

शिवांगी शर्मा 551/600, 91.83 आरएसआईसी मिलक चंदौसी।



नव्या 550/600 91.67 जगदीश सरन सर्राफ एसएसएम इंटर कालेज चंदौसी।

भानु प्रताप 547/600, 91.17 वाईएनवीआईसी मडकावली संभल।



प्रज्ञा शर्मा 546/600–91.00 केएमएनएमएसवी मंदिर इंटर कालेज बहजोई।

प्रेरणा 544/600,90 .67 श्री बीडी इंटर कालेज सरायतरीन संभल।



गौरव कुमार 543/600, 90 .50 राजेश कुमार विद्या मंदिर इंटर कालेज चंदौसी।

वैष्णवी 543/600, 90 .50 केएबीवीएन इंटर कालेज भवालपुर संभल।

कार्यालय संवाददाता,संभल/ चन्दौसी

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के परिणाम में इस बार जनपद के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। इंटरमीडिएट और हाईस्कूल दोनों ही वर्गों में मेधावियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपने परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है। इंटरमीडिएट में जहां 92.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चंदौसी की अपूर्वा जिला टॉपर बनीं वहीं हाईस्कूल में भी चंदौसी के ही छात्र नितेश ने 95.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया है।

इंटरमीडिएट वर्ग में चंदौसी की अपूर्वा ने 92.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं संजीव और खुशी वार्ष्णेय ने 92.60 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। सागर गुप्ता ने 91.40 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में हिमांशु कुमार और मोनिका यादव ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान पाया, जबकि भुवनेश कुमार ने 90.40 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। विशाल ने 89.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठा, कृष्ण ने 89.60 प्रतिशत अंक के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया। सचिन और कुशल ने 89.20 प्रतिशत अंक के साथ आठवां स्थान हासिल किया। वंश त्यागी और मानसी ने 88.80 प्रतिशत अंकों के साथ नौवां स्थान पाया, जबकि अक्षरा शर्मा, अयान कुमार सहगल और गौरव यादव ने 88.40 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से दसवां स्थान प्राप्त किया।

वहीं हाईस्कूल वर्ग में भी चंदौसी के छात्र नितेश ने 95.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। दूसरे स्थान पर संभल के आदेश श्री कौशिक रहे, जिन्होंने 94.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कुमारी आंचल ने 92.50 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। हाईस्कूल की मेरिट सूची में रितु धनगर ने 92.33 प्रतिशत अंक के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया।

रवि वर्मा और शिवांगी शर्मा ने 91.83 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से पांचवां स्थान पाया। नव्या ने 91.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठा, भानु प्रताप ने 91.17 प्रतिशत अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया। प्रज्ञा शर्मा ने 91 प्रतिशत अंक के साथ आठवां स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रेरणा ने 90.67 प्रतिशत अंकों के साथ नौवां स्थान पाया। गौरव और वैष्णवी ने 90.50 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से दसवां स्थान हासिल किया। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर शिक्षकों और अभिभावकों में खुशी का माहौल है। स्कूलों में जश्न का माहौल देखा गया और मेधावियों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया।



संभल के नवाब महमूद अंसारी गर्ल्स कॉलेज में रिजल्ट देखती छात्राएं। ● अमृत विचार



शानदार परीक्षा परिणाम पर झूमती छात्राएं। ● अमृत विचार

## हाईस्कूल का 90.18, इंटरमीडिएट का 83.54 प्रतिशत रहा रिजल्ट

- बेटियों ने फहराया सफलता का परचम, उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के घर पर जश्न का माहौल
- हाई स्कूल में 23, 718 और इंटरमीडिएट में 19123 विद्यार्थी हुए सफल

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में जनपद का प्रदर्शन इस वर्ष सराहनीय रहा। खास बात यह रही कि इस बार बेटियों ने बेटों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया। जिले में हाईस्कूल का कुल परीक्षा परिणाम 90.18 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट का परिणाम 83.54 प्रतिशत दर्ज किया गया।

परीक्षा परिणाम घोषित होते ही जिले भर में खुशी का माहौल देखने को मिला। सफल छात्र-छात्राओं ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की, वहीं कई स्थानों पर मेधावियों का स्वागत और सम्मान भी किया गया। हालांकि कुछ छात्र-छात्राएं अपेक्षित परिणाम न मिलने से मायूस भी नजर आए। आंकड़ों पर नजर डालें तो हाईस्कूल परीक्षा के लिए जिले में कुल 27,787 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 25,301 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें 23,718 छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में 23,640 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 22,890 ने परीक्षा में भाग लिया और 19,123 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार ने जनपद के इस प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की संयुक्त मेहनत का परिणाम है।

## दोनों जिला टॉपर चंदौसी निवासी

### तबीयत खराब होने के बावजूद नितेश कुमार बने टॉपर

राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के नितेश कुमार ने 95.67 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जनपद में हाई स्कूल की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वह मूल रूप से चंदौसी के पास गांव गुमथल के निवासी हैं । मां मिथिलेश ग्रहणी है तो पिता व्यापारी है । नितेश ने बताया कि उनकी इस दौरान 6 माह तबीयत खराब हो गई थी। फिर भी हिम्मत नहीं हारी और 13 - 14 घंटे पढ़ाई करके यह मुकाम हासिल किया । वह अपने साथियों को संदेश देना चाहते हैं कि लगातार तैयारी करते रहे और पढ़ाई को बोझ ना समझे । नितेश फिलहाल कोटा में रहकर इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे हैं । भविष्य में उनका इरादा इंजीनियर बनना है ।



आरके सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में टॉपर बच्चों को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य।

### गणित की प्रोफेसर बनना चाहती हैं टॉपर अपूर्वा

यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में जगदीश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चंदौसी की अपूर्वा ने 92 .80 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जनपद में पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि उनकी बहन नाव्या ने हाई स्कूल की परीक्षा में जनपद में छठा स्थान प्राप्त किया है। अपूर्वा की मां नीरज ग्रहणी है, तो पिता जगदीश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में टीचर हैं। अपूर्वा की गणित विषय में विशेष रूचि है, इसीलिए वह आगे गणित विषय लेकर प्रोफेसर बनना चाहती है। वह प्रतिदिन लगभग 12 घंटे नियमित पढ़ाई इस सफलता तक पहुंची है । उनका अपने साथियों को संदेश है कि कड़ी मेहनत करने से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है, इसलिए नियमित पढ़ाई करें।

### इंटरमीडिएट के टॉप टेन परीक्षार्थी



अपूर्वा 464/500 92 .80 जगदीश सरन सर्राफ एसएसएमआईसी चंदौसी।

संजीव 463/500 92 .60 एमएसएसएनआईसी कुढ़ फतेहगढ़ संभल।

खुशी वार्ष्णेय 463/500 92 .60 जगदीश सरन सर्राफ एसएसएमआईसी चंदौसी।

सागर गुप्ता 457/500 91 .40 शंकर भूषण शरण जनता इंटर कालेज संभल।

हिमांशु कुमार 455/500 91 .00 केएलआईसी शकरपुर सोत संभल।

मोनिका यादव 455/500 91 .00 ओएसएसआईसी जयरामनगर गुन्नौर।

भुवनेश कुमार 452/500 90 .40 ओएसएसआईसी जयरामनगर गुन्नौर।

विशाल 449/500 89 .80 – राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर चंदौसी।



कृष्ण 448/500 89 .60 जुगल किशोर इंटर कालेज गवां, संभल।

सचिन 446/500 89 .20 केएमएमएस विद्या मंदिर इंटर कालेज बहजोई।

कौशल 446/500 89 .20 श्री जी सुखराम यादव इंटर कालेज सौंधन, संभल।

वंश त्यागी 444/500 88 .80 एलएफए एकेडमी इंटर कालेज भवालपुर संभल।

मानसी 444/500 88 .80 बीबीएसएम पीएस फतेहपुर शमसोई बहजोई संभल।

अक्षरा शर्मा 442/500 88 .40 शंकर भूषण शरण जनता इंटर कालेज संभल।

अयान कुमार सहगल 442/500 88 .40 सीएच एनएस केएमआईसी मिलक शाहपुर संभल।

गौरव यादव 442/500 88 .40 केएमएमएएस विद्या मंदिर इंटर कलोज बहजोई, संभल।

## बीएसए कार्यालय के दिव्यांग रिसोर्स रूम में लगी आग



बीएसए कार्यालय परिसर में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते दमकल कर्मी।

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के दिव्यांग रिसोर्स रूम में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कमरे में रखा फर्नीचर और अन्य सामान जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार बीएसए कार्यालय परिसर में स्थित कस्तूरबा विद्यालय में कूड़ा जलाया जा रहा था। इसी दौरान उठी चिंगारी हवा के साथ उड़कर पास स्थित दिव्यांग रिसोर्स रूम तक पहुंच गई, जिससे कमरे में अलमारी, टीवी समेत अन्य जरूरी सामग्री को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया।

## करंट लगने से लाइनमैन की मौत

- विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप, परिजनों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, संभल/ सिरसी

**अमृत विचार:** जनपद संभल के थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र में गुरुवार को 11000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन ठीक करते समय करंट लगने से संविदा लाइनमैन की मौत हो गई। परिजनों ने हंगामा कर कार्रवाई की मांग की।

असमोली थाना क्षेत्र के खाबरी भोला का रहने वाला ओंकार सिंह (30) बिजली विभाग में लाइनमैन था। गुरुवार सुबह 10 बजे क्षेत्र के गांव शाहपुर चामरान के सेंधरी मार्ग पर हाईटेंशन लाइन में फाल्ट की शिकायत मिली थी। शिकायत मिलने के बाद ओंकार सिंह लाइन को ठीक करने के लिए मौके पर पहुंचा था।



लाइनमैन की मौत के बाद बिलखते व हंगामा करते परिजन ● अमृत विचार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महाराणा प्रताप स्कूल के निकट बिजली के खंभे पर चढ़कर लाइनमैन लाइन को ठीक कर रहा था। इसी दौरान अचानक बिजली आपूर्ति चालू हो गई, और ओंकार सिंह करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह खंभे से नीचे जमीन पर गिर पड़ा और कुछ ही देर में तड़पते हुए उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। मृतक के पिता हरकिशोर ने बताया कि उनका बेटा संविदा पर लाइनमैन के पद पर कार्यरत था और शटडाउन लेने के बाद ही लाइन ठीक करने गया था। आरोप है कि बिजली विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों की लापरवाही के चलते अचानक लाइन चालू कर दी गई, जिससे उनके बेटे की जान चली गई। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है।

## 26 को सजेगा बाबा श्याम का भव्य दरबार

**संभल, अमृत विचार :** संभल शहर में 26 अप्रैल को बाबा खाटू श्याम का भव्य एवं विशाल दरबार सजाया जाएगा। इसको लेकर श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा 22वें वार्षिक संकीर्तन एवं उत्सव की तैयारियां को भव्य रूप देने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुज गर्ग ने की, जिसमें आयोजन को इस बार और अधिक आकर्षक व व्यवस्थित बनाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। समिति के सचिव प्रशांत रुहेला ने बैठक के दौरान सभी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपीं। इस बार आयोजन की खास बात यह रहेगी कि पूरे पंडाल को श्री श्याम दरबार इत्र की खुशबू से महकाया जाएगा। बैठक में विशेष गुप्ता, प्रशांत रुहेला, विशाल रुहेला, अंकित भटनागर आदि लोग रहे।

## गंगा सप्तमी पर चलाया गया स्वच्छता अभियान, निकाली रैली



गंगा तट पर अनुष्ठान में शामिल गायत्री परिवार से जुड़े साधक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार:** गंगा सप्तमी के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ बबराला के परिजनों द्वारा राजघाट गंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाते हुए जन-जागरूकता रैली निकाली गई।

कार्यक्रम की शुरुआत गंगा घाट की सफाई से हुई, जिसमें गायत्री परिवार के साधकों ने घाट पर फैले कूड़े-कचरे को एकत्र कर उसका उचित निस्तारण किया। इसके बाद गंगा स्नान किया और सामूहिक रूप से गंगा चालीसा का पाठ किया। इसके बाद जन- जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में शामिल लोगों ने गंगा को स्वच्छ रखें और प्लास्टिक मुक्त घाट बनाएं जैसे संदेशों के माध्यम से जनमानस को जागरूक किया। इस मौके पर गंगाराम यादव, जगदीश सिंह, प्रेमपाल सिंह, रवीन्द्रपाल, राकेश गुप्ता, रामौतार गुप्ता आदि रहे।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार :** आगामी होमगार्ड भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। परीक्षा को सकुशल कराने के उद्देश्य से गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने थाना हयातनगर क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके साथ ही प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने तथा स्ट्रॉन्ग रूम और वितरण व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर प्रवेश प्रक्रिया को सरल और सुव्यवस्थित रखा जाए, ताकि परीक्षार्थियों को अनावश्यक भीड़ या अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। वहीं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी कुलदीप सिंह सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।



संभल के हयातनगर में परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाएं देखते डीएम व एसपी।

- डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

## हृदय गति रुकने से शिक्षिका की मौत

**संभल/चंदौसी अमृत विचार:** स्कूल जा रही शिक्षिका की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। उन्हें जाते वक्त वैन में ही हार्ट अटैक आया था।

घटना से शिक्षा विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है। अर्चना कुमारी (48) पत्नी महावीर सिंह गांव काजीवाला बिचैटा स्थित प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका के पद पर तैनात थीं। गुरुवार सुबह करीब 6:30 बजे अर्चना कुमारी रोजाना की तरह स्कूल वैन से ड्यूटी पर जा रहीं थीं। रास्ते में उन्हें अचानक हार्ट अटैक आ गया। वैन में सवार अन्य शिक्षिकाएं और चालक उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन अर्चना ने दम तोड़ दिया। अर्चना कुमारी मूल रूप से बिहार की रहने वाली थीं। उनके पति महावीर सिंह गाजियाबाद में एक निजी बैंक में कार्यरत हैं। उनके परिवार में एक बेटी आकांक्षा और एक बेटा अर्नब जो 12वीं कक्षा में अध्ययनरत है। दोनों बच्चे अपने पिता के साथ गाजियाबाद में रहते हैं।

## राजेश सिंघल के घर पर नोटिस चस्पा

- भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के खिलाफ असमोली पुलिस ने रिवाल्वर जमा न करने पर की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार :** जनपद संभल में पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए एक वर्ष पुराने मामले में अहम कदम उठाया है। असमोली थाना पुलिस ने गुरुवार को उनके आवास पर नोटिस चस्पा कर लाइसेंसी रिवॉल्वर तत्काल जमा करने के निर्देश दिए हैं।



राजेश सिंघल।

पुलिस के अनुसार मामला पिछले वर्ष का है, जब सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हुआ था। इस फोटो में एक व्यक्ति हाथ में रिवॉल्वर लहराते हुए नजर आ रहा था। जांच में पता चला कि भाजपा नेता राजेश सिंघल लाइसेंसी रिवाल्वर है। इस मामले में थाना असमोली में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। लंबे समय तक इस मामले में कोई विशेष कार्रवाई नहीं होने के कारण यह माना जा रहा था कि मामला ठंडे बस्ते में चला गया है। गुरुवार को असमोली कोतवाल मोहित चौधरी पुलिस टीम के साथ राजेश सिंघल के मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्य गेट के बाहर नोटिस चस्पा कराया। नोटिस में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि राजेश सिंघल को अपना लाइसेंसी रिवॉल्वर निर्धारित समय के भीतर थाना असमोली में जमा करना होगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इससे पहले भी संबंधित व्यक्ति को कई बार मौखिक और लिखित रूप से सूचित किया जा चुका था, लेकिन उनके द्वारा कोई संतोषजनक अनुपालन नहीं किया गया। इसी कारण अब यह कड़ा कदम उठाया गया है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर रिवॉल्वर जमा नहीं किया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।



राजेश सिंघल के आवास पर नोटिस चस्पा करवाते कोतवाल मोहित चौधरी।

## सवा साल बाद चोरी का खुलासा एक गिरफ्तार

**बहजोई, अमृत विचार :** थाना बहजोई क्षेत्र में पुलिस ने करीब सवा साल पहले हुई दुकान चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना बहजोई पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी फैजान को गिरफ्तार किया। आरोपी मूल रूप से करावल नगर, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली का निवासी है और वर्तमान में थाना बहजोई क्षेत्र के अकबरपुर में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, 11 जनवरी 2025 की रात चोर ने शिखर वार्ष्णेय की दुकान की पीछे की दीवार तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोर दुकान से एक लैपटॉप, दो बैटरियां, एक इन्वर्टर और करीब 10 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस को अहम सुराग मिले, जिसके आधार पर आरोपी की पहचान की गई।

# यूरेका



## ऐसे हुई एसी की खोज

एयर कंडीशनर (AC) का मुख्य कार्य कमरे के तापमान को नियंत्रित करना और वातावरण को आरामदायक बनाना होता है। यह गर्म हवा को बाहर निकालकर ठंडी हवा अंदर पहुंचाता है, जिससे कमरे में ठंडक बनी रहती है। आज के आधुनिक AC सिर्फ ठंडक ही नहीं देते, बल्कि हीटिंग और एयर प्यूरीफिकेशन जैसी सुविधाएं भी प्रदान करते हैं। AC की क्षमता को British Thermal Unit (BTU) में मापा जाता है, जो इसकी कूलिंग क्षमता को दर्शाता है।

एयर कंडीशनर का आविष्कार विलिस हेवलैंड कैरियर ने वर्ष 1902 में किया था। वे कॉर्नेल यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद Buffalo Forge Company के प्रिंटिंग प्लांट में कार्यरत थे। वहां अधिक गर्मी और नमी के कारण अखबार की छपाई में समस्या आ रही थी, विशेषकर रंगीन स्याही सही ढंग से कागज पर नहीं बैठती थी। इस चुनौती को हल करने के लिए कैरियर ने एक ऐसी मशीन विकसित की, जो तापमान और नमी दोनों को नियंत्रित कर सके। उनका यह आविष्कार सफल रहा और प्रिंटिंग प्रक्रिया में सुधार आया।

2 जनवरी 1906 को कैरियर को उनके इस आविष्कार के लिए अमेरिकी पेटेंट (नंबर 808897) प्राप्त हुआ। शुरुआती AC मशीनें आकार में बहुत बड़ी थीं और केवल उद्योगों में ही उपयोग की जा सकती थीं। बाद में तकनीक के विकास के साथ इन्हें छोटे आकार में बनाया जाने लगा।

साल 1915 में कैरियर ने एयर कंडीशनिंग के क्षेत्र में उत्पादन को बढ़ाने के लिए कंपनी स्थापित की। इसके बाद 1931 में H. H. Schultz और J. Q. Sherman ने विंडो AC का आविष्कार किया, जिसे 1932 में बाजार में उतारा गया। उस समय इसकी कीमत काफी अधिक थी, जिससे यह आम लोगों की पहुंच से दूर था। समय के साथ एयर कंडीशनर तकनीक में निरंतर सुधार हुआ है और आज यह हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है।

### वैज्ञानिक बारे में



विलिस हेवलैंड कैरियर का जन्म 26 नवंबर 1876 को Angola, न्यूयॉर्क में हुआ था। वे बचपन से ही जिज्ञासु और गणित में रुचि रखने वाले थे। उनकी माता ने उन्हें कठिन समस्याओं को सरल तरीकों से समझना सिखाया, जिसका प्रभाव उनके पूरे जीवन पर पड़ा। उन्होंने Cornell University से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। कैरियर का स्वभाव शांत और शोधपरक था। उन्होंने अपना अधिकांश जीवन वैज्ञानिक कार्यों और आविष्कारों को समर्पित किया। 1950 में उनका निधन हुआ, लेकिन उनके योगदान आज भी दुनिया को ठंडक पहुंचा रहे हैं।



# चिंपैंजियों के बीच चल रहा है खूनी गृहयुद्ध

दुनिया के एक हिस्से में एक ऐसी जंग भी हो रही है, जिसमें सीजफायर कराने वाला कोई नहीं है। ये ईरान, इजराइल या अमेरिका के बीच युद्ध नहीं है, बल्कि ये अफ्रीकी देश युगांडा के जंगलों में चल रहा है और इस युद्ध में इंसान नहीं, बल्कि चिंपैंजी लड़ रहे हैं। वैसे तो यह युद्ध पिछले आठ सालों से लगातार चल रहा है, लेकिन अप्रैल 2026 में यह तब प्रकाश में आया जब वैज्ञानिकों ने पश्चिमी यूगांडा (पूर्वी अफ्रीका) के किबाले नेशनल पार्क (नगोगो क्षेत्र) में चिंपैंजी के बीच एक बहुत खूनी 'सिविल वार' (आंतरिक युद्ध) की रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसे मीडिया में 'ब्लडियस वार ऑन रिकार्ड' या 'प्राइमेट सिविल वार' कहा जा रहा है। यहां दुनिया का सबसे बड़ा ज्ञात जंगली चिंपैंजी समूह है, जिसमें लगभग 200 सदस्य। शोधकर्ता इसे 1995 से अध्ययन कर रहे हैं।



डॉ. इरफान ह्यूमन

विज्ञान लेखक



### वैज्ञानिक विश्लेषण

चिंपैंजी यानी वनमानुष, जिसे आम बोलचाल की भाषा में कभी-कभी चिम्प भी कहा जाता है, का वैज्ञानिक नाम पैन ट्रोग्लोडाइट्स है। यह होमिनीडे परिवार का सदस्य है। चिंपैंजी मनुष्यों से कई व्यावहारिक और संज्ञानात्मक लक्षण साझा करते हैं, जैसे हंसी, दुख, सहानुभूति और औजार उपयोग। ये विशेषताएं उन्हें वैज्ञानिक अध्ययन (प्राइमेटोलॉजी) के लिए बहुत महत्वपूर्ण बनाती हैं। इनके सबसे निकटतम रिश्तेदार हैं बोनोबो और मनुष्य। मनुष्यों के साथ डीएनए समानता लगभग 98.7 प्रतिशत है। दोनों का एक साझा पूर्वज लगभग 6-7 मिलियन वर्ष पहले था। चिंपैंजी औजारों का उपयोग करते हैं, जैसे छड़ियों से दीमक निकालना, पत्थर से नट तोड़ना आदि। जेन गुडॉल ने 1960 में सबसे पहले इसका अवलोकन किया था, जिसमें उन्होंने समस्या समाधान, योजना बनाना, स्मृति, संकेत भाषा सीखना और संख्याओं की समझ का अध्ययन साझा किया। ये शिकार करते हैं, कभी-कभी युद्ध और हिंसा भी दिखाते हैं।

### गृहयुद्ध के कारण

चिंपैंजी के युद्ध का वैज्ञानिकों को सटीक कारण अभी पता नहीं है। चिंपैंजियों के बीच छिड़े इस गृहयुद्ध के पीछे तीन बड़ी वजहें बताई जा रही हैं। पहली है चिंपैंजियों की बढ़ती जनसंख्या। साल 2016 तक किबाले नेशनल पार्क में चिंपैंजियों के गुटों में सदस्यों की संख्या 200 के पार पहुंच गई थी, इतनी आबादी की वजह से खाने के संसाधनों को लेकर तनाव पैदा होने लगा था। दूसरी बड़ी वजह थी 2017 में जंगलों में आया एक वायरस, जिससे बुजुर्ग चिंपैंजियों की बड़ी तादाद में मौत हो गई थी। बुजुर्गों की मौत के बाद बड़े गुटों में कई अल्फा मेल यानी गुट का नेतृत्व करने वाले चिंपैंजी बन गए थे। इसी तीसरे कारण के चलते चिंपैंजियों के गुट ज्यादा क्षेत्र कब्जाने के लिए लड़ने लगे और यह गृहयुद्ध छिड़ गया। बीते दिनों यहां शुरुआत में आपसी टकराव के चलते पच्चीस चिंपैंजियों की मौत हुई थी और इन मौतों के बाद से ये कथित गृहयुद्ध बढ़ता चला गया और ये आज तक जारी है। आपके मन में एक सवाल उठ रहा होगा कि आखिर चिंपैंजी गृहयुद्ध कैसे करते हैं? क्या चिंपैंजी भी कोई रणनीति बनाते हैं? क्या चिंपैंजियों के पास भी इंसानों की तरह हथियार होते हैं? चिंपैंजी और इंसान के डीएनए में अधिकांश समानता होती है। यही वजह है कि जब चिंपैंजी जंग करने उतरता है, तो वो इंसानों की तरह रणनीति भी बनाता है। चिंपैंजी अपने शत्रु की आवाजाही के रास्ते को देखते और समझते हैं। जब शत्रु कम संख्या में अपने पारंपरिक रास्ते से गुजर रहा होता है, तो बड़ा दल बनाकर चिंपैंजी उस पर हमला कर देते हैं, बिल्कुल इंसानों की तरह। खास बात ये है कि हमले के वक्त आक्रामक दल के कुछ चिंपैंजी उन रास्तों को बंद कर देते हैं, जहां से दुश्मन के भागने की संभावना हो, जो एक खूनी संघर्ष को जन्म देता है।



### मानव युद्ध की जड़ों की समझ

चिंपैंजी हमारे सबसे करीबी रिश्तेदार हैं। शोधकर्ता 30$ साल के डेटा से यह अध्ययन साइंस जर्नल में प्रकाशित की। 24 वर्षों के सामाजिक नेटवर्क डेटा से पता चला कि 2015 में दो क्लस्टर के बीच संबंध कमजोर पड़ने लगे। पहले वे एक-दूसरे के साथ घूमते, संभोग करते और संबंध रखते थे। बाद में वे अलग-अलग क्षेत्र में रहने लगे और 2018 तक कोई सकारात्मक संबंध नहीं बचा। "पुराने दोस्त दुश्मन बन गए", यह रिलेशनल डायनेमिक्स (संबंधों की गतिशीलता) का परिणाम माना जाता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि चिंपैंजी में यह हिंसा बिना भाषा, धर्म, जाति या विचारधारा के सिर्फ सामाजिक संबंधों के टूटने से हुई। इससे मानव युद्ध की जड़ें समझने में मदद मिल सकती है, शायद संबंधों की गतिशीलता मानव संघर्ष में भी ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जितना हम सोचते हैं। वैज्ञानिक लगातार निगरानी कर रहे हैं।

### क्या कहते हैं वैज्ञानिक अध्ययन

साइंस जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन में प्राइमेटोलॉजिस्ट आरोन सैंडेल और उनके सहयोगियों ने जंगली चिंपैंजी में देखे गए पहले 'गृह युद्ध' का दस्तावेजीकरण किया है। जून 2015 में सैंडेल युगांडा के किबाले राष्ट्रीय उद्यान में न्गोगो चिंपैंजी समूह के एक छोटे से झुंड का अवलोकन कर रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि जैसे ही चिंपैंजी के बड़े समूह के अन्य सदस्य जंगल में उनके करीब आने लगे, उनके सामने मौजूद चिंपैंजी घबराए हुए व्यवहार करने लगे। वे मुंह बनाने लगे और एक-दूसरे को तसल्ली देने के लिए छूने लगे, ऐसा लग रहा था जैसे वे किसी अजनबी से मिलने वाले हों, जबकि वे सब उनके अपने करीबी साथी थे। सैंडेल ने बाद में कहा कि वह क्षण चिंपैंजी के एक कभी घनिष्ठ समूह के बीच वर्षों तक चलने वाले खूनी संघर्ष का पहला संकेत था। शोधकर्ताओं ने दुनिया में जंगली चिंपैंजी के सबसे बड़े ज्ञात समूह में स्थायी विभाजन का पता लगाने के लिए चिंपैंजी के इस सुप्रसिद्ध समूह के तीन दशकों से अधिक के व्यवहार संबंधी अवलोकनों का सहारा लिया। दोनों समूहों के मजबूत होने के बाद, पश्चिमी समूह के सदस्यों ने अगले सात वर्षों में केंद्रीय समूह पर चौबीस लगातार और समन्वित हमले किए, जिनमें कम से कम सात वयस्क पुरुषों और सत्रह शिशुओं की मौत हो गई। सैंडेल ने बताया कि अचानक मृत्यु ने संभवतः मोहल्लों के बीच संबंधों को कमजोर कर दिया, जिससे अल्फा परिवर्तन होने पर यह समूह ध्रुवीकरण के प्रति संवेदनशील हो गया। फिर 2017 में एक बीमारी का प्रकोप भी हुआ, जिसने संभवतः विभाजन को अपरिहार्य बना दिया या इसे थोड़ा तेज कर दिया। अध्ययन में बताया गया है कि आनुवंशिक साक्ष्यों के आधार पर, चिंपैंजी के बीच ये गृहयुद्ध संभवतः हर 500 वर्षों में एक बार होते हैं यानी 500 सालों में चिंपैंजियों की आबादी ज्यादा हो जाती है और फिर आपसी तनाव और खून-खराबे का दौर शुरू होता है, लेकिन सैंडेल ने कहा कि कोई भी मानवीय गतिविधि जो सामाजिक एकता को बाधित करती है, जैसे वनों की कटाई, जलवायु संकट या बीमारियों का प्रकोप, ऐसे अंतर-समूह संघर्षों को और अधिक सामान्य बना सकती है।

## मरीन लाइफ

## समुद्री संतुलन के रक्षक



समुद्री देवदूत छोटे, तैरने वाले समुद्री घोंघे होते हैं, जिन्हें वैज्ञानिक रूप से Sea Angel कहा जाता है। उनका पारदर्शी, नाजुक शरीर और पंखों जैसी संरचनाएं उन्हें किसी दिव्य जीव जैसा रूप देती हैं, इसलिए इन्हें 'देवदूत' नाम मिला है। ये जीव मुख्यतः ठंडे और गहरे समुद्री जल में पाए जाते हैं, विशेष रूप से आर्कटिक और अंटार्कटिक क्षेत्रों में। समुद्री देवदूत वास्तव में Gastropods के विकसित रूप हैं। सामान्य घोंघों की तरह इनके पूर्वजों के पास कठोर खोल और रेंगने के लिए मांसल पैर होते थे, लेकिन समय के साथ इनके शरीर में अद्भुत परिवर्तन हुए। उनका पैर विकसित होकर दो पंखनुमा उपांगों में बदल गया, जिनकी मदद से वे पानी में सुंदर ढंग से तैरते हैं। साथ ही, उनका खोल पूरी तरह समाप्त हो गया, जिससे वे अधिक हल्के और तेज तैराक बन सके।

हालांकि उनका रूप बेहद आकर्षक और शांत लगता है, लेकिन उनका व्यवहार एक कुशल शिकारी का होता है। समुद्री देवदूत अपने शिकार को पकड़ने के लिए विशेष संरचनाओं का उपयोग करते हैं। इनके पास Radula नामक दांतेदार जीभ जैसी संरचना होती है, जो शिकार को पकड़ने और चीरने में मदद करती है। इसके अलावा, वे अपने टेंटेकल्स (स्पर्शक) की सहायता से शिकार को जकड़ते हैं और उसे खोल से बाहर खींच लेते हैं। इनका मुख्य शिकार एक विशेष प्रकार का पंखदार घोंघा होता है, जिसे Clione limacina कहा जाता है। यह शिकारी-शिकार संबंध समुद्री पारिस्थितिकी में संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समुद्री देवदूत अत्यधिक चयनात्मक होते हैं और लगभग केवल इसी प्रजाति पर निर्भर रहते हैं।

आज के समय में जलवायु परिवर्तन और Ocean Acidification समुद्री देवदूतों के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। महासागरों में बढ़ती अम्लता उनके शिकार के खोल को कमजोर कर देती है, जिससे उनका जीवन चक्र प्रभावित होता है। यदि उनके शिकार की संख्या घटती है, तो इसका सीधा असर समुद्री देवदूतों की आबादी पर पड़ेगा। इस प्रकार, समुद्री देवदूत न केवल अपनी सुंदरता के लिए प्रसिद्ध हैं, बल्कि वे समुद्री पारिस्थितिकी के नाजुक संतुलन का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उनका जीवन हमें यह समझाता है कि प्रकृति में सौंदर्य और संघर्ष साथ-साथ चलते हैं।



## वैज्ञानिक फैक्ट

## आखिर क्यों होता है पुरुषों में कलर ब्लाइंडनेस ज्यादा

पुरुषों में कलर ब्लाइंडनेस की संभावना महिलाओं की तुलना में अधिक होती है और इसका मुख्य कारण आनुवंशिकी है। रंगों को पहचानने की क्षमता हमारी आंखों के रेटिना में मौजूद विशेष कोशिकाओं, जिन्हें कोन (cones) कहा जाता है, पर निर्भर करती है। इन कोशिकाओं में मौजूद पिगमेंट प्रकाश की विभिन्न तरंगदैर्घ्य को पहचानते हैं, जिससे हमें लाल, हरा और नीला जैसे रंग दिखाई देते हैं। जब इन पिगमेंट्स में किसी प्रकार की कमी या दोष होता है, तो व्यक्ति को रंगों को पहचानने में कठिनाई होती है। विशेष रूप से, सबसे सामान्य प्रकार का रंगभेद Red-green color blindness है। इसके लिए जिम्मेदार जीन X chromosome पर स्थित होते हैं। महिलाओं के पास दो एक्स क्रोमोसोम (XX) होते हैं, जबकि पुरुषों के पास एक एक्स और एक वाई क्रोमोसोम (XY) होता है। यदि किसी महिला के एक एक्स क्रोमोसोम में कलर ब्लाइंडनेस का दोषपूर्ण जीन हो, तो दूसरा स्वस्थ एक्स क्रोमोसोम उसकी भरपाई कर सकता है। यही कारण है कि महिलाओं में कलर ब्लाइंडनेस अपेक्षाकृत कम पाया जाता है। इसके विपरीत, पुरुषों के पास केवल एक ही एक्स क्रोमोसोम होता है। यदि उस पर कलर ब्लाइंडनेस से संबंधित जीन मौजूद हो, तो उसके प्रभाव को संतुलित करने के लिए कोई दूसरा एक्स क्रोमोसोम नहीं होता। परिणामस्वरूप, पुरुषों में कलर ब्लाइंडनेस होने की संभावना अधिक होती है। यही वजह है कि लगभग हर 12 में से 1 पुरुष इस समस्या से प्रभावित होता है, जबकि महिलाओं में यह अनुपात बहुत कम है। कलर ब्लाइंडनेस के कई प्रकार होते हैं, जैसे Protanopia (लाल रंग को पहचानने में कठिनाई), Deuteranopia (हरे रंग की पहचान में समस्या) और Tritanopia (नीले रंग से संबंधित दुर्लभ समस्या)। अधिकतर मामलों में यह जन्मजात होता है, लेकिन कुछ स्थितियों में उम्र बढ़ने, आंखों की बीमारियों या दवाओं के प्रभाव से भी रंग पहचानने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

हालांकि कलर ब्लाइंडनेस का कोई स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन आधुनिक तकनीक ने कुछ सहायक उपाय उपलब्ध कराए हैं। विशेष प्रकार के चश्मे और मोबाइल ऐप्स रंगों के अंतर को बेहतर ढंग से समझने में मदद करते हैं। इस प्रकार, कलर ब्लाइंडनेस केवल एक कमजोरी नहीं, बल्कि आनुवंशिक विविधता का एक उदाहरण है, जो यह दर्शाता है कि मानव शरीर की संरचना कितनी जटिल और रोचक है।

# चिंतनीय है पृथ्वी पर बढ़ता तापमान और सिमटते वन

पृथ्वी केवल एक खगोलीय पिंड नहीं, बल्कि जीवन की वह अद्भुत संरचना है, जिसमें असंख्य तंत्र एक साथ संतुलन में कार्य करते हैं। वायु, जल, मृदा, वनस्पति और जीव-जंतु- ये सभी मिलकर एक ऐसा पारिस्थितिक तंत्र रचते हैं, जो करोड़ों वर्षों की विकास प्रक्रिया का परिणाम है। किंतु वर्तमान समय में यह संतुलन अभूतपूर्व संकट से गुजर रहा है। मानव-जनित कारणों से पृथ्वी का तापमान निरंतर बढ़ रहा है और इसका सीधा प्रभाव वनों तथा वन्यजीवों के अस्तित्व पर पड़ रहा है। प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस इस संकट को समझने और उससे उबरने की दिशा में सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। जब हम इस विराट सृष्टि के स्वरूप पर विचार करते हैं, तो सबसे पहले जिस तत्व का बोध होता है, वह पृथ्वी है। यही वह धरा है, जिसने अनादि काल से समस्त जीव-जगत को अपने आंचल में स्थान दिया है। यह केवल मिट्टी, जल और पाषाण का समूह नहीं, बल्कि जीवन का आधार, चेतना का केंद्र और अस्तित्व का स्तंभ है।

भारतीय मनीषा ने पृथ्वी को 'माता' कहकर संबोधित किया और मनुष्य को उसका 'पुत्र' माना। यह संबंध केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि गहन वैज्ञानिक और दार्शनिक आधार पर टिका हुआ है। प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस हमें इसी संबंध का स्मरण कराता है और यह प्रश्न उठाता है कि क्या हम अपनी माता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह कर पा रहे हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि औद्योगिक युग के आरंभ से अब तक पृथ्वी के औसत तापमान में लगभग 1 डिग्री से अधिक की वृद्धि हो चुकी है। यह वृद्धि भले ही नगण्य प्रतीत हो, परंतु इसके परिणाम अत्यंत व्यापक हैं। पृथ्वी की ऊष्मा संतुलन प्रणाली, जिसमें सूर्य से प्राप्त ऊर्जा और अंतरिक्ष में उत्सर्जित ऊर्जा का संतुलन शामिल है- अब असंतुलित हो रही है। वायुमंडल में कार्बन युक्त गैसों की मात्रा बढ़ने से यह ऊष्मा पृथ्वी की सतह पर अधिक समय तक बनी रहती है, जिससे तापमान में वृद्धि होती है।



डॉ. जितेंद्र शुक्ला

वन्य जीव विशेषज्ञ

वर्तमान समय में वायुमंडल में कार्बन युक्त गैसों की सांद्रता ऐतिहासिक रूप से उच्च स्तर पर पहुंच चुकी है। यह वृद्धि मुख्यतः जीवाश्म ईंधनों के दहन, वनों की कटाई और औद्योगिक प्रक्रियाओं के कारण हुई है। परिणामस्वरूप, पृथ्वी की सतह, महासागरों और वायुमंडल का तापमान निरंतर बढ़ रहा है। वन इस संतुलन को बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वृक्ष प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से वायुमंडल से कार्बन युक्त गैसों को अवशोषित करते हैं और प्राणवायु का उत्सर्जन करते हैं। तापमान वृद्धि का सीधा प्रभाव वनों की संरचना और उनकी जैव विविधता पर पड़ता है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, तापमान में वृद्धि के



कारण अनेक वृक्ष प्रजातियां अपने पारंपरिक आवास क्षेत्रों से विस्थापित हो रही हैं। वे ऊंचाई वाले या ठंडे क्षेत्रों की ओर प्रवास कर रही हैं, जिससे वन पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन उत्पन्न हो रहा है।

वनाग्नि की घटनाओं में वृद्धि भी तापमान वृद्धि का एक गंभीर परिणाम है। उच्च तापमान, कम आर्द्रता और सूखे की स्थिति वनों को अत्यधिक ज्वलनशील बना देती है। एक बार आग लगने पर यह तेजी से फैलती है और विशाल क्षेत्रों को नष्ट कर देती है। इन आगों के कारण न केवल वृक्षों की हानि होती है, बल्कि वायुमंडल में बड़ी मात्रा में कार्बन युक्त गैसें भी उत्सर्जित होती हैं, जो तापमान वृद्धि को और बढ़ाती हैं। वन्यजीवों पर इसका प्रभाव अत्यंत गंभीर है। प्रत्येक जीव की एक तापीय सीमा होती है, जिसके भीतर वह जीवित रह सकता है। जब तापमान इस सीमा से बाहर जाता है, तो उनके शरीर की जैव-रासायनिक क्रियाएं प्रभावित होती हैं।

जल स्रोतों का सूखना इस संकट को और गहरा करता है। जंगलों में रहने वाले जीव जल के लिए लंबी दूरी तय करने को विवश हो जाते हैं, जिससे उनका जीवन और अधिक संकटग्रस्त हो जाता है। यह स्थिति कई बार मानव और वन्यजीवों के बीच संघर्ष को जन्म देती है, जो दोनों के लिए हानिकारक है। समाधान के स्तर पर हमें बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। सबसे पहले, वनों का संरक्षण और विस्तार आवश्यक है। वृक्षारोपण केवल संख्या बढ़ाने का प्रयास नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लगाए गए वृक्ष दीर्घकाल तक जीवित रहें और पारिस्थितिक संतुलन में योगदान दें। इसमें समाज और शासन की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्यावरण संरक्षण के लिए कठोर नियम बनाए जाने चाहिए और उनका पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। शिक्षा के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाना आवश्यक है, ताकि वे अपने कर्तव्यों को समझ सकें।

### जैव विविधता की स्थिति

वन्यजीव इस तंत्र की दूसरी महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे बीजों के प्रसार में सहायक होते हैं, जिससे नए वृक्षों का जन्म होता है। वे खाद्य श्रृंखला का हिस्सा होते हैं, जिससे विभिन्न जीवों की संख्या संतुलित रहती है। यदि यह संतुलन बिगड़ता है, तो इसका प्रभाव पूरे पर्यावरण पर पड़ता है।

तापमान वृद्धि के कारण जल स्रोतों का सूखना भी वन्यजीवों के लिए एक बड़ी चुनौती है। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह ज्ञात हुआ है कि वैश्विक ताप वृद्धि के साथ-साथ वर्षा के पैटर्न में भी परिवर्तन हो रहा है। इससे अनेक क्षेत्रों में सूखे की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे जल स्रोत समाप्त हो रहे हैं। जल के अभाव में वन्यजीवों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उनकी ऊर्जा खपत बढ़ती है और वे अधिक जोखिम में आ जाते हैं।

जैव विविधता के संदर्भ में भी यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि वर्तमान समय में प्रजातियों के विलुप्त होने की दर प्राकृतिक दर से कई गुना अधिक हो गई है। यह संकेत करता है कि हम एक ऐसे कालखंड में प्रवेश कर चुके हैं, जहां व्यापक स्तर पर जैव विविधता का ह्रास हो रहा है।

## बिजनेस ब्रीफ

### श्रीकांत वेलमकन्नी बने नैसकॉम के चेयरमैन

**नई दिल्ली।** देश की कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी फ्रैक्टल के सह-संस्थापक और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीकांत वेलमकन्नी को नैसकॉम का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष निकाय नैसकॉम ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वेलमकन्नी ने एसएपी लैब्स इंडिया की प्रबंध निदेशक सिंधु गंगाधरन का स्थान लिया है, जिनका चेयरमैन के रूप में कार्यकाल अप्रैल 2026 में पूरा हो रहा है। नैसकॉम ने बताया कि किशोर पाटिल को संस्था का वाइस चेयरमैन चुना गया है। नैसकॉम के अनुसार, वेलमकन्नी देश की शुरुआती और एआई आधारित प्रमुख कंपनियों में से एक के सह-संस्थापक हैं और उनके पास कृत्रिम मेधा, डेटा विश्लेषण और वैश्विक बाजार की गहरी समझ है, जो इस समय उद्योग के लिए महत्वपूर्ण है।

### केपी एनर्जी को मिली सीईआरसी की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केपी एनर्जी को केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) से अंतर-राज्यीय बिजली व्यापार का लाइसेंस मिल गया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस अनुमोदन से कंपनी को राज्य की सीमाओं के पार बिजली का व्यापार करने का अधिकार मिल जाता है, जिससे वह राष्ट्रीय बिजली बाजारों में भाग ले सकेगी और विभिन्न क्षेत्रों में मांग के अनुसार बिजली की बिक्री को समायोजित करने की अपनी क्षमता को बढ़ा सकेगी।

### यूनियन बैंक का मुनाफा 5,316 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का एकल शुद्ध लाभ 2025-26 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 6.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,316 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 4,985 करोड़ रुपये था। बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में शुद्ध ब्याज आय या मुख्य आय सालाना आधार पर 1.14 प्रतिशत घटकर 9,406 करोड़ रुपये रह गई। कुल आय घटकर 31,851.15 करोड़ रुपये रह गई जो जनवरी-मार्च 2025 में 32,752.67 करोड़ रुपये थी।

### बिड़ला सन लाइफ का लाभ 18 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी का मार्च, 2026 में समाप्त तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 187 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 228 करोड़ रुपये था।

# प. एशिया में तनाव से शेयर बाजार में गिरावट जारी, सेंसेक्स 852 अंक टूटा

## अमेरिका-ईरान वार्ता रुकने से कच्चा तेल फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**




स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 205 अंक नुकसान में रहा। अमेरिकी-ईरान वार्ता रुकने के कारण कच्चा तेल एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के साथ ही एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख ने भी निवेशकों को प्रभावित किया।

तीस शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंक यानी 1.09 प्रतिशत टूटकर 77,664 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 942.31 अंक यानी 1.20 प्रतिशत फिसलकर 77,574.18 पर आ गया था। दूसरी ओर 50 शेयर पर आधारित एनएसई निफ्टी 205.05 अंक यानी 0.84 प्रतिशत गिरकर 24,173.05 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.89 प्रतिशत बढ़कर 103.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.39 प्रतिशत और स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.34 प्रतिशत की गिरावट आई। क्षेत्रवार प्रदर्शन देखें तो पीएसयू बैंक में 2.36 प्रतिशत, वाहन में 2.27 %, रियल्टी में 1.91 %, उपभोक्ता विवेकाधीन वस्तुओं में 1.71 %, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 1.63 और बैंकएक्स में 1.46 प्रतिशत की गिरावट आई। दूसरी ओर स्वास्थ्य देखभाल में 1.66, पूंजीगत वस्तुओं में 0.40, बिजली में 0.40 और औद्योगिकी वस्तुओं में 0.11 % की तेजी रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,078.36 करोड़ के शेयर बेचे।

एशिया के बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार भी नुकसान में थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त में रहे थे।

### हॉर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान से टूटा भरोसा

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक हरिप्रसाद ने कहा कि भारतीय बाजारों में गिरावट का सिलसिला जारी रहा, निफ्टी में लगातार दूसरे दिन नरमी देखी गई। बाजार का मिजाज जोखिम से बचने का है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान से जुड़ी चिंताओं ने निवेशकों के भरोसे को कमजोर किया है।

### गिरावट वाले शेयर

ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक

### ये रहे लाभ में

अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, भारती एयरटेल और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स

## पेट्रोल, डीजल की कीमत बढ़ाने की अभी कोई योजना नहीं : तेल मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने विधानसभा चुनाव के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतें 25-28 रुपये प्रति लीटर बढ़ाए जाने का दावा करने वाली खबरों को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया और कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि कुछ खबरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ने की बात कही जा रही है। स्पष्ट किया जाता है कि सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। यह स्पष्टीकरण कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें संकेत दिया गया था कि पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में 29 अप्रैल को मतदान खत्म होने के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हो सकती है। कोटक ने कच्चे तेल की कीमत करीब 120 डॉलर प्रति बैरल रहने के आधार पर 25-28 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया था। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी खबरें नागरिकों में डर एवं घबराहट पैदा करने के लिए पेश की जा रही हैं और ये भ्रामक व गुमराह करने वाली हैं।

## एक वित्त वर्ष में 7.5% घटा चावल निर्यात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश का चावल निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 7.5 प्रतिशत घटकर 11.53 अरब डॉलर रह गया। पश्चिम एशिया क्षेत्र के देशों सहित प्रमुख बाजारों को निर्यात में कमी इसकी मुख्य वजह रही। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। वहीं मार्च में निर्यात 15.36 प्रतिशत घटकर 99.75 करोड़ डॉलर रहा।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के कारण ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब और ओमान सहित पश्चिम एशिया क्षेत्र के देशों को होने वाले निर्यात पर असर पड़ा है।

## 2,800 करोड़ रुपये से अधिक का करेगी निवेश अमेजन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेजन इंडिया कर्मचारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं वित्तीय कल्याण उपायों को मजबूत करने और देशभर में अपने संचालन नेटवर्क को बढ़ाने के लिए 2,800 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की योजना है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि यह नया निवेश कंपनी की 2030 तक भारत में 35 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक निवेश करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इसमें कारोबार विस्तार, कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित डिजिटलीकरण, निर्यात वृद्धि और रोजगार सृजन जैसे उपाय शामिल हैं। अमेजन इंडिया एवं ऑस्ट्रेलिया के संचालन उपाध्यक्ष अभिनव सिंह ने कहा कि यह निवेश कंपनी के प्रयासों को और मजबूत करेगा।

**ब्रोकरेज कंपनी बर्नस्टीन ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र**

# बिना सुधारों और नवाचारों के पिछड़ जाएगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



ब्रोकरेज कंपनी बर्नस्टीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम लिखे एक खुले पत्र में आगाह किया कि यदि भारत संरचनात्मक सुधारों, विशेषकर रोजगार, विनिर्माण एवं नवाचार में तेजी नहीं लाता है तो हाल के आर्थिक लाभ व्यर्थ हो सकते हैं। इसमें कहा गया है कि पिछले छह वर्ष दिखाते हैं कि जब नीतियां समन्वित होती हैं तो भारत क्या कर सकता है। लेकिन साथ ही एक जोखिम भी है..., यह मान लेना कि सफलता आगे भी जारी रहेगी और इस बात को कम आंकना कि कितना काम बाकी है।

बर्नस्टीन ने कहा कि वैश्विक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) रैंकिंग में भारत की बढ़त और सब्सिडी के बजाय बुनियादी ढांचे पर ध्यान ने वृद्धि को आधार दिया है, लेकिन वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है जहां आपूर्ति श्रृंखलाएं पुनर्गठित हो रही हैं और प्रौद्योगिकी व्यवधान तेज हो रहा है।

### रोजगार है प्रमुख चिंता

एक प्रमुख चिंता रोजगार है, खासकर तब जब 'जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (जेन एआई) उस सेवा क्षेत्र के लिए खतरा बन रहा है जिसने दशकों तक भारत के मध्यम वर्ग को आगे बढ़ाया है। बर्नस्टीन ने साथ ही यह भी सवाल उठाया कि क्या विनिर्माण क्षेत्र बड़े पैमाने पर विस्थापित श्रम को समायोजित कर सकता है। पत्र में कहा गया है कि अंततः, कोई देश अपने लोगों को कहां और कैसे तैनात करता है, यही उसके दीर्घकालिक भविष्य को निर्धारित करता है।

### संरचनात्मक बाधाएं

पत्र में कृषि को एक प्रमुख बाधा बताया गया, जहां लगभग 42-45 प्रतिशत कार्यबल केवल 15-16 प्रतिशत जीडीपी में योगदान देता है। कृषि कानूनों की वापसी के बावजूद सुधारों को फिर से शुरू करने, सिंचाई बढ़ाने और सब्सिडी पर निर्भरता घटाने की बात कही गई।

### एआई एवं विनिर्माण में दूरी

बर्नस्टीन ने आगाह किया कि भारत बुनियादी प्रौद्योगिकी विकसित करने के बजाय डेटा सेंटर पर ध्यान केंद्रित करके कृत्रिम मेधा (एआई) में पीछे रह सकता है।

### निर्णायक कार्रवाई जरूरी

बर्नस्टीन ने कहा कि भारत में पूंजी, प्रतिभा या महत्वाकांक्षा की कमी नहीं है। अब आवश्यकता है कि कठिन निर्णयों को टालने के बजाय जल्दी लेने की अधिक स्पष्ट इच्छा दिखाई जाए। कार्रवाई का अवसर अब भी खुला है, लेकिन यह तेजी से कम होता जा रहा है।

**सकारात्मक पहल** | **आईआईए और इंडो-जापान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के बीच बनी रणनीति**

# छोटे उद्यमियों को देंगे वैश्विक भागीदारी का अवसर : दिनेश गोयल

- मुख्यमंत्री योगी के 'जापान मिशन' को बताया प्रेरक

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



बैठक में शामिल इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) और इंडो जापान चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जापान सरकार के साथ किए गए दूरदर्शी समझौते को आधार मानते हुए एमएसएमई को वैश्विक मंच प्रदान करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है।

हाल में आईआईए और इंडो-जापान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के बीच हस्ताक्षरित किए गए एमओयू के क्रम में बुधवार को ग्रेटर नोएडा में दोनों संस्थाओं ने एक उच्च स्तरीय रणनीतिक बैठक की गई। जो एमएसएमई को बहुआयामी विस्तार देगी। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने बैठक का नेतृत्व करके मुख्यमंत्री के विजन को साझा किया। विशेष रूप से एसएमईएस के लिए सरकारी नीतियों और सहायक दिशा-निर्देशों की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि हमारा उद्देश्य छोटे उद्यमियों को उनकी सीमित बजटीय सीमाओं से बाहर निकालकर वैश्विक भागीदारी के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने एमओयू के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक 'स्टीयरिंग कमेटी' के गठन का प्रस्ताव रखा।

बैठक में प्रदेश के औद्योगिक समूहों को जापानी तकनीक और विशेषज्ञता से जोड़ने पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें लखनऊ, बाराबंकी और कानपुर आईआईए एक्सपोर्ट कमेटी के चेयरमैन अमन अग्रवाल ने यहां के चिकन वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, चमड़ा, टेक्सटाइल और रक्षा विनिर्माण को वैश्विक मानकों पर लाने की योजना साझा की।

सहारनपुर और शामली से काष्ठ कला और लौह उद्योग को जापानी फिनिशिंग के साथ जोड़ने पर चर्चा हुई तो मुरादाबाद और संभल से पीतल एवं हस्तशिल्प उद्योग के लिए आधुनिक जापानी ऑटोमेशन तकनीकों पर जोर दिया गया। मेरठ से स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष सुमनेश अग्रवाल ने मेरठ के खेल उत्पादों को विश्वस्तरीय बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। पर्यटन और आतिथ्य पर भी चर्चा हुई। वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, आगरा और मथुरा जैसे धार्मिक एवं ऐतिहासिक केंद्रों में जापानी मानकों के अनुरूप क्लस्टर आधारित पर्यटन विकास और आतिथ्य सेवाओं को अपग्रेड करने पर विशेष सहमति बनी।

इसके अतिरिक्त बहु-राज्य विकास और पूर्वोत्तर क्षेत्र की संभावनाओं के लिए आईआईए ने एमओयू के माध्यम से केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, बिहार और पूर्वांचल के लिए भी व्यापक विकास के अवसरों को रेखांकित किया है। साथ ही अरुणाचल प्रदेश और असम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के उत्पादों को भी आईआईए के माध्यम से वैश्विक पहुंच दिलाने की पहल की गई है। आईजेसीसी के चेयरमैन राहुल मिश्रा और उनकी टीम ने आईटी, ऑटोमेशन और रेलवे ट्रांसफॉर्मेशन में जापानी 'ट्रेनिंग थ्योरीज' लागू करने पर सहमति जताई। युवा उद्यमियों को जापान में प्रशिक्षण दिलाने की योजना को एक ऐतिहासिक कदम बताया गया।

## बिहार में पहली बार मसूर की व्यवस्थित खरीद, 100 टन से अधिक की खरीदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'आत्मनिर्भर दलहन मिशन' के तहत शुरू की गई पहली व्यवस्थित दलहन खरीद पहल के अंतर्गत बिहार में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 100 टन से अधिक मसूर दाल की खरीद की गई है। यह खरीद पीएम-आशा (प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान) योजना की मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत की जा रही है, जो दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। बिहार में एनसीसीएफ ने पहली बार मसूर की संगठित खरीद शुरू की है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



**बारी की कतार...**



पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान पर गुरुवार को मुर्शिदाबाद में बहरमपुर कष्णनाथ कॉलेज में मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाता की सहायता करता सुरक्षा कर्मी। • अमृत विचार

## बंगाल चुनाव के पहले चरण में हुआ भारी मतदान तृणमूल कांग्रेस के जीत की स्थिति में होने का संकेत : ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में हुए भारी मतदान से संकेत मिलता है कि तृणमूल कांग्रेस अभी से ही जीत की स्थिति में है। कोलकाता के बो बाजार इलाके में आयोजित रैली में ममता ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वह सभी विपक्षी दलों को साथ लेकर दिल्ली (केंद्र की सत्ता) पर विजय हासिल करेंगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 152 सीटों पर मतदान जारी है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, शाम पांच बजे तक राज्य में 89.93 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि हम जीत की स्थिति में हैं। मुझे किसी पद में कोई दिलचस्पी नहीं है। मुझे कुर्सी नहीं चाहिए। मैं सिर्फ दिल्ली में भाजपा सरकार का अंत चाहती हूं।

# चार मई तृणमूल की समाप्ति तिथि, बंगाल में भारी मतदान से सत्ता परिवर्तन के संकेत: मोदी

**मथुरापुर (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि चार मई को मतगणना वाला दिन बंगाल में 'टीएमसी की 15 साल पुरानी सिंडिकेट प्रणाली और महाजंगल राज' की समाप्ति का दिन होगा। मोदी ने दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले काकद्वीप स्टेडियम में एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि राज्य में भारी मतदान से संकेत मिलता है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भय का शासन भाजपा के भरोसे के वादे से निश्चित रूप से पराजित हो रहा है।

मोदी ने कहा कि बंगाल में एक भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहाँ रिश्वत के बिना काम होता हो, जहाँ टीएमसी के सिंडिकेट और उनके बिचौलिए कमीशन न लेते हों। 15 साल पुरानी सिंडिकेट प्रणाली और टीएमसी का 'महाजंगल राज' चार मई को समाप्त हो रहा है। ममता बनर्जी सरकार को झूठे वादे करने और लोगों को धोखा देने के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए प्रधानमंत्री ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा किए गए 'टूटे वादों' की सूची गिनाई। मोदी ने कहा कि मुख्य भूमि को सागर द्वीप से जोड़ने वाले पुल का निर्माण, जहां गंगासागर मेला आयोजित होता है, अभी तक शुरू नहीं हुआ है, और लोगों को अभी तक नौकाओं पर निर्भर रहना पड़ता है। बाढ़ नियंत्रण हेतु घाटाल मास्टर प्लान भी शुरू ही नहीं हो पाया है।



पश्चिम बंगाल के हावड़ा में रोडशो में जनता का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

### ...फिर कोई घुसपैठ नहीं कर पाएगा : अमित शाह

बालागढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि भाजपा के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पश्चिम बंगाल में एक भी घुसपैठिये को घुसने नहीं दिया जाएगा और पहले से मौजूद अवैध प्रवासियों को चुन-चुन कर बाहर निकाला जाएगा। हुगली जिले के बालागढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनेगी।

## बंगाल चुनाव: समानांतर 'रणनीति कक्ष' का संचालन कर रहे थे ममता-अभिषेक और शाह

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा की 152 सीटों पर बृहस्पतिवार को पहले चरण का मतदान हुआ। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा नेता अमित शाह ने क्रमशः कालीघाट और साल्ट लेक से अपने अपने दलों के 'रणनीति कक्ष' का संचालन किया। इस महत्वपूर्ण चुनावी मुकाबले में वास्तविक समय में मतदान और बूथ स्तर की गतिविधियों पर पल- पल नजर रखी। बनर्जी के साथ उनके भतीजे और पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी थे, जबकि शाह के साथ केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता थे।

राज्य में बृहस्पतिवार को विधानसभा चुनाव के पहले चरण में तेजी से मतदान हुआ, जिसमें शाम छह बजे तक करोड़ मतदाताओं में से रिकॉर्ड तोड़ 91.64 प्रतिशत अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके थे। इस दौरान छिटपुट हिंसा, धमकियों और भाजपा उम्मीदवारों पर हमलों के कुछ मामले भी सामने आए। सुबह से ही, सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का राजनीतिक केंद्र कालीघाट एक तरह से कमांड सेंटर बन गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी मतदान के रुझानों, जिले से मिली जानकारी और किसी भी तरह की गड़बड़ी के संकेतों पर कड़ी नजर रख रहे थे। स्थानीय सूत्रों के व्यापक नेटवर्क से सुसज्जित तृणमूल नेतृत्व न केवल निगरानी कर रहा था, बल्कि जिले के नेताओं को, विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में, निर्देश भी जारी कर रहा था। अगर कालीघाट तृणमूल कांग्रेस का पारंपरिक केंद्र था, तो भाजपा के सॉल्ट लेक कार्यालय में भी एक समानांतर कमान संरचना बनायी गयी थी।

बंगाल की चुनावी लड़ाई पर केंद्रीय नेतृत्व की मजबूत पकड़ को रेखांकित करते हुए मतदान शुरू होने के कुछ ही समय बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां सॉल्ट लेक स्थित भाजपा के 'रणनीति कक्ष' का दौरा किया। चुनाव प्रचार की बारीकी से निगरानी कर रहे शाह ने जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठक की। यह दौरा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उनकी आधिकारिक यात्रा का हिस्सा नहीं था और उत्तरी बंगाल के कई निर्वाचन क्षेत्रों और दक्षिणी बंगाल के कुछ हिस्सों में मतदान शुरू होने के कुछ ही घंटों बाद हुआ था। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय मंत्री ने मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने मतदान प्रतिशत और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की रिपोर्ट के संबंध में पार्टी पदाधिकारियों और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से प्राप्त प्रतिक्रियाओं की भी समीक्षा की।

## तमिलनाडु में द्रमुक सत्ता में बनी रहेगी: सांसद दयानिधि मारन

**चेन्नई, एजेंसी।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता दयानिधि मारन ने बृहस्पतिवार को विश्वास व्यक्त किया कि सत्तारूढ़ पार्टी तमिलनाडु में लगातार दूसरी बार सत्ता में आएगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने चेन्नई में मतदान करने के बाद कहा कि द्रमुक सत्ता में बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि सिर्फ मैं ही नहीं बल्कि पूरे तमिलनाडु के लोग चाहते हैं कि द्रमुक फिर से सत्ता में आए। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। यहां सत्तारूढ़ द्रमुक और मुख्य विपक्षी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) सत्ता के प्रमुख दावेदार हैं, जबकि अभिनेता विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) और तमिल राष्ट्रवादी सीमान नीत एनटीके भी मुकाबले में है।



वोट के बाद निशान दिखाते सीएम स्टालिन।

## चेन्नई: द्रमुक के विरोध में भाजपा ने दिया धरना

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में बृहस्पतिवार को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने द्रमुक के कुछ सदस्यों पर मतदाताओं को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए मयलापुर निर्वाचन क्षेत्र में एक मतदान केंद्र के सामने धरना प्रदर्शन दिया। राज्य की 234 विधानसभा सीटों पर मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही मयलापुर से भाजपा की उम्मीदवार और पूर्व राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन मौके पर पहुंचीं। आरोप लगाया कि द्रमुक के कुछ सदस्यों ने पार्टी के चुनाव चिन्ह 'उगते सूरज' का खुलेआम प्रदर्शन किया और मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया।



मतदान के बाद निशान दिखाते अभिनेता कमल हासन, श्रुति हासन।

# होर्मुज से बारूदी सुरंगों को हटाने में लग सकता है छह महीने का समय : पेंटागन

## वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रहने की आशंका उच्चस्तर तक पहुंची

**वाशिंगटन, एजेंसी**

पेंटागन ने अमेरिकी सांसदों को चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंगों को हटाने में छह महीने तक का समय लग सकता है। इस चेतावनी के बाद वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में लंबे समय तक व्यवधान की संभावना सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई है। हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सदस्यों को दी गई एक गोपनीय ब्रीफिंग से परिचित अधिकारियों के अनुसार इस समयसीमा से फरवरी के अंत में युद्ध की शुरुआत के बाद से ईरान की ओर से तैनात की गई बारूदी सुरंगों को हटाने की जटिलता का पता चलता है।

सांसदों को बताया गया कि तेहरान ने जलडमरूमध्य में और उसके आसपास कम से कम 20 सुरंगें बिछाई होंगी, जिनमें से कुछ जीपीएस सक्षम प्रणालियों से लैस हैं जो उन्हें बहने या दूर से स्थित किए जाने की अनुमति देती हैं। इस कारण उनका पता लगाना और उन्हें हटाना कहीं अधिक कठिन हो जाता है। इस सप्ताह की शुरुआत में हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सदस्यों के लिए एक गोपनीय ब्रीफिंग में साझा किए गए पेंटागन के आकलन के अनुसार युद्ध समाप्त होने के बाद ही इस तरह की कोई कार्रवाई शुरू होने की संभावना है। होर्मुज जलडमरूमध्य, समुद्री ऊर्जा आपूर्ति के सबसे महत्वपूर्ण मार्गों में से एक है जहां से आमतौर पर विश्व की तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है, जो अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कुल ऊर्जा आपूर्ति का 20 प्रतिशत है। इस मार्ग के बंद होने से ऊर्जा बाजारों में पहले ही हलचल मच गई है, जलडमरूमध्य में टैंकरों का आवागमन पहले की तुलना में काफी कम हो गया है, जबकि तेल और गैस की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

### फिर गलत साबित हुआ ट्रंप का दावा

इस ब्रीफिंग ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया दावों का पुरजोर खंडन किया कि ईरान ने पहले ही उस क्षेत्र से बारूदी सुरंगें हटाना शुरू कर दिया है। इसके विपरीत, पेंटागन के आंतरिक आकलन से पता चलता है कि यह प्रक्रिया कहीं अधिक लंबी और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण है, जिससे रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों के सांसद नाराज हैं। मौजूदा व्यवधानों के अनिश्चितकालीन विस्तार से आने वाले महीनों में तेल और गैस की कीमतें ऊंची बनी रह सकती हैं, जिसका असर मुद्रास्फीति और घरेलू ईंधन लागत पर भी पड़ेगा। पिछले सप्ताह होर्मुज को कुछ समय के लिए फिर से खोला गया था, लेकिन ईरान द्वारा वाशिंगटन पर नौसैनिक नाकाबंदी जारी रखकर प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाने के बाद इसे तुरंत फिर बंद कर दिया गया।


**मिनाब के बच्चे अब भी चित्र बनाते हैं...** शीर्षक पर नई दिल्ली में ईरानी दूतावास की आयोजित की प्रदर्शनी।

### ईरान ने होर्मुज से पहली बार वसूला टोल

**तेहरान।** ईरानी संसद के उप अध्यक्ष हामिद रेजा हाजी बाबाई ने कहा कि देश के केंद्रीय बैंक को नवगठित होर्मुज टोल प्रणाली से अपना पहला राजस्व प्राप्त हुआ है। पिछले महीने ईरानी संसद के सुरक्षा आयोग ने रणनीतिक जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर परिवहन शुल्क लगाने की योजना को मंजूरी दी थी। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे दुनिया के लिए खतरनाक बताया था।

### बर्लिन में रजा पहलवी पर फेंका लाल रंग

**बर्लिन।** ईरान के निर्वासित युवराज रजा पहलवी पर बृहस्पतिवार को बर्लिन की एक इमारत से बाहर निकलते समय लाल रंग का तरल पदार्थ फेंका गया। यह घटना जर्मनी के संघीय प्रेस कॉन्फ्रेंस भवन के बाहर तब हुई जब पहलवी संवाददाता सम्मेलन करके बाहर निकल रहे थे।

### सेंटकॉम ने 31 जहाजों को वापस लौटाया

**वाशिंगटन।** ईरान के खिलाफ अपनी समुद्री घेराबंदी को और सख्त करते हुए अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने गुरुवार को पुष्टि की कि उसने ईरान के विरुद्ध अमेरिकी घेराबंदी के हिस्से के रूप में 31 जहाजों को बंदरगाह पर लौटने का निर्देश दिया है। इन जहाजों में अधिकांश तेल टैंकर बताए जा रहे हैं।

### ट्रंप ने होर्मुज में बारूदी सुरंगे बिछा रही नावें नष्ट करने का दिया आदेश

**दुबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सुबह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अमेरिकी सेना को होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध करने वाली छोटी ईरानी नावों को नष्ट करने का आदेश दिया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से बारूदी सुरंगों को हटाने के प्रयास तेज कर रही है। उन्होंने पोस्ट किया, 'मैंने अमेरिकी नौसेना को आदेश दिया है कि होर्मुज के पानी में बारूदी सुरंगें बिछाने वाली किसी भी नाव, चाहे वह छोटी ही क्यों न हो, उसे गोली मारकर नष्ट कर दिया जाए। उन्होंने लिखा, हमारे बारूदी सुरंग हटाने वाले यंत्र इस समय जलडमरूमध्य को साफ कर रहे हैं। मैं यह कार्य तीन गुना अधिक रफ्तार से जारी रखने का आदेश देता हूं।

# ईरान युद्ध अमेरिका की सेना पर भारी अब नौसेना प्रमुख ने दिया त्यागपत्र

**वाशिंगटन, एजेंसी**

ईरान युद्ध के बीच अमेरिका के एक और वरिष्ठ सैन्य अफसर ने त्यागपत्र दे दिया है। ताजा इस्तीफा अमेरिकी नौसेना प्रमुख जॉन सी फेलन का है जिनके बारे में अमेरिका के युद्ध विभाग ने बयान जारी किया है कि वह तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। इसके बाद उप प्रमुख हंग काओ नौसेना के कार्यवाहक प्रमुख के रूप में सेवा देंगे।

फेलन की विदाई कई लोगों के लिए आश्चर्यजनक रही। उनके संबंध युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के साथ ठीक नहीं थे, हालांकि बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनके संबंध अच्छे थे। एक सूत्र ने कहा, फेलन यह नहीं समझ पाए कि वह सर्वोच्च अधिकारी नहीं थे। उनका काम दिए गए आदेशों का पालन करना था, न कि उन आदेशों का पालन करना जो उनके अनुसार दिए जाने चाहिए। फेलन ने मंगलवार को नौसेना के भविष्य और गोल्डन फ्लीट पहल सहित इसके प्रमुख निवेशों पर चर्चा करने के लिए संवाददाताओं से बात की थी।

फेलन का त्यागपत्र उस महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है, जब अमेरिकी नौसेना ने 13 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों ओर ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने और बाहर निकलने वाले सभी समुद्री यातायात की घेराबंदी शुरू कर दी है। दुनिया के तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरल प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।


● रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से थे मतभेद, होर्मुज की नाकेबंदी की चुनौती के बीच पद छोड़ा

### संकट: अमेरिका की सेना में एक के बाद एक इस्तीफे

ईरान युद्ध शुरू होने के बाद सबसे चर्चित और बड़ा इस्तीफा नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर के निदेशक जो केंट का था जिन्होंने यह कहते हुए त्यागतपत्र दिया था कि ट्रंप ने इजराइल के दबाव में ईरान पर हमला किया है और वह इस युद्ध का अंतरात्मा से समर्थन नहीं कर सकते। डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस को इसलिए हटाया गया था क्योंकि उनकी रिपोर्ट ने राष्ट्रपति के दावों के विपरीत बताया था कि अमेरिकी हमलों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को केवल कुछ महीनों का नुकसान हुआ है। अब सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज को भी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के निर्देश पर पद छोड़ने के लिए कह दिया गया था। जॉन फेलन को हटाए जाने को भी ईरान युद्ध की रणनीतियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

## अमेरिकी नौसेना ने किया ईरान से जुड़े एक और तेल टैंकर को जब्त कर अपने कब्जे में लेने का दावा

**दुबई।** अमेरिकी सेना ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उसने ईरान से जुड़ा एक और तेल टैंकर जब्त किया है, जिसका इस्तेमाल ईरानी तेल की तस्करी के लिए किया जा रहा था। अमेरिकी रक्षा विभाग ने कहा कि उसने हिंद महासागर में तेल टैंकर मैजेस्टिक एक्स को जब्त किया है। यह घटना ईरान द्वारा बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन मालवाहक जहाजों पर हमला करने और उनमें से दो को अपने कब्जे में लेने के बाद हुई है। रक्षा विभाग ने तेल टैंकर को जब्त करने का फुटेज जारी किया, जिसमें जहाज पर अमेरिकी सैनिक दिखाई दे रहे हैं।

### वर्ल्ड ब्रीफ

### फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति दुतेर्ते पर चलेगा मुकदमा

**द हेग।** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते पर मानवता के विरुद्ध अपराधों के आरोप में मुकदमा चलाया जाएगा। आरोप है कि दुतेर्ते के कार्यकाल के दौरान मादक पदार्थ-रोधी अभियानों में कार्रवाई के नाम पर अत्याचार किए गए। तीन न्यायाधीशों की पीठ ने सर्वसम्मिति से पाया कि यह मानने के लिए पर्याप्त आधार हैं कि पहले दक्षिणी फिलीपींस के दवाओ शहर के महापौर के रूप में और फिर राष्ट्रपति पद पर रहते हुए दुतेर्ते दर्जनों हत्याओं के लिए जिम्मेदार थे। दुतेर्ते (80) को पिछले साल फिलीपींस में गिरफ्तार किया गया था और उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंताओं के कारण अदालती कार्यवाही में देरी हुई है।

### नेपाल: राष्ट्रपति पौडेल ने बुलाए बिना संसद सत्र स्थगित किया

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने संसद के दोनों सदनों का सत्र बिना बुलाए ही बृहस्पतिवार को स्थगित कर दिया। पौडेल ने 21 अप्रैल को मंत्रिमंडल की सिफारिश पर 30 अप्रैल को संसद का सत्र बुलाया था। राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता रितेश कुमार शाक्य ने बताया कि नेपाल सरकार और मंत्रिमंडल की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने प्रतिनिधि सभा और राष्ट्रीय सभा के सत्र को स्थगित करने के लिए विशेष कारणों का हवाला दिया। संसद सत्र को आहूत किये बिना स्थगित करने के फैसले को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। संसद के सबसे वरिष्ठ सदस्य और नेपाली कांग्रेस के नेता अर्जुन नरसिंह केसी ने कहा कि संसद सत्र को बुलाए बिना ही स्थगित करने का सरकार का निर्णय अभूतपूर्व और हतप्रभ करने वाला है।

### अवैध बर्खास्तगी पर 45 लाख रुपये का मुआवजे के आदेश

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर में श्रम न्यायालय ने रेलवे स्टेशन रोड स्थित पांच सितारा होटल राजपूताना शेरेटन से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। न्यायाधीश दिनेश कुमार गुप्ता ने दो कर्मचारियों की सेवा समाप्ति को अवैध करार देते हुए होटल प्रबंधन को एकमुश्त 45 लाख रुपये मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। हालांकि अदालत ने कर्मचारियों को पुनः नौकरी पर बहाल करने के बजाय आर्थिक क्षतिपूर्ति को उचित माना। ये दोनों मामले विद्याधर नगर निवासी शैलेन्द्र कुमार और बनीपार्क निवासी अजय बहादुर द्वारा दायर किए गए थे। दोनों श्रमिकों की ओर से एडवोकेट कुणाल रावत ने पैरवी की।

# लुफ्थांसा एयरलाइन ने रद्द कीं 20,000 उड़ानें

## ईंधन संकट की मार, सहायक कंपनी सिटीलाइन को भी किया बंद

**लास वेगास, एजेंसी**

लुफ्थांसा एयरलाइंस और अन्य यूरोपीय एयरलाइन का मालिकाना हक रखने वाली जर्मन कंपनी ने मंगलवार को ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतों में वृद्धि और कुछ देशों में विमान ईंधन की कमी की चिंताएं गहराने के मद्देनजर अक्टूबर तक छोटी दूरी की 20,000 उड़ानों में कटौती करने की घोषणा की। लुफ्थांसा समूह के मुताबिक कम मुनाफे वाले मार्गों की उड़ानों को रद्द करने से लगभग 40,000 मीट्रिक टन विमान ईंधन के बराबर बचत होगी।


● कम मुनाफे वाली इन उड़ानों को रद्द करने से होगी 40,000 हजार मीट्रिक टन ईंधन की बचत

कंपनी ने पिछले सप्ताह लागत कम करने के लिए अपनी एक क्षेत्रीय सहायक कंपनी सिटीलाइन को बंद कर दिया। कंपनी ने कहा कि उसने योजनाबद्ध तरीके से कई केंद्रों का एकीकरण किया है जिसमें लुफ्थांसा एयरलाइन, ऑस्ट्रियन एयरलाइन, ब्रसेल्स एयरलाइन, स्विस और आईटीए एयरवेज के साथ-साथ ब्रसेल्स, रोम, वियना और ज्यूरिख में स्थित केंद्र भी शामिल होंगे। फरवरी के अंत में जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमले किए तब से कुछ बाजारों में विमान ईंधन की कीमत दोगुनी से भी अधिक हो गई है। यात्रियों पर इसका असर पहले से दिख रहा है जो कुछ मार्गों पर उड़ान विकल्पों में कमी और गर्मियों के मौसम में बढ़ते शुल्क तथा किराए में वृद्धि के रूप में देखा जा सकता है, वहीं कई एयरलाइन बैग जांच के शुल्क में वृद्धि कर रही हैं या ईंधन अधिभार जोड़ रही हैं।

ईरान युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास जारी लड़ाई ने दुनिया भर में ईंधन की कीमतों और आपूर्ति को बाधित कर दिया है। लुफ्थांसा ने कहा कि उसने आने वाले हफ्तों के लिए पर्याप्त जेट ईंधन सुरक्षित कर लिया है और गर्मियों के दौरान अपनी ईंधन आपूर्ति को स्थिर रखने के लिए विभिन्न उपायों पर काम कर रही है जिसमें जेट ईंधन की भौतिक खरीद भी शामिल है।लुफ्थांसा एयरलाइन परिचालन में कटौती करने वाली अकेली एयरलाइन नहीं है।

## अमेरिका के हार मान लेने तक बातचीत नहीं : हाजी बाबाई

**तेहरान।** ईरान के सांसद हामिद रजा हाजी बाबाई ने कहा है कि जब तक अमेरिका अपनी हार स्वीकार नहीं करता, तब तक उससे किसी भी प्रकार की वार्ता संभव नहीं है।

ईरानी संसद के उपाध्यक्ष हाजी बाबाई ने क्षेत्रीय देशों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे ईरान के खिलाफ किसी हमले में सहयोग न करें। जो देश आतंकी गतिविधियों को सुविधाएं देंगे, उनके हवाई अड्डों, होटलों और यहां तक कि नेतृत्व को भी निशाना बनाया जा सकता है। ये बयान ऐसे समय आए हैं, जब ईरान पर इजराइल व अमेरिकी हमलों के बावजूद उसकी सैन्य क्षमता बरकरार बताई जा रही है।

## नोटबंदी में जब्त दो लाख रुपये मूल्य के नोट बदले रिजर्व बैंक : हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने भारतीय रिजर्व बैंक को नोटबंदी के दौरान एक व्यक्ति से जब्त किए गए दो लाख रुपये मूल्य के 500 रुपये के नोट बदलने के निर्देश दिए हैं, जिन्हें उसे नोट बदलने के लिए निर्धारित अवधि के बाद लौटाया गया था।

न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के और न्यायमूर्ति निवेदिता मेहता की पीठ ने आदेश में कहा कि व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि पुलिस ने उसके पास मौजूद नोट चलन से बाहर किए गए नोटों को बदलने की अंतिम तिथि से पहले ही जब्त कर लिए थे और ये नोट उस अवधि के खत्म होने तक पुलिस के कब्जे में थे। पीठ ने गिरीश मलानी की याचिका को स्वीकार करते हुए आरबीआई को नोटबंदी के दौरान उससे जब्त किए गए दो लाख रुपये मूल्य के 500 रुपये के नोटों को बदलने के निर्देश दिए। मलानी ने अपनी याचिका में कहा था कि वह एक दिसंबर 2016 को 500 रुपये के 400 नोटों के साथ माहुर की ओर जा रहा था, तभी नगरपालिका चुनावों के मद्देनजर पुलिस गश्ती दल ने उसके वाहन को रोका और एहतियात के तौर पर दो लाख रुपये नकद जब्त कर माहुर थाने में जमा करा दिए।

# भारत की विदेश नीति में अफ्रीका अहम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि आज भारत की विदेश नीति में अफ्रीका का अहम स्थान है और नई दिल्ली का अफ्रीका के साथ संबंध समानता, परस्पर सम्मान और साझा प्रगति के सिद्धांतों पर आधारित एक स्पष्ट दृष्टिकोण से निर्देशित है।

जयशंकर ने आगामी 'भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन-4' के लोगो, थीम और वेबसाइट के अनावरण के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए कहा, हम यहां भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन ढांचे के माध्यम से भारत और अफ्रीका के बीच स्थायी साझेदारी में एक नया अध्याय शुरू करने के लिए एकत्रित हुए हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत-अफ्रीका संबंध हमारे सभ्यतागत संबंधों पर आधारित हैं, जो सदियों से सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों के बीच संबंध के माध्यम से विकसित हुए हैं। उन्होंने कहा, उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष में भारत ने अफ्रीकी देशों के प्रति एकजुटता दिखाई थी और इससे हमारे संबंध और मजबूत हुए।



● भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन के लोगो के अनावरण पर हुई सभा में बोले जयशंकर

विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की कहानी अफ्रीका से भी गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा, संघर्ष, एकजुटता, लचीलेपन और आकांक्षाओं का हमारा साझा इतिहास हमारी साझेदारी को आकार देता है। जयशंकर ने कहा कि आज अफ्रीका भारत की विदेश नीति में अहम स्थान रखता है। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि विकसित भारत 2047 की परिकल्पना और अफ्रीका का ''एजेंडा 2063'' सतत विकास और समावेशी विकास के माध्यम से समृद्धि और प्रगति की दिशा में पूरक रोडमैप हैं। जयशंकर ने यह भी कहा कि कई उच्च स्तरीय वार्ताओं के साथ भारत और अफ्रीका के बीच प्रमुख स्तंभों पर संबंध मजबूत हुए हैं, और भारत वैश्विक व्यवस्था में अफ्रीका के उचित स्थान का समर्थन कर रहा है।

मंत्री ने कहा कि इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम 2023 में भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को समूह में शामिल करना था। उन्होंने कहा, यह हमारे इस दृढ़ विश्वास को दर्शाता है कि आने वाले समय में वैश्विक शासन को दिशा देने में ग्लोबल साउथ की आवाजों का विशेष महत्व होगा।

## दो पाकिस्तानी चीनी स्पेस स्टेशन जाने वाले पहले विदेशी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ़ ने चीन के अंतरिक्ष मिशन के लिए चयनित पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्रियों खुर्रम दाऊद और मोहम्मद जीशान अली से गुरुवार को मुलाकात कर उनके प्रयासों की सराहना की। इस दौरान पाकिस्तान की अंतरिक्ष एजेंसी सुपारको की अंतरिक्ष यात्री आताशी हस्नान इफ्तिखार भी उपस्थित थीं।

शरीफ ने अंतरिक्ष यात्रियों से कहा कि उनसे मिलना उनके लिए गर्व का विषय है और यह मिशन पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगा। शरीफ ने चीनी राजदूत के साथ बातचीत में कहा कि अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में पाकिस्तान और चीन की मित्रता नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

● दोनों से मिले शरीफ, कहा- यह मिशन पाकिस्तान की उपलब्धि

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, चीन के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए विदेशी अंतरिक्ष यात्रियों के पहले समूह के चयन में पाकिस्तान के दो उम्मीदवारों का चयन किया गया है। दोनों चयनित उम्मीदवार प्रशिक्षण के लिए शीघ्र ही चीन जाएंगे और आवश्यक प्रशिक्षण तथा मूल्यांकन पूरा करने के बाद उनमें से एक को अंतरिक्ष मिशन में भेजा जाएगा।

## पाकिस्तानी विमानों पर भारत के हवाई क्षेत्र में प्रतिबंध बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत ने अपने हवाई क्षेत्र में पाकिस्तानी विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को मंगलवार को 24 मई तक के लिए बढ़ा दिया। प्रतिबंध में इस नए विस्तार के साथ पाकिस्तान के विमानों के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र बंद रहने की अवधि एक वर्ष से अधिक हो जाएगी। यह फैसला 22 अप्रैल 2025 को हुए पहलगाम आतंकी हमले के कुछ दिनों बाद पहली बार लागू किया गया था।

## भ्रष्टाचार में शहबाज की बेटी-दामाद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट पर रोक

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बेटी और दामाद के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को निलंबित कर दिया है। अदालत के एक अधिकारी ने कहा कि लाहौर की जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश राणा आरिफ ने बुधवार को 'पंजाब साफ पानी कंपनी' से संबंधित भ्रष्टाचार मामले में राबिया इमरान और उनके पति इमरान अली यूसुफ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट निलंबित कर दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को निष्पक्ष और न्यायसंगत सुनवाई का अधिकार है। अदालत ने 2022 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान के कार्यकाल के दौरान उनकी गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किए थे।

## ईयू ने यूक्रेन के लिए 106 अरब डॉलर का ऋण मंजूर किया

**ब्रसेल्स।** हंगरी द्वारा अपना वीटो वापस लेने के बाद, यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को दो वर्षों के लिए आर्थिक और सैन्य जरूरतों को पूरा करने में मदद के वास्ते 106 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण पैकेज को मंजूरी दे दी।

ईयू ने यूक्रेन पर रूस के युद्ध को लेकर उसके खिलाफ नए प्रतिबंधों को भी मंजूरी दे दी है। इन उपायों को साल की शुरुआत में तैयार किया गया था और संघर्ष का चौथा साल पूरा होने पर फरवरी में इनकी घोषणा की जानी थी, लेकिन हंगरी और स्लोवाकिया ने इस कदम का विरोध किया।

**कूटनीति**

**पहलगाम हमले की बरसी पर भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में अमेरिकी सांसदों ने की मांग**

# जैश और लश्कर-ए-तैयबा पर कार्रवाई करे पाकिस्तान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी सांसदों ने आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक एकजुटता का आह्वान करते हुए पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा और जैश जैसे आतंकी संगठनों पर कठोर नकेल कसने की अपील की है। वाशिंगटन डीसी स्थित कैपिटल हिल में भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित प्रदर्शनी 'आतंकवाद की मानवीय कीमत' के दौरान सांसदों ने पहलगाम हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

पहलगाम हमले की पहली बरसी के अवसर पर आयोजित इस विशेष प्रदर्शनी में अमेरिकी कांग्रेस के 19 सदस्य और 60 से अधिक कांग्रेसी कार्यालयों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कांग्रेस के सदस्य ब्रैड शेरमन ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए कहा, पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को लश्कर-ए-तैयबा का ही हिस्सा माना जाता है, जिसे पाकिस्तान में पनाह मिली हुई है। हमें पाकिस्तान सरकार से यह स्पष्ट मांग करनी चाहिए कि वह लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे समूहों को पूरी तरह खत्म करे। हाउस रिपब्लिकन कॉन्फ्रेंस की अध्यक्ष लिसा मैकक्लेन और सांसद रिचर्ड मैककॉर्मिक ने भी इस खतरे को साझा दुश्मन बताया।


भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में पहुंचे अमेरिकी सांसद।

### भारत पर बड़े आतंकी हमलों को किया प्रदर्शित

डिजिटल और इंटरैक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से इस प्रदर्शनी में 1993 के मुंबई बम धमाकों से लेकर 2008 के मुंबई हमलों और पिछले साल हुए पहलगाम हमले के विनाशकारी परिणामों को दिखाया गया। यह आयोजन उन परिवारों और समुदायों को समर्पित था जिन्होंने आतंकी हिंसा में अपने प्रियजनों को खोया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज भौतिक सुविधाओं का आनंद उठाएंगे। सहयोगी आपके काम में हस्तक्षेप कर सकते हैं। घर में धार्मिक गतिविधियां हो सकती हैं।

**तुला** — आज मेहनत करेंगे, तो परिणाम भी अच्छा मिलेगा। काम को लेकर जिम्मेदारी बढ़ सकती है। खुद को साबित करने का मौका मिलेगा।

**वृष** — आज किसी जरूरी सूचना या व्यक्ति से जुड़कर काम आगे बढ़ सकता है। छोटी कोशिश भी अच्छा परिणाम दे सकती है।

**वृश्चिक** — आज आपका नजरिया पॉजिटिव रहेगा। आप हर स्थिति में रास्ता निकाल लेंगे। कुछ नया सीखने या समझने का मौका मिल सकता है।

**मिथुन** — आज खर्च को लेकर सजग रहने की जरूरत है। सोच-समझकर लिया गया फैसला आगे लाभ देगा। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।

**धनु** — आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। किसी बात को लेकर असहज महसूस हो सकता है। धैर्य बनाए रखें।

**कर्क** — आज आपको सफलता मिलेगी। अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग करेंगे। जिम्मेदारियों का आसानी से निर्वहन कर पाएंगे।

**मकर** — आज साझेदारी पर ध्यान देना जरूरी रहेगा। संतुलन बनाए रखें। पारिवारिक मामलों को शांतिपूर्ण तरीके से निपटा लें।

**सिंह** — आज थोड़ा शांत रहकर स्थिति को समझना बेहतर रहेगा। हर बात में तुरंत प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है। चीजें आपके पक्ष में होंगी।

**कुंभ** — आज सही प्राथमिकता तय करेंगे, तो दिन आपके पक्ष में रहेगा। काम का दबाव बढ़ सकता है। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

**कन्या** — आज किसी के साथ मिलकर किया गया काम सफल होगा। योजनाओं को आगे बढ़ाने का अच्छा समय है। संपर्कों से लाभ मिलने के संकेत हैं।

**मीन** — आज का दिन सकारात्मक रहेगा। आपको अपने मन के अनुसार काम करने का मौका मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 24 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, अष्टमी 19 .21 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।

**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-पुष्य 20 .14 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

### सुडोकू - 128 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 3 | 9 | 7 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 2 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 |

### सुडोकू -129

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 1 | | |
| 4 | | 7 | | | | | | |
| 9 | | | | | 5 | 8 | | |
| | | | | | 9 | | 7 | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | 3 | | | | | | | |
| | | 2 | 1 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 6 | | 4 |
| 5 | | | | 3 | | | | |



मशहूर नहीं हुआ हूं, मैं वैसा ही बने रहने की कोशिश कर रहा हूं जैसा मैं पहले था। मुझे नहीं लगता कि मैं बदल गया हूं। मुझे अभी भी बहुत कुछ करना है क्योंकि यह तो बस शुरुआत है। इसलिए मैं चीजों को जितना हो सके उतना आसान रखता हूं।
–प्रफुल हिंगे, तेज गेंदबाज, सनराइजर्स


# स्टेडियम

मुरादाबाद, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
गुजरात टाइटंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

# संजू की शतकीय पारी से चेन्नई ने मुंबई को दिया 208 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : सैमसन का आईपीएल में है पांचवां शतक, अन्य बल्लेबाज रहे फ्लॉप



संजू सैमसन

**मुंबई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन (नाबाद 101) के सत्र के दूसरे शतक की मदद से बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ छह विकेट पर 207 रन का स्कोर खड़ा किया। सैमसन ने आईपीएल में अपने पांचवें शतक के लिए 54 गेंद खेलीं जिसमें 10 चौके और छह छक्के जडे. थे। खराब शॉट चयन और एकाग्रता की कमी के कारण सैमसन के साथी खिलाड़ी दूसरे छोर पर आउट होते रहे, लेकिन इस भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने संयम से खेलते हुए वानखेड़े स्टेडियम में एक और यादगार पारी खेली।

सीएसके की टीम एक समय बड़े स्कोर की ओर बढ़ती दिख रही थी लेकिन टीम बीच के ओवरों में लड़खड़ा गई। सैमसन के अलावा टीम का कोई भी बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सका। मुंबई इंडियंस के लिए जसप्रीत बुमराह (31 रन देकर एक विकेट) ने पहले ओवर में कसी हुई गेंदबाजी की, लेकिन सैमसन ने एक चौका जड़ दिया। इसके बाद उन्होंने हार्दिक पांड्या (38 रन देकर कोई विकेट पर) की गेंद को अपने पैड्स से फ्लिक करते हुए एक छक्का भी लगाया। सीएसके की शुरुआत शानदार रही। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (22) और सैमसन ने पावरप्ले के दौरान हार्दिक के पहले दो ओवरों में 19-19 रन बटोरे। दो विकेट गिरने के बावजूद मेहमान टीम 73 रन बनाकर मजबूत स्थिति में थी। लग रहा था कि गायकवाड़ फॉर्म में वापसी कर रहे हैं।

उन्होंने हार्दिक की गेंद पर ऑन-साइड में एक जोरदार शॉट लगाकर शुरुआत की और फिर एक छक्का जड़ा जिससे दूसरे ओवर में कुल 19 रन बने। तीसरे ओवर में गायकवाड़ ने ए एम गजनफर (25 रन देकर दो विकेट) के खिलाफ शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन तिलक वर्मा ने उनका एक शानदार कैच लपक लिया। सीएसके टीम में मौजूद मुंबई के खिलाड़ियों सरफराज खान (14) और शिवम दुबे (05) के लिए यह 'घर वापसी' बिल्कुल भी सुखद नहीं रही। सरफराज के ऑन-साइड में दो चौके लगाने के बावजूद मिचेल सैंटनर ने अगली गेंद विकेटों की लाइन में ही फेंकी।

सरफराज ने अपना 'ट्रेडमार्क' स्वीप शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद सीधे उनके विकेटों से जा टकराई। नौवें ओवर में गजनफर की गेंद चौथे नंबर पर उतरे भारत के ऑलराउंडर दुबे के बल्ले के अंदरूनी किनारे से टकराकर सीधे विकेटों में जा लगी।

डेवाल्ड ब्रेविस ने 11 गेंद में 21 रन बनाने के लिए कुछ शॉट लगाए लेकिन अश्विनी कुमार (37 रन देकर दो विकेट) की एक बेहतरीन शॉर्ट गेंद पर आउट हो गए। पर सैमसन ने सतर्कता और आक्रामकता का सही तालमेल बिठाते हुए रन जुटाना जारी रखा।

**चेन्नई सुपर किंग्स**

**207/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन नाबाद | 101 |
| रुतुराज गायकवाड़ का तिलक बो गजनफर | 22 |
| सरफराज खान बो सैंटनर | 14 |
| शिवम दुबे का गजनफर | 05 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का बुमराह बो अश्विनी | 21 |
| कार्तिक शर्मा का सैंटनर बो बुमराह | 18 |
| जेमी ओवरटन का धीर बो अश्विनी | 15 |
| अकील हुसैन नाबाद | 02 |

**अतिरिक्त** : 09, **विकेट पतन** : 1-32, 2-72, 3-91, 4-122, 5-165, 6-181

**गेंदबाजी** : बुमराह 4-0-31-1, हार्दिक 2-0-38-0, गजनफर 4-0-25-2, सैंटनर 4-0-44-1, अश्विनी 4-0-37-2, कृष भगत 2-0-31-0

### सीएसके ने म्हात्रे की जगह आकाश मधवाल को किया शामिल

**चेन्नई।** आयुष म्हात्रे के चोट के कारण आईपीएल-2026 के बचे हुए सत्र से बाहर होने के कारण चेन्नई सुपर किंग्स ने बृहस्पतिवार को उनकी जगह आकाश मधवाल को टीम में शामिल किया। भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान म्हात्रे ने सीएसके के लिए इस सत्र में शानदार शुरुआत की थी, उन्होंने छह मैच में दो अर्धशतक बनाए लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान उन्हें बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी।

### ऑरेंज कैप



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद-323 रन
- हेनरिच क्लोसेन हैदाराबाद -320
- संजू सैमसन चेन्नई -293 रन

### पर्पल कैप



- प्रिंस यादव गुजरात - 13 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई - 13 विकेट
- इशान मलिंगा हैदाबाद- 12 विकेट

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 0.790 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | 0.820 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.130 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.821 |
| 7. | मुंबई इंडियंस | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | 0.067 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -1.277 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल स्टार्क को आईपीएल में खेलने के लिए दी हरी झंडी

**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मिचेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने की अनुमति दे दी है और उम्मीद है कि यह तेज गेंदबाज दिल्ली कैपिटल्स के एक मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध रहेगा। कोहनी और कंधे में चोट के कारण बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क जनवरी से कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। उन्होंने एशेज के पांचों टेस्ट मैचों में अहम भूमिका निभाई। उन्हें इस सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। इसके बाद उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए बिग बैश लीग के पांच मैच भी खेले थे। क्रिकेट डॉट कॉम एयू के अनुसार उम्मीद है कि स्टार्क भारत में अब कड़ा अभ्यास करेंगे। वह दिल्ली के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक मई को होने वाले मैच में खेलने की राह पर हैं, जो उनका आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपना पहला मैच होगा। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी की आईपीएल



के शुरुआती चरण में अनुपस्थिति ने विदेशी खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता पर बहस छेड़ दी थी, जिसके चलते स्टार्क को सोशल मीडिया पर स्पष्टीकरण भी देना पड़ा था। उन्होंने इसे बेहद गलत जानकारी करार दिया था। स्टार्क ने पिछले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। दिल्ली अभी छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है।

## हाईलाइट

### वर्ल्ड कप राइफल में प्राची गायकवाड़ ने जीता स्वर्ण पदक

**काहिरा।** प्राची गायकवाड़ ने गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने मिस्र के काहिरा में चल रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन इवेंट में जूनियर महिलाओं की 50मी राइफल 3 पोजीशन्स (3पी) स्पर्धा में जीत हासिल की। फाइनल में उन्होंने 354.6 का स्कोर किया और इंडिविजुअल न्यूट्रल एथलीट (एआईएन) डार्या चुप्रिस को हराया, जिन्होंने 354.4 का स्कोर किया था। एक और एआईएन शूटर, एलेना क्रेटिनिना ने 343.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता; वह 35-शॉट के फाइनल में 34वें शॉट के बाद बाहर हो गईं। नारायण प्रणव ने भी जूनियर पुरुषों की 10मी एयर राइफल स्पर्धा में फाइनल में 229.5 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। यह इस प्रतियोगिता में भारत का दूसरा गोल्ड मेडल था। पदक तालिका में फिर से टॉप पर पहुंच गया है।

### भारतीय पुरुषों की निगाह थॉमस कप में खिताब पर

**होर्सेंस (डेनमार्क)।** आयुष शेट्टी के हाल में शानदार प्रदर्शन तथा अनुभवी खिलाड़ियों के दम पर भारतीय पुरुष टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले बीडब्ल्यूएफ थॉमस कप फाइनल्स में फिर से खिताब जीतने के लिए कोर्ट पर उतरेगी, जबकि उबर कप में महिला टीम अपनी क्षमता से बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। भारत थामस कप में शुक्रवार को कनाडा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद वह सोमवार (27 अप्रैल) को ऑस्ट्रेलिया और बुधवार (29 अप्रैल) को चीन के खिलाफ खेलेगा। भारत ने चार साल पहले थॉमस कप का खिताब अपने नाम करके अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की थी।

### नाइट राइडर्स का मैदान ओलंपिक में क्रिकेट की मेजबानी करेगा

**लॉस एंजलिस।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संजोग गुप्ता ने कहा कि 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट प्रतियोगिता लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के घरेलू मैदान पर आयोजित की जाएगी, जिसका गुरुवार को शिलान्यास किया गया। गुप्ता ने कहा दुनिया का दूसरा सबसे लोकप्रिय खेल इतने लंबे समय से ओलंपिक मंच से गायब रहा। जब अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने लॉस एंजिलिस 2028 खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की औपचारिक मंजूरी दी। इससे इस बात का पता चलता है कि ओलंपिक में उन खेलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिन्हें अरबों लोग पसंद करते हैं।

# दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 9 विकेट से रौंद शृंखला में बनाई अजेय बढ़त

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी**

कप्तान लॉरा वोल्वार्ट (53 गेंदों में 115 रन) की आतिशी शतकीय पारी और पहले विकेट के लिए सुने लुस (42 गेंदों में नाबाद 64 रन) के साथ 92 गेंदों में 183 रन की साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारत को तीसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली।

भारत ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (66) और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (64) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 42 गेंदों में 73 रन की साझेदारी की बदौलत चार विकेट पर 192 रन बनाए थे, लेकिन वोल्वार्ट की ताबड़तोड़ पारी ने इस बड़े स्कोर को भी बौना साबित कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने 16.3 ओवर में एक विकेट पर 193 रन बनाकर भारत के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। शानदार फॉर्म में चल रही वोल्वार्ट ने पहले दो मैचों में 51 और 54 रन बनाए थे। यह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने क्रमशः 2023 और 2018 में ऑस्ट्रेलिया और भारत के खिलाफ 212 और 198 रन के लक्ष्य हासिल किए थे।


कप्तान लॉरा वोल्वार्ट (दाएं)।

- कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ने खेली शतकीय पारी

### टी-20 विश्व कप से पहले कमजोरियां हुईं उजागर : हरमनप्रीत

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी टीम ने सही समय पर खराब प्रदर्शन किया क्योंकि इससे टीम प्रबंधन को कमजोरियों को दूर करने और जून में होने वाले टी20 विश्व कप में 'मजबूत वापसी' करने के लिए पर्याप्त समय मिल गया है। भारतीय महिला टीम को अक्टूबर 2024 में हुए टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद पहली बार किसी टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला में हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने तीसरा मैच नौ क्रिकेट से जीतकर पांच मैच की शृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली। पिछले टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया तथा वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शृंखलाएं जीती।

# बल्लेबाजी पर फोकस करेंगे बेंगलुरु-गुजरात

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस की टीम शुक्रवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। चिन्नास्वामी की थोड़ी चिपचिपी पिच पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में आरसीबी के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे जिससे उसकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। आरसीबी की यह इस सत्र में दूसरी हार थी जिससे उसने शीर्ष चार में अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका गंवा दिया था।

मौजूदा चैंपियन आरसीबी को यह बात अच्छी तरह से पता होगी कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ कमजोर प्रदर्शन से उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि उसे अब अपने अधिकतर मैच विरोधी टीम के मैदान पर खेलने हैं। यही नहीं वह अब अपने दो घरेलू मैच भी रायपुर में खेलेगा। आरसीबी अब चिन्नास्वामी स्टेडियम में जीत हासिल करके अपने प्रशंसकों को शानदार विदाई देना चाहेगा लेकिन इसके लिए उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बड़ा स्कोर बनाने का तरीका ढूंढना होगा। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ फिल साल्ट को छोड़कर कोई भी अन्य बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। कप्तान रजत पाटीदार और टिम डेविड जैसे छक्के जड़ने में माहिर बल्लेबाजों को भी रन बनाने के वैकल्पिक तरीके खोजने पड़े, हालांकि उन्हें इसमें बहुत अधिक सफलता नहीं मिली।


अभ्यास सत्र के दौरान विराट कोहली। एजेंसी

### आरसीबी को प्लान बी तैयार रखना होगा

आरसीबी के बल्लेबाजों को एक प्लान बी तैयार रखना चाहिए, क्योंकि इसकी कोई गारंटी नहीं है कि उनका आक्रामक खेल हर समय कारगर साबित होगा। इसी तरह से गुजरात टाइटंस भी अपने बल्लेबाजों के प्रदर्शन से चिंतित है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उसकी पूरी टीम 100 रन पर आउट हो गई थी और उसे 99 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा था।

- घरेलू मैदान का पूरा फायदा उठाना चाहेगा बेंगलुरु

**टीम**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेज़लवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल साल्ट, सात्विक देसवाल, विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, शाहरुख खान, अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, टॉम बैंटन, ग्लेन फिलिप्स, जेसन होल्डर, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, साई किशोर, जयंत यादव, अरशद खान, शाहरुख खान, मानव सुथार, राशिद खान, मोहम्मद सिराज, कागिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा।

**बोले-जडेजा**

राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए अधिकतर मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे नहीं कर पाए हैं 'जड्डू'

# 'मैदान पर आने से पहले होटल में ही छोड़ देता हूं अहंकार'



**नई दिल्ली, एजेंसी**

रविंद्र जडेजा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए विभिन्न कारणों से अधिकतर मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे नहीं किए हैं लेकिन उन्हें इस बात का कोई शिकवा नहीं है और उनका कहना है कि वह मैदान पर आने से पहले अपना अहंकार होटल के कमरे में छोड़ देते हैं। जडेजा ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी टीम को 40 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इससे पहले कुछ मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे न कर पाने के बारे में जडेजा ने जियोहॉटस्टार से कहा जब मैं मैदान पर आता हूं, तो मैं अपना अहंकार होटल के कमरे में ही छोड़ देता हूं। मैं केवल इस बारे में सोचता हूं कि टीम मुझसे जिस तरह की भी अपेक्षा करेगी मैं उसे पूरी करने की कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा अगर इस मैच में बल्लेबाजी की बात करें तो मैं पारी के आखिर तक खेलना चाहता था क्योंकि अगर मैं 17वें या 18वें ओवर में गलत शॉट खेलकर आउट हो जाता तो हम 159 रन तक नहीं पहुंच पाते और शायद 20-25 रन कम बना पाते। जडेजा ने 29 गेंद पर 43 रन बनाए और फिर चार ओवरों में 29 रन देकर एक विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा एलएसजी के लिए छोटा लक्ष्य हासिल करना शायद आसान होता। टी20 क्रिकेट में हर पिच, हर परिस्थिति और हर मैच की स्थिति अलग होती है, इसलिए आपको उसके अनुसार खेलना होता है। एकाना स्टेडियम की पिच पर धीमी गेंदबाजी करने के बारे में जडेजा ने कहा जब मैं दिग्वेश राठी के सामने बल्लेबाजी कर रहा था तो उनकी कुछ गेंदें रुक कर विकेट पर आ रही थी। इसलिए मैंने सोचा कि अगर मैं इस पिच पर धीमी गेंदबाजी करूं तो शायद मुझे भी कुछ मदद मिल सके। इस बीच पूर्व भारतीय खिलाड़ी और बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत के बल्लेबाजी के तरीके पर निराशा व्यक्त की। बांगड़ ने कहा अपनी पारी की शुरुआत में उन्होंने जिस शॉट को खेलने की कोशिश की, वह सही तरीका नहीं था। उन्होंने जिन तीन गेंद का सामना किया उन पर 'एक्रॉस द लाइन' शॉट खेलने का प्रयास किया। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का काफी अनुभव है और अगर वह शुरुआत में स्पष्ट रणनीति के साथ खेलते हैं तो उन्हें बेहतर परिणाम मिलेंगे।

### इकाना की पिच वाका जैसी : मुख्य कोच लैंगर

**लखनऊ :** लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने एकाना की पिच की तुलना पर्थ की बीते जमाने की मशहूर वाका पिच से की और स्वीकार किया कि उनकी टीम इसमें मिलने वाली गति और उछाल से तालमेल बिठाने में नाकाम रही है। एलएसजी अपने घरेलू मैदान पर अब तक खेले गए तीनों मैच हार चुका है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइट्स के खिलाफ उसे यहां क्रमश: छह और सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा जबकि बुधवार को राजस्थान रॉयल्स ने उसे 40 रन से हराया।

# बार्सिलोना ने लगातार सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग का खिताब जीता

**बार्सिलोना, एजेंसी**

बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 4-1 से हराकर लगातार सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस जीत से बार्सिलोना दूसरे स्थान पर मौजूद रियाल मैड्रिड से 16 अंक आगे हो गया है जो खिताब जीतने के लिए पर्याप्त हैं। बार्सिलोना का यह 11वां लीग खिताब है।

बार्सिलोना ने इस साल के टूर्नामेंट में अपने 26 मैचों में से 25 मैच जीते हैं। पिछले साल नवंबर में उसे रियल सोसिडाड के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा था जो उसकी एकमात्र हार थी। बार्सिलोना की महिला टीम ने लीग में अब तक 116 गोल किए हैं और सात गोल खाए हैं। इस तरह से उसका गोल अंतर 109 है।

### प्रीमियर लीग में शीर्ष पर पहुंचा मैनचेस्टर सिटी

**लंदन, एजेंसी** (स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने बर्नली को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल करके आर्सेनल के 200 दिनों से पहले स्थान पर चल रहे दबदबे को समाप्त कर दिया। बर्नली के लिए यह हार करारा झटका है क्योंकि इससे वह दूसरे डिवीजन में खिसक गया है। हालैंड ने खेल के पांचवें मिनट में ही जेरेमी डोकु के पास पर लीग का अपना 24वां गोल दागा, जिससे सिटी खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है। अब सिटी और आर्सेनल के 33 मैच में समान 70 अंक हो गए हैं और उनका गोल अंतर भी (37) बराबर है। सिटी ने हालांकि आर्सेनल के 63 गोल की तुलना में 66 गोल किए हैं जिससे वह पहले स्थान पर पहुंच गया है।

### यामल चोटिल, विश्व कप में भाग लेना मुश्किल

बार्सिलोना, एजेंसी : युवा फुटबॉलर लामिन यामल स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट के मैच में बार्सिलोना की सेल्टा विगो पर 1-0 से जीत के दौरान चोटिल हो गए जिससे उनकी विश्व कप में खेलने को लेकर आशंका बन गई है। यामल ने 40वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया लेकिन इस दौरान वह चोटिल हो गए। जैसे ही उनके साथी खिलाड़ी जश्न मनाने के लिए पहुंचे, वह जमीन पर गिर पड़े और फिर अपने बाएं पैर के पिछले हिस्से को पकड़ते हुए दिखाई दिए। यामल इसके बाद आगे नहीं खेल पाए।